**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 33.0 | 20.0 |
| जमशेदपुर | 33.2 | 17.4 |
| डालटनगंज | 31.6 | 14.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

* *




www.lagatar.in | रविवार 03 मार्च 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 08 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 315 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र






गढ़वा जिला अन्तर्गत नवनिर्मित

**समाहरणालय भवन | बिरसा मुण्डा पार्क | अंतर-राज्यीय बस स्टैण्ड**

**फुटबॉल स्टेडियम | बहुद्देशीय नीलाम्बर-पीताम्बर सांस्कृतिक भवन** का

## भव्य लोकार्पण

मुख्य अतिथि

**श्री चम्पाई सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**के कर कमलों द्वारा**



विशिष्ट अतिथि

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

सम्मानित अतिथि

**श्री विष्णु दयाल राम** — माननीय सांसद, पलामू
**श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी** — माननीय विधायक, विश्रामपुर
**श्री भानुप्रताप शाही** — माननीय विधायक, भवनाथपुर
**श्री आलोक कु. चौरसिया** — माननीय विधायक, डालटनगंज

दिनांक : 3 मार्च 2024 | समय : दोपहर 12:10 बजे से | स्थान : राजकीयकृत +2 गोविन्द हाईस्कूल मैदान, गढ़वा

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

▼ ब्रीफ खबरें

## सीएम चंपाई सोरेन को शिव बारात में शामिल होने का निमंत्रण दिया



**रांची।** सीएम हाउस में पहाड़ी मंदिर शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को 8 मार्च को महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले शिव बारात में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल से शिव बारात के आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली. मौके पर शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति के नंद किशोर सिंह चंदेल, गुलशन मिड्ढा समेत कई सदस्य मौजूद थे.

## पत्रकार सुधीर चौधरी को रांची पुलिस ने भेजा नोटिस



**रांची।** पत्रकार सुधीर चौधरी को रांची पुलिस ने नोटिस भेजा है. रांची के एसटी-एससी थाना में दर्ज मामले को लेकर सुधीर चौधरी को नोटिस भेजा गया है. गौरतलब है कि राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ से जुड़े युवाओं ने बीते सात फरवरी को न्यूज चैनल के एंकर सुधीर चौधरी के खिलाफ एससी एसटी थाना में आवेदन दिया था. राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ ने सुधीर चौधरी पर आदिवासियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप लगाया था. अनुसूचित जनजाति एट्रोसिटी एक्ट 1889 के तहत मामला दर्ज कराया गया है. आवेदन में कहा गया है कि सुधीर चौधरी की टिप्पणी से आदिवासी समाज आहत है.

## कांग्रेस प्रभारी से मिले मदन ने रांची लोस सीट के लिए दावेदारी पेश की



रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर से पार्टी के रांची लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता कदमा गांव कांके निवासी मदन कुमार महतो सर्किट हाउस में मिले. उन्होंने रांची लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाने का आग्रह किया. लोकसभा चुनाव को लेकर सशक्त दावेदारी पेश की. प्रभारी मीर ने मदन कुमार महतो की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना. महतो से प्रभारी ने रांची लोकसभा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली. मदन ने रांची लोकसभा क्षेत्र के सिल्ली, इचागढ़, खिजरी, हटिया, रांची और कांके विस क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी. प्रभारी ने विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के वोटरों, बूथों की स्थिति और जातिगत समीकरणों की भी जानकारी ली. महतो ने बताया कि प्रदेश स्तर से कांग्रेस पार्टी आलाकमान को रांची लोस क्षेत्र के जो प्रत्याशियों की सूची भेजी गई है, उसमें उनका भी नाम है. मुलाकात के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, शहजादा अनवर, महेश कुमार मनीष भी उपस्थित थे.

### रांची जिले में टीपीसी उग्रवादियों ने मचाया उत्पात, मजदूरों को भी पीटा

# उग्रवादियों ने क्रशर में खड़े दो वाहनों को फूंक डाला

संवाददाता। रांची/कांके





उग्रवादियों द्वारा वाहनों में आगजनी मामले की जांच करने पत्थर खदान पहुंचे डीआईजी अनूप बिरथरे.

रांची जिले में टीपीसी उग्रवादियों ने उत्पात मचाया है. शुक्रवार देर रात उग्रवादियों ने पिठोरिया थाना अंतर्गत सांगा गांव स्थित एक क्रशर में खड़ी दो गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया. वाहनों में आगजनी करने से पहले उग्रवादियों ने मौके पर कार्यरत मजदूरों के साथ मारपीट भी की और उनका मोबाइल भी लूट लिया. जानकारी के अनुसार, वारिश अंसारी नाम के व्यक्ति के क्रशर में आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है. इधर सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है और मामले की छानबीन में जुटी हुई है. घटना के बाद आज शनिवार को रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे मामले की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंचे. डीआईजी ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को कई दिशा निर्देश दिये. साथ ही उग्रवादियों के खिलाफ अभियान तेज करने को कहा.

जानकारी के अनुसार, पिठोरिया थाना क्षेत्र के सांगा स्थित वारिश अंसारी के पत्थर खदान पर शुक्रवार रात करीब एक बजे 12 उग्रवादी पहुंचे. आते ही उग्रवादियों ने सभी मजदूरों और कर्मचारियों के मोबाइल फोन जब्त किया. फिर गाड़ियों में आग लगाना शुरू किया. प्लांट में मौजूद डीजी, कांटाघर, लोडर और हाइवा को उग्रवादियों ने आग के हवाले कर दिया. उग्रवादी करीब आधे घंटे तक क्रशर प्लांट में उत्पात मचाते रहे. इस दौरान उग्रवादियों ने मजदूरों की पिटाई भी की. उग्रवादियों ने मजदूरों को धमकी देते हुए यह भी कहा कि जब तक संगठन से बातचीत नहीं होगी, तब तक इस इलाके में कोई काम नहीं कर पाएगा.

**खास बातें**

- मजदूरों का मोबाइल भी लूटकर ले गये उग्रवादी
- जांच करने पत्थर खदान पहुंचे डीआईजी अनूप बिरथरे

# जेएसएससी-पीजीटी परीक्षा 2023 का परीक्षाफल जारी

संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता-2023 के परिणाम जारी कर दिये हैं. आयोग ने रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान के पदों पर मेधा सह विकल्प के आधार पर अनुक्रमांकवार रिजल्ट जारी किये हैं. आयोग शेष विषयों के परीक्षा परिणाम भी जल्द जारी करेगा. छात्र परीक्षा के परिणाम JSSC की अधिकारिक बेवसाइट पर चेक कर सकते हैं.

बता दें कि जेएसएससी ने 18 अगस्त 2023 से 10 सितंबर 2023 तक स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता-2023 आयोजित की थी.

### सीएम चंपाई सोरेन ने परीक्षा में उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थियों को बधाई दी

झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन से सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी है. चंपाई सोरेन ने एक्स पर लिखा कि अपनी लगन एवं कड़ी मेहनत से स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 (जेएसएससी पीजीटी) में उत्तीर्ण हुए सभी अभ्यर्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं. झारखंड की अगली पीढ़ी को शिक्षित बनाने में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी. आइये, साथ मिलकर बेहतर झारखंड बनाते हैं.

### कार्मिक और विभाग तैयार कर रहा सूची

# गृह जिला और लोस क्षेत्र से दूर होगा पदस्थापन

- प्रशासनिक अधिकारी युद्ध स्तर पर चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं

ब्यूरो प्रमुख। रांची



लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 10 मार्च के बाद कभी भी हो सकती है. वहीं प्रशासनिक अधिकारी चुनाव की तैयारी में युद्ध स्तर पर लगे हैं. हालांकि जिन अधिकारियों पर चुनाव कार्यों को संपन्न कराने की जिम्मेवारी होती है, उसमें से कई का तबादला चुनाव आयोग के नये निर्देश पर करना होगा. प्राप्त जानकारी के अनुसार इसकी तैयारी भी विभाग और कार्मिक के स्तर पर की जा रही है. आयोग के नये पत्र के अनुसार सर्किल अफसर रैंक के पुलिस अधिकारी एवं आरओ, एआरओ, डीवाईईओ रैंक के, प्रशासनिक रैंक के पदाधिकारी को एक ही संसदीय क्षेत्र में तबादला नहीं किया जाना है. साथ ही वैसे पदस्थापित पदाधिकारी जिसके लोकसभा क्षेत्र में गृह जिला शामिल है. उनका पदस्थापन दूसरे जिला में करना है.

**इसे इस तरह समझें :** अगर किसी अधिकारी का गृह जिला चतरा है, उनका पदस्थापन हजारीबाग लोकसभा में है. चूंकि हजारीबाग जिला का कुछ बूथ चतरा लोकसभा में भी आता है. इस स्थिति में उस अधिकारी का पदस्थापन लातेहार, हजारीबाग, रामगढ़ में नहीं किया जा सकता है. चूंकि लातेहार जिला चतरा लोकसभा में पड़ता है, वहीं हजारीबाग लोकसभा में रामगढ़, हजारीबाग और चतरा जिला का कुछ हिस्सा आता है. ऐसे में चतरा गृह जिला वाले अधिकारी का पदस्थापन लातेहार, हजारीबाग रामगढ़ में नये निर्देश के अनुसार नहीं किया जा सकता है.

**पदस्थापन किया जाएगा**



सरकार को नया निर्देश भेज दिया गया है. जिन अधिकारियों का गृह जिला लोकसभा क्षेत्र में आता है, वहां से दूसरे स्थानों पर अधिकारियों का पदस्थापित किया जाना है.

**- के रवि कुमार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी**

**10 दिनों में हो सकता है लोकसभा 2024 की तारीखों की घोषणा**

जानकारी के अनुसार 10 मार्च से 15 मार्च के बीच कभी भी लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा हो सकती है. क्योंकि 2019 में चुनाव की घोषणा 10 मार्च को हुई थी. तब देशभर में 11 अप्रैल से 19 मई के बीच 7 चरणों में चुनाव हुए थे. इस बार होली 25 मार्च को है. ऐसे में त्योहार, स्कूल-कॉलेज के बच्चों की परीक्षाएं, किसानों की स्थिति, अफसरों के तबादले, सरकारी अवकाश को देखते हुए चुनाव का ऐलान संभव है. इन सभी गतिविधियों को ध्यान में रखकर मार्च के पहले 10 दिनों में चुनाव आयोग तारीखों की घोषणा कर सकता है.

## मोमिन कांफ्रेंस की नई कार्यकारिणी की बैठक 9 मार्च को रजरप्पा में

**रांची।** प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस की नई कार्यकारिणी समिति की बैठक रजरप्पा चौक गुनगुन पैलेस में 9 मार्च को होगी. इसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली अंसारी करेंगे. कांफ्रेंस के प्रधान महासचिव अब्दुल करीम अंसारी ने कहा कि बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि, संगठन व सदस्यता अभियान पर चर्चा, वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर मोमिन कॉन्फ्रेंस की भूमिका व भावी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी. मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अंसारी, राष्ट्रीय महासचिव सगीर अंसारी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनवर अंसारी, यूथ प्रदेश अध्यक्ष नौशाद आलम, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रेशमा बेगम शामिल होंगी.

# 5 से 8 माह में बदल दिए गए एसपी

**सौरभ सिंह। रांची।** झारखंड के कुछ जिलों में बीते दिनों एसपी बदले गये हैं. लेकिन राज्य के कई ऐसे जिले हैं, जहां पांच से आठ माह के अंदर ही एसपी का तबादला कर दिया गया. इनमें बोकारो, गुमला और देवघर जिला शामिल हैं. इन तीनों जिलों में एसपी का कार्यकाल पांच से आठ महीने तक रहा. हालांकि देवघर में सुभाष चंद्र जाट के बाद से जल्द एसपी के बदलने का सिलसिला रुका है.

**जानें किन जिलों में पांच से आठ माह में बदले गये एसपी**

- 10 सितंबर 2023 को हरविंदर सिंह गुमला एसपी बने थे और उनका छह माह यानी 29 फरवरी 2024 को तबादला कर दिया गया.
- 27 जुलाई 2023 को प्रियदर्शी आलोक बोकारो एसपी बने थे. उनका सात महीने यानी 29 फरवरी 2024 को तबादला कर दिया गया.
- देवघर जिला का भी यही हाल था. यहां 28 अप्रैल 2020 से लेकर छह अप्रैल 2022 तक तीन एसपी का तबादला किया गया.
- सबसे पहले 28 अप्रैल 2020 को पीयूष पांडे को देवघर एसपी बनाया गया. उनका तबादला 12 सितंबर 2020 को हो गया.
- इसके बाद अश्वनी कुमार सिन्हा को देवघर जिला का कमान सौंपा गया. इनका भी तबादला 15 जून 2021 को हो गया.
- फिर धनंजय कुमार सिंह को देवघर एसपी बनाया गया. उनका तबादला 5 अप्रैल 2022 को कर दिया गया.
- इसके बाद सुभाष चंद्र जाट को देवघर जिला का नया एसपी बनाया गया. सुभाष चंद्र जाट ने देवघर एसपी के रूप में अपना 14 महीने का कार्यकाल पूरा किया.
- सुभाष चंद्र जाट के बाद अजीत पीटर डुंगडुंग वर्तमान में देवघर एसपी के पद पर पदस्थापित हैं.

**जनहित के नाम पर बदलते गए**

राज्य के कुछ बड़े जिलों को छोड़ कर ज्यादातर जिलों में एसपी एक साल से लेकर डेढ़ साल तक ही रह पाते हैं. इनका तबादला जनहित के नाम कर दिया जाता है. भले ही उस जिले में पदस्थापित एसपी बेहतर काम कर रहा हो. लेकिन उनका तबादला कर दिया जाता है.

### झारखंड के सारंडा वन क्षेत्र में खनन पट्टे का मामला

# दिल्ली हाईकोर्ट ने आर्सेलर मित्तल की याचिका खारिज की

संवाददाता। रांची/दिल्ली



दिल्ली हाईकोर्ट ने झारखंड के सारंडा वन में खनन पट्टे के लिए दायर आर्सेलर मित्तल इंडिया की याचिका खारिज कर दी. कोर्ट ने कहा कि आर्सेलर मित्तल को मई 2022 में वन मंजूरी देने से भी मदद नहीं मिलेगी, क्योंकि यह 2015 के तहत खनन पट्टा देने की नीलामी प्रणाली में छूट का लाभ उठाने के लिए 11 जनवरी 2017 की कट-ऑफ तारीख के बाद थी. दिल्ली हाईकोर्ट ने हाल ही में आर्सेलर मित्तल इंडिया द्वारा झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम में सारंडा जंगल (करमपाड़ा आरक्षित वन में 500 एकड़) में लौह अयस्क और मैंगनीज अयस्क खनन शुरू करने के लिए खनन पट्टा देने से इनकार को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है.

**आर्सेलर मित्तल आशय पत्र के आधार पर खनन के किसी भी अधिकार का नहीं कर सकता है दावा :** दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस मनमोहन और न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने कहा कि आर्सेलर मित्तल इंडिया केवल 2008 में अपने पक्ष में जारी किये गये आशय पत्र के आधार पर खनन के किसी भी अधिकार का दावा नहीं कर सकता है, जब उसे समय के भीतर अनिवार्य पर्यावरण और वन मंजूरी नहीं दी गयी थी. हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि केवल केंद्र सरकार और झारखंड सरकार द्वारा वन या पर्यावरण मंजूरी आवेदनों को संसाधित करने में कथित देरी के कारण स्टील दिग्गज को कोई अधिकार नहीं मिलेगा. आर्सेलर मित्तल ने खनन पट्टे के लिए वर्ष 2007 में आवेदन किया था और 2015 के संशोधन अधिनियम से पहले उसे आशय पत्र (2008 में) दिया गया था. लेकिन उसे 11 जनवरी, 2017 की कट-ऑफ तारीख तक वन या पर्यावरण मंजूरी नहीं दी गयी थी.

# जेपीएससी परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई

संवाददाता। रांची

जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी गयी है. अब योग्य अभ्यर्थी 3 मार्च शाम पांच बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे. पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 फरवरी थी. परीक्षा शुल्क भुगतान की तिथि भी तीन मार्च कर दी गयी है. वहीं प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) का डेट भी फाइनल कर दिया गया है. विभिन्न केंद्रों पर 17 मार्च को पीटी की परीक्षा ली जाएगी. अनारक्षित श्रेणी, ईडब्ल्यूएस, ईबीसी और ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों को 100 रुपए शुल्क देना होगा.

### उम्मीदवार के पास बीए की डिग्री अनिवार्य

बता दें कि जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा में आवेदन करने के लिए उम्मीदवार के पास स्नातक की डिग्री होनी चाहिए. आयु सीमा अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए 21 से 35 साल, ईबीसी/बीसी के लिए 21 से 37 साल, एससी/एसटी के लिए 21 से 40 साल, पीडब्ल्यूडी /एक्स सर्विसमेन के लिए 21 से 45 साल और महिला उम्मीवारों के लिए 21 से 38 साल निर्धारित है.

# युवा देश की रीढ़ होते हैं : संजय सेठ

संवाददाता। रांची



नेहरू युवा केंद्र और साईं नाथ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन हुआ. इसमें विवेकानंद यूथ क्वेक फाउंडेशन का सहयोग रहा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि युवा देश की रीढ़ होते हैं, इसलिए युवाओं को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए. देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है, इसलिए युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ना होगा.

साईं नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसपी अग्रवाल ने कहा कि युवाओं में नेतृत्व के गुणों का विकास करना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सकें व राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में योगदान कर सकें. भारत युवाओं का देश है और युवा देश की ताकत हैं. विशिष्ट अतिथि के तौर पर सरला बिरसा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक के अलावा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. एसपी सिंह, नेहरु युवा केंद्र के उप निदेशक सर्वेंद्र प्रताप सिंह, रांची विवि के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अमर कुमार चौधरी और गौरव अग्रवाल शामिल रहे.

**खास बातें**

- युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ना होगा
- युवाओं में नेतृत्व के गुणों का विकास करना होगा

**मौसम** कई जगहों पर वज्रपात-ओलावृष्टि की संभावना

# आज से झारखंड में बदलेगा मौसम का मिजाज

संवाददाता। रांची

झारखंड में रविवार से मौसम का मिजाज बदलने वाला है. 3 और 4 मार्च को कई जगहों पर बारिश के साथ वज्रपात-ओलावृष्टि की संभावना है. मौसम विभाग की मानें तो 3 मार्च को राज्य के पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं के साथ वज्रपात होने की संभावना है. इस दौरान गढ़वा, पलामू और लातेहार जिलों में कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है. वहीं 4 मार्च को राज्य के पश्चिमी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं के साथ वज्रपात हो सकती है.

**खास बातें**

- बारिश के साथ वज्रपात-ओलावृष्टि की संभावना
- मौसम विभाग ने यलो अलर्ट किया जारी

### अगले 3 दिनों में अधिकतम तापमान में होगी वृद्धि

मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2-3 की वृद्धि हो सकती है. इसके बाद अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान भी 4 तक बढ़ सकती है. इस दौरान राजधानी में आंशिक बादल छाये रहेंगे. वहीं मेघ गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा की संभावना है. इस दौरान अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम तापमान 16 रहने की संभावना है.

**झारखंड का तापमान**

| जिला | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान | जिला | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|---|---|---|
| रांची | 28.8 | 14.7 | देवघर | 30.5 | 13.5 |
| जमशेदपुर | 32.4 | 17.4 | गिरिडीह | 29.3 | 14.7 |
| डालटनगंज | 31.7 | 14.5 | गढ़वा | 30.7 | 13.5 |
| बोकारो थर्मल | 33.1 | 14.1 | लोहरदगा | 28.9 | 12.9 |
| चाईबासा | 32.8 | 17.6 | गोड्डा | 30.4 | 12.9 |

CLASSIFIED
















EDUCATION TO-LET BUSINESS REAL ESTATE RECRUITMENT MATRIMONY & Many More
Book your CLASSIFIED ADS IN हिन्दी दैनिक शुभम संदेश एक राज्य-एक अखबार
Contact : 9835511272, 9905709361, 9546277001, 7004715743

रांची का तापमान
29.2° अधिकतम | 14.7° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in

रविवार 03 मार्च 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 08 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 315

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# आ गई भाजपा की पहली लिस्ट, 195 में 34 मंत्री, काशी से लड़ेंगे पीएम मोदी

सत्य शरण मिश्रा। रांची

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर भाजपा की ओर से शनिवार को उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी गयी. इस पहली लिस्ट में कुल 195 कैंडिडेट्स के नामों की घोषणा की गई है. इस लिस्ट में 34 मौजूदा मंत्रियों को भी टिकट दिया गया है. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे.

भाजपा ने पीएम मोदी को तीसरी बार वाराणसी से चुनावी मैदान में उतारने का निर्णय लिया है. पीएम मोदी के अलावा 34 केंद्रीय मंत्रियों और राज्यमंत्रियों के नामों की घोषणा की गई है. इसके अलावा लोकसभा स्पीकर और दो पूर्व सीएम के नाम भी पहली लिस्ट में शामिल किए गए हैं. भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद तावड़े ने शनिवार की शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि बीते एक दशक से निरंतरता के साथ विकास के लिए समर्पित सरकार ने सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास के मंत्र के साथ प्रस्तुत किया है. उन्होंने बताया कि कुल 18 राज्यों की 195 सीटों पर नामों का ऐलान किया गया है. 29 फरवरी को केंद्रीय चुनाव समिति में 16 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेश में 195 सीट का निर्णय लिया गया था.

बात झारखंड की करें तो भाजपा ने यहां की 11 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. इन 11 सीटों में 2 सिटिंग सांसदों का टिकट कट चुका है. लोहरदगा से सुदर्शन भगत का टिकट काटकर रास सांसद समीर उरांव को टिकट दिया गया है. वहीं हजारीबाग से सांसद जयंत सिन्हा का टिकट काट कर हजारीबाग सदर के विधायक मनीष जायसवाल को दिया गया है. हालांकि प्रत्याशियों की लिस्ट जारी होने के कुछ घंटे पहले ही जयंत सिन्हा ने सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया था.

## भाजपा ने झारखंड के 2 सिटिंग सांसदों का टिकट काटा , 11 सीटों पर नामों का ऐलान

- हजारीबाग से जयंत सिन्हा का टिकट काट कर विधायक मनीष जायसवाल को दिया गया
- लोहरदगा से सुदर्शन भगत का कटा टिकट, राज्यसभा सांसद समीर उरांव होंगे प्रत्याशी



### पार्टी ने 7 सिटिंग सांसदों पर ही जताया भरोसा

भाजपा ने पहली लिस्ट में झारखंड के 7 सिटिंग सांसदों पर एक बार फिर भरोसा जताया है. रांची, पलामू, गोड्डा, कोडरमा, दुमका, जमशेदपुर और खूंटी के सांसदों को एक बार फिर टिकट मिला है. वहीं राजमहल और सिंहभूम लोकसभा सीट में पार्टी ने नए प्रत्याशी उतारे हैं. कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुईं सिंहभूम की सिटिंग सांसद गीता कोड़ा को भाजपा ने सिंहभूम से टिकट दिया है. वहीं आजसू से वापस भाजपा में लौटे बोरियो के पूर्व विधायक ताला मरांडी को राजमहल लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है.

| लोकसभा | किसे मिला टिकट |
|---|---|
| राजमहल | ताला मरांडी |
| दुमका | सुनील सोरेन |
| गोड्डा | निशिकांत दुबे |
| कोडरमा | अन्नपूर्णा देवी |
| रांची | संजय सेठ |
| जमशेदपुर | विद्युतवरण महतो |
| सिंहभूम | गीता कोड़ा |
| खूंटी | अर्जुन मुंडा |
| लोहरदगा | समीर उरांव |
| पलामू | विष्णु दयाल राम |
| हजारीबाग | मनीष जायसवाल |

### धनबाद, गिरडीह व चतरा के नामों की घोषणा बाद में

झारखंड में लोस की कुल 14 सीटें हैं. भाजपा ने पहली लिस्ट में 11 सीटों के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की है. अब सिर्फ तीन सीटें धनबाद, चतरा और गिरिडीह बची हैं. धनबाद में पीएन सिंह भाजपा के सिटिंग सांसद हैं, जबकि चतरा से सुनील सिंह सांसद हैं. गिरिडीह में एनडीए गठबंधन के तहत आजसू पार्टी के पास है. यहां से आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी सिटिंग सांसद हैं.

### पहली लिस्ट में 28 महिलाओं को मिला टिकट

भाजपा ने पहली लिस्ट में 28 महिला कैंडिडेंट्स को भी टिकट दिया है. वहीं 47 युवा उम्मीदवारों को भी चुनावी मैदान में उतारा है. कुल 195 सीटों में से 27 एससी, 18 एसटी, 57 ओबीसी कैंडिडेट हैं.

### इन राज्यों की इतनी सीटों पर उतारे प्रत्याशी

पार्टी की ओर से पहली लिस्ट में यूपी की 80 में से 51 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया है. वहीं, पश्चिम बंगाल की 26, मध्य प्रदेश की 24, राजस्थान की 15, केरल की 12, तेलंगाना की 9, असम की 11, गुजरात की 15, झारखंड की 11, दिल्ली की 5, जम्मू कश्मीर की 2, उत्तराखंड की 3 सीट के अलावा छत्तीसगढ़, गोवा, अंडमान और दमन दीव की 1-1 सीटों पर भी नामों का ऐलान किया है. (सभी 195 प्रत्याशियों की सूची पेज 11 पर देखें)

## ब्रीफ खबरें

### तस्वीरों से अपराधी को पकड़ना आसान होगा

**मैसुरु/बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बेंगलुरु के एक लोकप्रिय रेस्तरां द रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट के मद्देनजर शनिवार को कहा कि इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधी की गतिविधियां कैमरों में दर्ज हो गई हैं, जिनकी मदद से उसे पकड़ना आसान होगा.

### मौत के मामले में विवि के कुलपति निलंबित

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वायनाड में केरल पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के एक छात्र की हाल में हुई मौत के संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एम आर शशींद्रन को शनिवार को निलंबित कर दिया.

### सुरक्षा एजेंसियों ने कराची जा रही खेप जब्त की

**मुंबई।** भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने चीन से कराची जा रहे जहाज को इस संदेह में मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह पर रोक दिया कि इसमें दोहरे उपयोग वाली खेप थी जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए किया जा सकता था.

### शहबाज का फिर पाक का पीएम बनना तय

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के शीर्ष नेता शहबाज शरीफ का चुनावों में धांधली के आरोपों और लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था के बीच रविवार को देश का 33वां पीएम बनना तय है.

### राष्ट्रपतियों को कानून से छूट मिलनी चाहिए?

**लंदन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट एक अभूतपूर्व मामले की सुनवाई के लिए सहमत हो गया है जिससे 2024 के चुनाव में बवाल मचना तय है. यह मामला पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से संबंधित है, और विशेष रूप से क्या पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को उनके खिलाफ नागरिक और आपराधिक आरोपों का जवाब देना होगा या नहीं.

## विधानसभा : दुमका गैंगरेप और पीएम मोदी के बयान पर सदन में हंगामा

# भिड़ा सत्तापक्ष व विपक्ष

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का शुक्रवार को समापन हो गया. इससे पहले 4 दिनों तक शांतिपूर्ण सदन चला, लेकिन पांचवें दिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा शुरू हो गया. हंगामे के कारण पहली पाली में स्पीकर को दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी. 11.08 में जैसे ही स्पीकर रवींद्रनाथ महतो सदन में पहुंचे. विपक्ष के सदस्य अपनी सीट पर खड़े होकर दुमका में स्पेन की महिला पर्यटक के साथ हुए गैंगरेप के मामले को लेकर विरोध करने लगे. गोड्डा से भाजपा विधायक अमित मंडल ने दुमका के पुलिस अधीक्षक को निलंबित करने की मांग की. उन्होंने कहा, इस घटना ने न केवल झारखंड को बल्कि पूरे देश को शर्मिंदा किया है.

पुलिस अधीक्षक और हंसडीहा पुलिस थाने के प्रभारी मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं. दोषियों को राजनीतिक संरक्षण दिया जा रहा है. मैं एक जांच समिति गठित करने और अपराध में शामिल लोगों के लिए कठोरतम सजा सुनिश्चित करने की मांग करता हूं. इसी दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों ने शुक्रवार को धनबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिये भाषण का विरोध शुरू कर दिया. शून्य काल के लिए सदन की बैठक शुरू होने पर, विधानसभा में विपक्ष के नेता अमर बाउरी ने सामूहिक बलात्कार का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा, देश ही नहीं, विदेश में भी झारखंड की बदनामी हो रही है. राज्य यौन उत्पीड़न की घटनाओं के कारण पहले से बदनाम है. घटना के विरोध में भाजपा विधायक भी अध्यक्ष के आसन के करीब पहुंच गए. विधायक उमाशंकर अकेला और इरफान अंसारी वेल में आ गये. विपक्ष के भी विधायक वेल में पहुंच गये. काफी तनातनी के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही स्थगित कर दी.

### पहली पाली में 10 मिनट भी नहीं चल पाई विधानसभा की कार्यवाही





### पंचायत स्तर के नेता की तरह झारखंड को गाली देकर चले गये पीएम : प्रदीप

विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जबरदस्ती जेल में बंद कर रखा है. कहा कि कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धनबाद आये थे. वे वहां पंचायत स्तर के नेता की तरह झारखंड के लोगों को गाली देकर चले गये. सदन में इसपर विशेष चर्चा होनी चाहिए.उन्होंने कहा, केंद्र सरकार सीबीआई और ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के माध्यम से गैर-भाजपा सरकारों को डरा रही है. हेमंत सोरेन (पूर्व मुख्यमंत्री) को जेल में डाल दिया गया है. जम्मू-कश्मीर के एक पूर्व राज्यपाल ने जब केंद्र के खिलाफ आवाज उठाई तो उन्हें सीबीआई ने समन जारी किया. मैं इस मुद्दे पर विशेष चर्चा कराने की मांग करता हूं. इसके बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक हंगामा करते हुए वेल में पहुंच गये. हंगामा बढ़ता देख स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया.

### राजनीति की गिरती गरिमा पर सदन में हो विशेष चर्चा : सुदिव्य

12.04 में दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू हुई. स्पीकर ने शून्यकाल की सूचनाएं लेने की कोशिश की, लेकिन हंगामे के कारण शून्यकाल भी नहीं चल पाया. झामुमो विधायक सुदिव्य सोनू ने प्रदीप यादव के उठाये मामले का समर्थन करते हुए कहा कि देश में राजनीति की गिरती गरिमा पर इस सदन में विशेष चर्चा होनी चाहिए. इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक वेल में दोबारा पहुंच गये और हंगामा शुरू हो गया. स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी.

## दुमका : स्पेन की महिला से गैंगरेप, 3 गिरफ्तार

संवाददाता। रांची/दुमका

दुमका जिले में स्पेन की एक महिला से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है. पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस घटना के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है. घटना की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है. यह घटना राज्य की राजधानी रांची से करीब 300 किमी दूर हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट में शुक्रवार रात तब हुई जब स्पेन का एक पर्यटक जोड़ा एक अस्थायी टेंट में रात्रि विश्राम कर रहा था. यह युगल दुपहिया वाहन से बांग्लादेश से दुमका पहुंचा और वह बिहार से होते हुए नेपाल जाना चाहता था. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, मामले की जांच की जा रही है और फॉरेंसिक दलों ने घटनास्थल का दौरा किया है. इस घटना के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी आरोपियों को पकड़ने के लिए एक तलाश अभियान शुरू किया गया है.

**पीड़िता का चल रहा अस्पताल में इलाज जांच के लिए एसआईटी का गठन**

**बांग्लादेश से लौट कर बाइक से नेपाल की तरफ जा रहे थे विदेशी दंपती, हंसडीहा के आसपास हुई वारदात**

उन्होंने कहा, एक एसआईटी का गठन किया गया है और सभी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी. अधिकारी ने बताया कि पीड़िता को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

दुमका के एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे हंसडीहा पुलिस गश्त दल को सड़क किनारे दो लोग मिले. उन्होंने बताया, गश्ती दल ने यह भांप लिया कि उनके साथ कुछ हुआ है. चूंकि वे स्पेनिश भाषा बोल रहे थे तो पुलिस समझ नहीं पायी कि वे क्या कह रहे हैं. हालांकि, पुलिसकर्मी उन्हें यह मानकर एक स्थानीय अस्पताल लेकर गए कि उन्हें कुछ इलाज की जरूरत है. उन्होंने कहा कि स्पेनिश युगल ने डॉक्टरों को यौन शोषण की घटना के बारे में बताया. पुलिस अधिकारी ने कहा, हमें देर रात करीब डेढ़ बजे घटना के बारे में सूचित किया गया. सूचना मिलने के तुरंत बाद जांच शुरू की गयी. हमने पीड़िता से बात की. इसके बार हमने कुछ लोगों को हिरासत में लिया और पूछताछ के दौरान उन्होंने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है. आरोपियों ने कुछ और नाम भी लिए. अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है. हम इस संबंध में एक फॉरेंसिक दल और सीआईडी की मदद भी ले रहे हैं. दुमका के सिविल सर्जन बच्चा प्रसाद सिंह ने बताया कि करीब 28 साल की महिला और उसके 64 वर्षीय पति का इलाज दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में किया जा रहा था. अधिकारी ने कहा कि वे पुलिस सुरक्षा के साथ लगभग 60 किमी की दूरी तय करके सरैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मोटरसाइकिल पर पहुंचे थे. सिविल सर्जन ने कहा, दोनों खतरे से बाहर हैं और अस्पताल में इलाज किया जा रहा है.

## राजद से सोनिया तक, बिहार में मोदी ने विपक्ष को लपेटा, बोले-

# परिवारवादी हैं हताश



संवाददाता। पटना

शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने बिहार के औरंगाबाद व बेगूसराय में दो रैलियों को संबोधित किया. उन्होंने इस दौरान विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं पर एक-एक कर के हमला बोला. उन्होंने कहा- हम काम की शुरुआत भी करते हैं और काम पूरा भी करते हैं, यही मोदी की गारंटी है. कांग्रेस की सोनिया गांधी व राजद के तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, अब ये लोग लोस का चुनाव नहीं लड़ना चाहते. ये लोग राज्यसभा की सीट खोज रहे. यह जनता की ताकत है. मोदी आपकी इस मजबूती का स्वागत करता है. पीएम के मुताबिक, एनडीए की शक्ति बढ़ने के बाद बिहार में परिवारवादी राजनीति हाशिए पर जाने लगी है. परिवारवादी राजनीति की एक और विडंबना है. मां-बाप से विरासत में पार्टी और कुर्सी तो मिल जाती है, लेकिन मां-बाप की सरकारों के काम का जिक्र करने की हिम्मत नहीं पड़ती. आज बिहार की धरती पर मेरा आना कई मायनों में खास है. -शेष पेज 11 पर

### अब आप ही के साथ रहेंगे इधर-उधर नहीं जाएंगे

पीएम मोदी के साथ मंच पर सीएम नीतीश कुमार भी मौजूद रहे. उन्होंने अपने भाषण में कुछ ऐसा कहा कि मोदी ठहाके लगाकर हंसने लगे. नीतीश ने कहा,आप पहले भी यहां आए लेकिन हम गायब थे लेकिन अब आश्वस्त करते हैं कि इधर-उधर होने वाले नहीं हैं. बहुत सारा काम जो चल रहा है, वो ये तेजी से कराएंगे, मोदी हंसने लगे. नीतीश ने फिर कहा, आप जो आए हैं यहां, इसका हमलोगों को बहुत खुशी हुई, आप पहले आए थे और इधर हम गायब हो गए थे. हम आश्वस्त करते हैं कि अब इधर-उधर होनेवाले नहीं हैं. हम रहेंगे आप ही के साथ.



**जामनगर।** पूर्व क्रिकेटर एम एस धौनी और उनकी पत्नी साक्षी जामनगर में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग पार्टी में शामिल हुए। **(पीटीआई फोटो)**

## सावधान ! पोर्टब्लेयर खंडपीठ ने कहा- हमारा समाज इस बात की इजाजत नहीं देता

# किसी महिला को कहा 'डार्लिंग' तो जाना पड़ेगा जेल

एजेंसी। कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा है कि अगर किसी शख्स ने किसी अनजान महिला को डार्लिंग कहा, तो उसे यौन उत्पीड़न का गुनहगार माना जाएगा और भारतीय दंड संहिता की धारा 354ए के तहत उसे जेल जाना पड़ सकता है. और जुर्माना भी भरना पड़ सकता है. हाईकोर्ट की पोर्ट ब्लेयर पीठ की जज जस्टिस जय सेनगुप्ता नेकहा कि भले ही आरोपी ने शराब पी रखी हो या किसी भी स्थिति में हो, अगर उसने किसी अनजान महिला को डार्लिंग कहा है, तो उसे सेक्सुअल हैरेसमेंट का दोषी माना जाएगा. इसके साथ ही जस्टिस सेनगुप्ता नेअपीलकर्ता आरोपी जनक राम की सजा को बरकरार रखी, जिसने नशे की हालत में पकड़े जाने के बाद एक महिला पुलिस अधिकारी (शिकायतकर्ता) से कहा था, क्या डार्लिंग चालान करने आई हो क्या?

### ये यौन उत्पीड़न है



बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस सेनगुप्ता ने धारा 354ए (एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना) का उल्लेख करते हुए कहा कि आरोपी की महिला पुलिस अधिकारी पर की गई टिप्पणी यौन टिप्पणियों के दायरे में आती है और यह प्रावधान दोषी को सजा का हकदार बनाता है. उन्होंने कहा, सड़क पर किसी अनजान महिला को, चाहे वह पुलिस कांस्टेबल ही क्यों ना हो किसी शख्स द्वारा डार्लिंग कह कर संबोधित नहीं किया जा सकता है. जस्टिस सेनगुप्ता ने कहा कि कोई भी शख्स भले ही शराब के नशे में हो या ना हो वह किसी भी अनजान महिला को ''डार्लिंग'' शब्द से संबोधित नहीं कर सकता है और अगर उसने ऐसा किया है तो स्पष्ट रूप से यह अपमानजनक है और उसके शब्द मूल रूप से एक यौन टिप्पणी है.

### ऐसे में अपराध और भी गंभीर

अदालत में आरोपी ने दावा किया था कि इस बात के कोई सबूत नहीं हैं कि वह टिप्पणी के वक्त नशे में था. इस पर हाईकोर्ट ने कहा, अगर आरोपी ने यह शांत अवस्था में रहते हुए महिला अफसर पर टिप्पणी की है, तो अपराध और गंभीर हो जाता है. जस्टिस सेनगुप्ता ने कहा कि हमारा समाज इस बात की इजाजत नहीं देता कि आप किसी भी अनजान महिला को सड़क पर चलते हुए डार्लिंग कहें. बता दें कि सेक्सुअल हैरेसमेंट केस में दोषी को पांच साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों हो सकता है.

## कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पहुंची मध्य प्रदेश, बोले राहुल गांधी

# केंद्र में आने पर कांग्रेस किसानों को एमएसपी देगी

एजेंसी। मुरैना (एमपी)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दोहराया कि केंद्र की सत्ता में आने पर उनकी पार्टी किसानों को कानूनी तौर पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रदान करेगी. राहुल भारत जोड़ो न्याय यात्रा के राजस्थान से मध्य प्रदेश में प्रवेश करने के बाद मुरैना में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे.राहुल ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 10 से 15 उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ रुपए के ऋण माफ कर दिए, लेकिन किसानों को एमएसपी (कानूनी रूप से) देने से इनकार कर दिया. पंजाब और हरियाणा में किसान संगठन वर्तमान में फसलों के लिए कानूनी रूप से गारंटीकृत एमएसपी के लिए आंदोलन कर रहे हैं. राहुल ने दावा किया कि अन्य पिछड़ा वर्ग, दलित और आदिवासियों सहित देश के 73 प्रतिशत लोगों का सरकार और विभिन्न अन्य क्षेत्रों में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है और जातिगत जनगणना उनके लिए न्याय सुनिश्चित करेगी. कांग्रेस नेता ने कहा कि जातिगत जनगणना विभिन्न क्षेत्रों में इन समुदायों की समान भागीदारी सुनिश्चित करेगी.



### आर्थिक विकास में भाजपा बहुत पीछे

इससे पहले राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर अर्थव्यवस्था के लिए स्पीड ब्रेकर होने का आरोप लगाया और कहा कि आर्थिक विकास के मामले में भाजपा की सरकार कांग्रेस के सामने कहीं नहीं ठहरती. उन्होंने केंद्र सरकार पर उस वक्त निशाना साधा है जब भारत की आर्थिक वृद्धि 2023-24 की तीसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत तक पहुंच गई. इसका मुख्य कारण विनिर्माण, खनन और उत्खनन एवं निर्माण क्षेत्रों द्वारा अच्छा प्रदर्शन बताया जा रहा है. राहुल ने एक्स पर पोस्ट किया, यूपीए सरकार में तेज़ी से आगे बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था के लिए मोदी स्पीड ब्रेकर बन गए हैं. कांग्रेस ने गरीबों को मज़बूत कर विकास को गति दी, वहीं मोदी चंद मित्रों के फायदे के लिए देश को खोखला कर रहे हैं. वहीं कांग्रेस के जयराम रमेश ने राहुल के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए आरोप लगाया, जब पूंजीपति मित्रों को मदद करने की बात आती है तो मोदी कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं. पीएम मोदी ने पूरा राजनीतिक करियर अपने अरबपति मित्रों की मदद करने में बिताया है.


### संयुक्त फोरम की बैठक संपन्न ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन ने दिया प्रधानमंत्री को पत्र

# पुरानी पेंशन की मांग, एक मई से रेलवे में हड़ताल

संवाददाता । धनबाद

पुरानी पेंशन की मांग को लेकर एक मई से रेलवे में हड़ताल होने की आशंका है. ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन ने इस संबंध में प्रधानमंत्री को पत्र दिया है. राष्ट्रव्यापी हड़ताल के लिए यूनियन की ओर से 19 मार्च को नोटिस दी जाएगी. पुरानी पेंशन बहाल को लेकर संयुक्त फोरम की बैठक हुई. इस बैठक में पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर 2023 में पूरे वर्ष केन्द्र व राज्य सरकार के कर्मचारियों के श्रमिक संगठनों की ओर से किए गए धरना-प्रदर्शन, रैली व विभिन्न उच्च स्तरीय वार्ता और पत्राचार के बाद भी केन्द्र सरकार द्वारा अबतक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर आगे के आंदोलन की रूपरेखा पर फोरम के सदस्यों ने गहन विचार किया। ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा हैं.

उक्त फोरम ने अपनी एकमात्र मांग पुरानी पेंशन बहाली पर सरकार की तरफ से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर आक्रोश प्रकट किया। सर्वसम्मति से एक मई 2024 को मजदूर दिवस के दिन से राष्ट्रव्यापी रेल का चक्का जाम हड़ताल करने का निर्णय लिया गया. उक्त जानकारी देते हुए ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा ने बताया कि इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल में रेलवे, पोस्टल, डिफेंस आदि 36 लाख केन्द्रीय कर्मचारी और राज्यों के अराजपत्रित एवं शिक्षक संघ के करीब 14 लाख कर्मचारी शामिल होंगे. समय रहते मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार हड़ताल से छह सप्ताह पहले 19 मार्च को केन्द्र सरकार को नोटिस दे दी जाएगी. हड़ताल के दौरान एक मई की सुबह से रेल का परिचालन रोक दिया जाएगा और अन्य सभी केन्द्रीय और राज्य सरकार के कार्य स्थलों पर कामकाज ठप कर दिया जाएगा.




**खास बातें**

- राष्ट्रव्यापी हड़ताल के लिए 19 मार्च को देंगे नोटिस
- हड़ताल के दौरान रेलवे का परिचालन रोक दिया जाएगा

# बच्ची के हत्यारों की खोज में स्वान दस्ते की मदद, एक हिरासत में

संवाददाता । धनबाद



तोपचांची के रंगाडीह गांव निवासी गुजर महतो की 2 साल की बेटी लक्ष्मी कुमारी की हत्या मामले में पुलिस ने नैरो गांव के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है. उससे पूछताछ की जा रही है. इस बीच पुलिस ने हत्यारों का पता लगाने के लिए शनिवार को स्वान दस्ते की मदद ली. बोकारो से खोजी कुत्ता मंगवाकर जांच-पड़ताल की गई.

खोजी कुत्ता घटनास्थल से करीब 2 किलोमीटर दूर बरडार के एक मकान तक गया. इधर, पुलिस ने घटनास्थल के पास बंद पड़े ईंट भट्ठे से खून से लथपथ प्लास्टिक का बोरा, बच्चे के बाल, कपड़े व अन्य चीजें बरामद की है. बच्ची के बाल घटनास्थल के पास गिरे हुए थे. इससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि बच्ची की हत्या करने से पहले उसका सिर मुड़वाया गया. कुछ ग्रामीणों का अंदेशा कि बुरी शक्तियों को पाने के लिए बच्ची की कहीं बलि तो नहीं दी गई. इधर, पुलिस ने बच्ची का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया. तोपचांची थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि पुलिस अनुसंधान में जुटी है. हत्यारों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा. ज्ञात हो कि लापता बच्ची का क्षत्त-विक्षत शव 13 दिन बाद शुक्रवार को राजगंज थाना क्षेत्र के बरडार स्थित नाला के पास से बरामद किया गया था.

## ब्रीफ खबरें

### 5 को धनबाद से अयोध्या के लिए आस्था स्पेशल

**धनबाद।** धनबाद से अयोध्या के लिए पांच मार्च को आस्था स्पेशल ट्रेन खुलेगी. इसके लिए पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर ने 20 यात्री कोच के साथ दो एलएसआर के साथ चलने वाली आस्था स्पेशल ट्रेन को ग्रीन सिंगल दे दी है. यह स्पेशल ट्रेन पांच मार्च को शाम 05:50 बजे धनबाद से रवाना होगी, जो गोमो-गया-पंडित दीनदयाल उपाध्याय होकर जाएगी. ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट को देखते हुए स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है. बुकिंग के लिए मारी-मारी हो रही है. अधिकतर सीटें फुल हो चुकी है. गिने-चुने सीटों के लिए बुकिंग तेजी से हो रही है.

### अबुआ आवास निर्माण कार्य का शिलान्यास

**महुदा।** काण्ड्रा पंचायत के हाड़ी टोला , मिश्रा टोला में अबुआ आवास निर्माण कार्य का मुखिया प्रतिनिधि धनेश्वर महतो और पंचायत समिति सदस्य सुभाष चन्द्र महतो द्वारा छह लाभुक जितनी देवी,लुबिया देवी, मंजू देवी,चिंता देवी,राधा हाड़ी,पुष्पा देवी की जमीन पर अबुआ आवास निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. साथ में जेई शिव कुमार दास ने नक्शा बनाकर लाभुकों को तीन कमरा, एक बरामदा और एक किचन के लिए चुने से दाग देकर ले आउट किया गया. अबुआ आवास बनाने के लिए कुल दो लाख रुपये किस्त बाइज लाभुकों के बैंक खाते में राशि उपलब्ध कराया जाएगा.

### विद्या मंदिर के दूसरे यूनिट का शुभारंभ

**मैथन।** चिरकुंडा क्षेत्र के जूनकुंदर बाजार के समीप अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर के दूसरे यूनिट का शुभारंभ शनिवार को किया गया. मौके पर स्कूल प्रबंधकीय कमेटी के सचिव नीलय गाढयान ने बताया कि सरस्वती विद्या मंदिर चिरकुंडा में पूर्व से ही संचालित है. इस बार कमेटी द्वारा एक नया प्रयोग करते हुए विद्यालय से दूर एक किड्स स्कूल का शुभारंभ जूनकुंदर फाटक स्थित बाजार के समीप किया गया है. जहां छोटे बच्चों को क्लास नर्सरी से 2 तक की पढ़ाई प्रारंभ की जाएगी.

### पप्पू भाजपा विस्थापित प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

**धनबाद ।** तेतुलमारी निवासी पप्पू सिंह को भारतीय जनता पार्टी के विस्थापित प्रकोष्ठ का धनबाद जिला ( ग्रामीण ) संयोजक बनाया गया है. वहीं धनबाद महानगर का संयोजक बालमुकुंद राम को बनाया गया है. बोकारो जिला के राम नरेश प्रसाद, गिरिडीह के अशोक कुमार सिंह एवं रांची के जिला संयोजक जय प्रकाश साहू को बनाया गया है. शनिवार को प्रदेश संयोजक पंकज शाहदेव ने पत्र जारी कर इसकी घोषणा की.

### कदम-कदम पर लटके हैं अग्निशामक सिलेडेंर, किसी का नहीं हुआ इस्तेमाल

# 600 बेड वाले एसएनएमएमसीएच में फायर फाइटिंग हो गई फेल

संवाददाता । धनबाद

600 बेड वाले एसएनएमएमसीएच में फायर फाइटिंग सिस्टम पूरी तरह से फेल है. ओपीडी हो या फिर इनडोर. चार मंजिला अस्पताल में कदम-कदम पर आग बुझाने वाले अग्निशामक सिलेडेंर लटके पड़े हैं, लेकिन शुक्रवार की रात आग लगने पर किसी भी यंत्र का प्रयोग नहीं किया गया. आग बुझाने में किसी भी यंत्र का इस्तेमाल नहीं हुआ. जबकि अस्पताल में चिकित्सक, नर्स, वार्ड बॉय, स्वास्थ्य कर्मियों की पूरी फौज है. जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात लगभग दस बजे अस्पताल के डायलिसिस वार्ड के गोदाम व आरओ प्लांट में आग लगी तो सभी के सभी लोग भाग खड़े हुए. चार मंजिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों में भर्ती लगभग 400 मरीजों को उनके हाल पर छोड़ दिया. आग ने भीषण रूप लिया और उससे निकलने वाली धुआं के चारों ओर फैलने से भर्ती मरीजों के बीच दहशत फैल गई. मरीज व उनके परिजन देखते ही देखते भागने लगे. जिसे जो रास्ता मिला, वहीं से भाग निकला. सभी मरीज व उनके परिजन भागकर अस्पताल के बाहर मैदान में पहुंच गए. जहां चिकित्सक, नर्स व वार्ड बॉय डायलिसिस वार्ड के गोदाम व प्लांट में लगी आग को तमाशा की तरह देख रहे थे. किसी ने भी मरीजों पर तरस नहीं खाया. मरीजों का कहना था कि चिकित्सक व नर्स मरीजों का सही से इलाज तक नहीं करते, वे क्या मुसीबत में मदद करेंगे. मरीजों को अस्पताल से सुरक्षित निकालने के लिए एक कदम भी आगे नहीं आए. मरीज व उनके परिजन साहस नहीं दिखाए होते से दर्जनों मरीजों की जान जा सकती थी.





**हैंडिल करनेवाला कोई नहीं :** जानकारों का कहना है कि पुरानी भवन 21 साल पहले बनी थी. हाल के दिनों में कोरोना काल के समय बनी कैथलैब, सुपर स्पेशियलिटी, सेंट्रल इमरजेंसी में फायर फाइटिंग की व्यवस्था है, लेकिन उसे हैंडिल करनेवाला कोई नहीं है. एक-दो स्वास्थ्य कर्मियों को कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च कर फायर फाइटिंग की व्यवस्था कर दी गई. जबकि एक बार भी फायर फाइटिंग लगाने वाले एजेंसी की ओर से किसी भी कर्मी को ट्रेनिंग नहीं दी गई. आग लगने पर फायर फाइटिंग का कर्मी कैसे इस्तेमाल करेंगे. प्रबंधन की ओर से भी इसे कभी भी गंभीरता से नहीं लिया गया.

### लाखों की संपत्ति हो गई राख, डायलिसिस शुरू होने में लगेंगे चार दिन

अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि डायलिसिस वार्ड के गोदाम व आरओ प्लांट में आग लगने से लाखों की संपत्ति राख हो गई . मरीजों की डायलिसिस शुरू होने में चार दिन लगेंगे . अभी बिजली व पानी सप्लाई के साथ-साथ मोटर बनाने का काम पूरा करना होगा . जिसमें तीन से चार दिन लगेंगे . रोजाना दस मरीजों का डायलिसिस होता था . मरीज डायलिसिस कराने आ रहे हैं, लेकिन लौट जा रहे है . जिस समय आग लगी थी, उस समय मरीज डायलिसिस वार्ड में नहीं थे . उनका डायलिसिस हो चुका था और उन्हें संबंधित वार्ड में भर्ती करा दिया गया था . मरीजों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट करने के बाद यूनिट बंद कर दिया जाता है . बंद यूनिट में आग लगी थी . संभवतः शॉर्ट सर्किट से ही आग लगी होगी . जिसकी जांच अग्निशमन व स्वास्थ्य विभाग की टीम कर रही है .

### अस्पताल छोड़ भागे 200 से अधिक मरीज नहीं लौटे, गायनी वार्ड में पसरा सन्नाटा

लोगों का कहना है कि शुक्रवार को रात में आग लगने के बाद अस्पताल से विभिन्न वार्डों से बाहर भागे लगभग 400 मरीजों में 200 से अधिक मरीज नहीं लौटे है . गायनी समेत कई वार्ड में शनिवार को सन्नाटा पसरा हुआ था . इएनटी में एक भी मरीज नहीं थे . नर्स का कहना था कि सभी मरीजों को छुट्टी दे दी गई है . डायनी के एक-दो यूनिट वार्ड में लगभग 100 बेड खाली थे, जहां शुक्रवार को दिन में भरे हुए थे . मेडिसिन व सर्जिकल वार्ड में भी लगभग सन्नाटा पसरा था . बाकी अन्य वार्ड में मरीज भर्ती थे . नियो नेटल केयर यूनिट में भर्ती नवजान शिशु के परिजनों का कहना था कि उन्हें कर्मी ने ऑक्सीजन पाइप व पानी की पाइप खोलकर कर बच्चों को गोद में थमा दिया और कहा कि जल्दी से भागे . रात में बाहर थे और दूसरे वार्ड में देर रात शिफ्ट किया गया . शनिवार को सुबह में फिर नियो नेटल में शिफ्ट किया गया . जिसमें एक शिशु की स्थिति काफी गंभीर है .

# वोटरों को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार की जरूरत

संवाददाता । मैथन

एग्यारकुण्ड प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में शनिवार को बीएलओ और पर्यवेक्षकों की बीडीओ संग बैठक हुई. जिसमें 162 बूथों पर कम से कम 90% मतदान कराने की बात कही गयी. मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिये वोटरों के बीच व्यापक प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया गया. सीओ कृष्ण कुमार मराण्डी ने कहा कि सभी बूथों पर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर वोटरों को जागरूक किया जायेगा. उन्हें वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करने की जानकारी दी जायेगी. साथ ही ऐप के माध्यम से चुनाव संबंधी कैसे जानकारी ली जाय यह बताया जायेगा. बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को साफ शब्दों में कहा कि हर बूथ पर प्रचार प्रसार में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी.

**घोर लापरवाही बरती गयी**

मालूम हो कि वोटर जागरूकता समूह गठन में बीएलओ और पर्यवेक्षकों द्वारा घोर लापरवाही बरती गयी थी . जिससे नाराज सीओ सह बीडीओ श्री मराण्डी ने नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा था . बैठक में प्रमुख रूप से अमित तिवारी, छत्रपति शाही, कालीचरण कुमार, योगेश दत्ता, पंकज कुमार सिंह, प्रमोद कुमार झा, चंदन मिश्रा, धीरेंद्रनाथ तिवारी, भीमपदो, रोही दास, लालू रविदास, रिंकू देवी, सुमन राय, टोंपा बाउरी, शकुंतला

# श्रीमद भागवत कथा के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकली



संवाददाता । निरसा

निरसा क्षेत्र अंतर्गत पंडरा सिंगेर बगान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के उपलक्ष में शनिवार की सुबह 151कलश के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई. जिसमे कुमारी कन्याओं के अलावा महिलाए भी रहे शामिल थी. गाजे- बाजे एवं हरी कीर्तन के साथ कथा स्थल से कलश यात्रा निकली गई. जो रानी तलाब पहुंच कर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भर कर पुनः कथास्थल पहुंच कर कलश स्थापित किया गया.

# दिनदहाड़े युवक की गला रेत कर हत्या, जांच में जुटी पुलिस



संवाददाता । झरिया

शनिवार की दोपहर झरिया थाना क्षेत्र के भालगड़ा में दिनदहाड़े युवक की गला रेत कर निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई . घटना के बाद से क्षेत्र में अफरा- तफरी मच गई . मृतक युवक की पहचान शमशेर नगर निवासी मोहम्मद अहमद अली के रूप में हुई है . बताया गया कि मृतक युवक धनबाद से बाहर रहकर काम करता था. पिछले एक माह पूर्व ही वह अपने घर झरिया लौटा था. वहीं उसके गला रेत कर निर्मम हत्या से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और घटना से स्थानीय लोग भी काफी आक्रोशित हैं . वहीं हत्या की खबर जंगल में आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई. भारी संख्या में शव को देखने के लिए लोग मौके पर जुट गए . घटना के संबंध में बताया जाता है कि अपराधियों ने झरिया थाना क्षेत्र के तारा बागान नीचे धौड़ा के पास युवक का गला रेत दिया . वहीं घटनास्थल के पास में ही खून के धब्बे मिले हैं. घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने झरिया पुलिस को दी . सूचना मिलते ही पुलिस भी दलबल के साथ मौके पर पहुंच गई . फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

### शादी में फिजूल खर्च और दहेज नहीं लेने का एलान

**महुदा ।** जलसा फलाहे दारैन कॉन्फ्रेंस का महुदा बस्ती में आयोजन किया गया. रात भर चले इस जलसे में कई राज्यों के मुकर्रीर पहुंचे. जिसमें अल्हाज हफीज नईमुद्दीन साहब, शाहिद रजा कादरी, झारखंडी बाबा आदि के साथ साथ शायर में मुनाजीर हुसैन बदायुं यूपी,गुलाम समदानी उड़ीसा, गुलाम जिलानी पुर्णिया, अखलाकुल क़ादरी, मोहसिन आलम, नकीब में मो. कमरुद्दीन क़ादरी शामिल थे. सभी ने बेहतरीन नात पढ़े. मौलाना ने अपने तकरीर में शादी में फिजूल खर्ची नहीं करने और दहेज नहीं लेने पर जोर दिया गया. आगे उन्होंने कहा कि दुनिया के इंसानों की अगर जिंदगी और आखिरत में सफल होना चाहते हैं तो कुरान की रस्सी को मजबूती से पकड़ लो, क्योंकि हर जगह कुरान तुम्हारी रहनुमाई करेगा. तुम्हें दिग्भ्रमित होने से बचाएग. प्रोग्राम को सफल बनाने में मुखिया बदरुद्दीन अंसारी, मोहम्मद आमान, मेंहदी हसन, नसीरुद्दीन बाबा, गुड्डू बाबा, शमसूल हुदा, अहसनुल्लाह, जावेद अंसारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

# झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सुप्रीमो का तूफानी दौरा

संवाददाता । महुदा

शनिवार को जेबीकेएसएस सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो ने बागड़ा, सिंगड़ा, कंचनपुर, कुमारजोरी, मलकेरा, धर्माबाँध, पंचायत में जन संपर्क व सभा कर लोगों से आशीर्वाद लिया. अपने संबोधन में जयराम महतो ने कहा कि झारखंड को बचाने के लिए अब झारखंडियों ने कमर कस ली है . झारखंडियों की उपेक्षा करने वाले नेताओं को जनता चिह्नित कर चुकी है. आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में झारखंडी मतदान अपने हक हुकुक की बात करने वाले नेता को ही मौका देने जा रहे हैं,

**सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे :** मौके पर रिजवान क्रांतिकारी, केंद्रीय संगठन सचिव रूपदेव रवानी, केंद्रीय सचिव प्रदीप महतो, सह प्रभारी दीपक महतो ,आकाश बीरू, पर्यवेक्षक सदानंद महतो, प्रभारी दुर्गा प्रसाद रवानी, आतिश साव, अशोक, जगदंबा लाल महतो, राधेश्याम, रूपेश प्रमाणिक, कमल महतो, सतीश, गोपाल महतो, साजिद शेख, गफ्फार शेख, रमेश रवानी, राजकुमार रवानी, राधेश्याम महतो, गौतम महतो ,सुदीप, मनोज गोस्वामी, रमेश, गणेश, सनोज, सुनील, यदुवंश, मनोज, यमुना, शुशील महतो, गोविंद निवेद कटियार, किशोर, अभिजीत, संजय महतो, हेमंत रवानी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.



**खास बातें**

- झारखंडियों की उपेक्षा करने वाले चिह्नित किए गए
- जयराज महतो के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे

### बीएलओ और सुपरवाइजर को दिया गया प्रशिक्षण

**महुदा/बाघमारा ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार बाघमारा विधान सभा क्षेत्र के सभी बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर को अगामी लोकसभा चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया. सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. सुषमा आनन्द, सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी बाघमारा रवि भूषण प्रसाद , सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी तोपचांची संजय सिंह द्वारा बीएलओ और बीएलओ सुपरवाईजर को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया. उक्त शिविर में कम्पुटर ऑपरेटर अभिनाश कुमार, रुपेश कुमार पाण्डेय, वाशिक अहमद, मौतीलाल महतो,सुपरवाईजर भागीरथ सिंह, सुरजीत धोषाल,बिनोद महतो, मुमताज अंसारी,मोहन रजक, सुनील कुमार पाण्डेय, जमुना रवानी, अर्जुन रविदास, दशरथ प्रमाणिक, प्रवीण कुमार पाण्डेय, लखीमनी देवी, प्रवेश शुक्ला ,पूनम देवी,मनोज कुमार रवानी,रेखा देवी, मीरा कुमारी के अलावे सैकड़ों बीएलओ उपस्थित थे.

**प्रेस वार्ता**

### 4 मार्च को चलाया जाएगा "हैशटैग आई एम वेरीफाइड वोटर" अभियान

# डीसी ने की युवा वोटरों से इसमें हिस्सा लेने की अपील

संवाददाता । धनबाद

4 मार्च को जिले के 2378 मतदान केंद्रों में " हैशटैग आई एम वेरीफाइड वोटर " अभियान चलाया जाएगा. इस दौरान सभी मतदान केंद्रों में संबंधित बीएलओ उपलब्ध रहेंगे. अभियान को लेकर उपायुक्त माधवी मिश्रा ने प्रेस वार्ता कर युवा वोटरों से इसमें हिस्सा लेने की अपील की. इस संबंध में उन्होंने बताया कि किसी भी चुनाव में मतदान करने के लिए मतदाता का नाम संबधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में निबंधित होना अनिवार्य है. विगत चुनावों में कहीं-कहीं से ऐसे मामले प्रकाश में आए है कि कई मतदाता अपना वोटर कार्ड लेकर मतदान करने जाते है, परन्तु मतदाता सूची में उनका नाम निबंधित नहीं होने के कारण वे मतदान करने से वंचित रह जाते है.

आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में ऐसी घटना न हो इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से हैशटैग आई एम वेरीफाइड वोटर अभियान 4 मार्च को जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर प्रातः 10.00 बजे से शुरू किया जायेगा.

इस अभियान को लेकर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की.



**खास बातें**

- अभियान सुबह दस बजे से शुरू किया जाएगा
- सोशल मीडिया के माध्यम से चलेगा अभियान

**उपायुक्त ने की मतदाताओं से अपील**

उपायुक्त ने प्रत्येक मतदाता से अपील है कि वे अपना नाम मतदान केन्द्र में जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाईन वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से जांच कर संतुष्ट हो लें कि उनका नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है . यदि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि है तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि के लिए आवेदन समर्पित करे . मतदाता सूची अथवा ऑनलाईन नाम जांच करने के बाद संतुष्ट होने पर मतदाता सूची या वोटर इनफॉरमेशन स्लिप की प्रति के साथ सेल्फी लेकर फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हैशटैग आई एम वेरीफाइड वोटर का उपयोग करते हुए पोस्ट करें . उपायुक्त ने कहा कि 4 मार्च को सभी मतदान केन्द्रों पर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति के साथ प्रपत्र-6, 7 एवं 8 के साथ बी .एल .ओ . की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी . जिससे वे आम नागरिकों को उक्त अभियान के बारे में बता सके .

### धनबाद की नई डीसी माधवी मिश्रा ने पदभार संभाला, कहा-

# लोस चुनाव पहली प्राथमिकता

संवाददाता । धनबाद

धनबाद की नई डीसी माधवी मिश्रा ने शनिवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय में पदभार ग्रहण किया. निवर्तमान डीसी वरुण रंजन ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया. इसके बाद माधवी मिश्रा को डीसी का पदभार सौंपा. पदभार ग्रहण करने के बाद नई डीसी ने कहा कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी. चुनाव की तैयारियों पर जिला प्रशासन का पूरा फोकस रहेगा. साथ ही अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन, आयुष्मान भारत सहित राज्य व केन्द्र सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाया जाएगा. इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन के पदाधिकारियों व जनता से सहयोग की अपील की. वहीं निवर्तमान डीसी वरुण रंजन ने कहा कि धनबाद में उनका कार्यकाल संतोषजनक रहा. सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का सौभाग्य मिला. सभी के सहयोग से कई बड़े पर्व-त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया. मौके पर डीडीसी सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी ( विधि व्यवस्था ) हेमा प्रसाद उपस्थित थे.



राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in

रविवार 03 मार्च 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 08 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 315

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# एसएनएमएमसीएच में आगः उफ, कयामत से कम नहीं थी रात...

**रिजवान शम्स। धनबाद**

25 मासूम नवजात, जिनको आक्सीजन लगा हुआ था, खुद से सांस तक नहीं ले पा रहे थे, कई अन्य गंभीर दिक्कतों के कारण इन सभी बच्चों को एसएनएमएमसीएच के एनआइसीयू में एडमिट रखा गया था. लेकिन आग लगने के बाद जैसे ही धुआं बच्चों के एनआइसीयू तक पहुंचा, हड़कंप मच गया. आनन-फानन में भर्ती बच्चों के आक्सीजन समेत अन्य जीवन रक्षक उपकरणों को खोला गया और फिर उनके अभिभावक बच्चों को लेकर अस्पताल से बाहर की ओर दौड़ पड़े. जिन बच्चों को जान बचाने के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था, अब इसी अस्पताल से भागकर उनकी जान बचानी पड़ी. चार घंटों तक खुले आसमान के नीचे यह बच्चे जिंदगी और मौत से बिना किसी मेडिकल उपकरण के लड़ते रहे, बच्चों के अभिभावक इस रात को कयामत की रात बता रहे हैं. हालांकि चार घंटे के बाद इमरजेंसी वार्ड में इन बच्चों को शिफ्ट किया गया और सभी बच्चों को वहीं रखकर जरूरी इलाज किया गया. इनमें से लोयाबाद छह नंबर के रहने वाले हासिम के बेटे को चिकित्सकों ने कह दिया है कि अब उनके हाथ में कुछ नहीं है और हालत बहुत ही नाजुक है. हालांकि शेष बच्चे इस मुसीबत के बाद स्वस्थ बताए जा रहे हैं. इस वार्ड में भर्ती बच्चों के अभिभावक वार्ड की सिस्टर को धन्यवाद दे रहे हैं कि उन लोगों ने अफरा-तफरी के बीच ही अपनी जिंदगी की परवाह किए गए बगैर बच्चों के जीवन रक्षक उपकरणों को खोलकर बच्चे उन्हें सौंप दिया, यदि सिस्टर हिम्मत से काम नहीं लेती तो शायद आज का नजारा कुछ और ही होता.

## कुछ मिनटों में ही दहकने लगा अस्पताल

बीती रात डायलिसिस यूनिट से आग की लपटें दिखाई देने लगीं.पल भर में ही लपटों से अस्पताल का इलाका दहकने लगा. भगदड़ व अफरा-तफरी मच गई. अस्पताल परिसर में धुआं ही धुआं भर गया. इलाजरत मरीज और तीमारदार भागने लगे. अग्निशमन विभाग की 4 गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया. प्रशासन और पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची थी.

## एनआइसीयू में भर्ती 25 बच्चों ने बिना आक्सीजन व जीवन रक्षक उपकरण के चार घंटे खुले आसमान के नीचे लड़ी मौत से जंग, एक बच्चे की हालत नाजुक



## खुले आसमान के नीचे स्ट्रेचर पर पड़ी रहीं प्रसूताएं

दर्जन भर से अधिक प्रसूताओं को भी भयावह मंजर से रूबरू होना पड़ा. दूसरे दिन भी उनकी आंखों में खौफ था. जामताड़ा से पहुंची चंदा ने बताया कि तीन दिन पूर्व ही सर्जरी से उनको लड़का हुआ. शुक्रवार की रात वार्ड से एक-एक मरीजों का भागना शुरू हुआ, कई महिलाएं तो चल भी नहीं पा रहीं थीं. उनकी मां, जो उनके साथ आई थीं, गहरी नींद में थी. किसी तरह उन्हें उठाकर बताया कि लगता है आग लग गयी है, धुआं आ गया है. तब मां के होश ही उड़ गए, किसी तरह वो दौड़कर बाहर निकलीं तो अफरा-तफरी देख चिल्लाने लगीं. मां उसे बेड से खींचकर उतारने लगी, लेकिन कामयाब नहीं हो सकी, क्योंकि उसकी गोद में दो दिन का बच्चा भी था. तब मां ने होशियारी की और दूसरे वार्ड के अंदर से स्ट्रेचर लेकर आई, स्ट्रेचर पर किसी तरह वह चढ़ी और फिर बच्चे को गोद में रखा, बूढ़ी मां ने स्ट्रेचर को धकेल कर अस्पताल से बाहर किया. इसके बाद कई अन्य लोग मां के साथ स्ट्रेचर को धकेलने लगे और फिर वह सुरक्षित स्थान तक पहुंची. लगभग तीन घंटे तक खुले आसमान में अपने बच्चे के साथ रही, इसके बाद दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया. इस वार्ड में लगभग दो दर्जन से अधिक प्रसुताएं थीं, जिनकी सर्जरी हुई थी, कमोवेश सारी प्रसुताओं के साथ यह भयानक मंजर पेश आया था. जिनको तीन-चार घंटों के लिए अपने कलेजे के टुकड़े के साथ जिंदगी और मौत के बाद जूझना पड़ा.

## नवजात की माताओं ने कहा- अस्पताल की सिस्टर्स ने अपनी जान जोखिम में डालकर बचाई बच्चों की जान





---

**आंदोलन : ढुल्लू महतो के खिलाफ रैयतों का बेमियादी धरना जारी, विजय झा का भी मिला समर्थन**

# अब रैयतों के बच्चों ने भी खोला मोर्चा

**संवाददाता। धनबाद**

बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ रैयतों का अनिश्चितकालीन धरने में शनिवार से रैयतों के बच्चों ने मोर्चा संभाल लिया है .साथ ही कतरास के समाजसेवी विजय झा ने भी रैयतों को अपना समर्थन दिया है. विजय झा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि चिटाही धाम के 8 रैयतों का बेमियादी धरना जायज है.

ये सभी बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के अत्याचार और शोषण से परेशान हैं. विधायक रैयतों की जमीन को रामराज मंदिर के नाम पर कब्जा करने में लगे हैं. इनकी दुकानों के आगे तिरपाल घेर दिया गया है. जिससे पीड़ित के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है. जिला प्रशासन और राज्य सरकार को रैयतों द्वारा दिये गए आवेदन पर जांच कर उचित कार्रवाई करनी चाहिए.

इससे पूर्व रैयतों ने बाघमारा विधायक के खिलाफ राज्य के मुख्यमंत्री, धनबाद उपायुक्त, एसएसपी और एसडीएम से लिखित शिकायत की थी. जिसमें रैयतों ने विधायक ढुल्लू महतो पर रामराज मंदिर के नाम पर रैयतों की जमीन हड़पने ,ग्रामीणों के साथ शोषण करने व अत्याचार का आरोप लगाया था.आवेदन पर कोई सुनवाई नहीं होने पर मंगलवार 27 फरवरी से रैयत अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है. धरने में पीड़ित सुनीति कुमारी, रजनी देवी, विकास महतो, नीरा देवी, जितनी देवी, सुरेश महतो, विकास महतो, अशोक महतो उपस्थित थे.

## जब मां-बाप ही यहां रहेंगे, तो हम घर में क्या करेंगे



वहीं रैयतों के बच्चों ने कहा कि जब मां बाप ही धरनास्थल पर रहेंगे, तो हम लोग घर में क्या करेंगे. हमारा जीवन भी तो इन्ही दुकानों के दम पर चल रहा है. अगर दुकानें बंद हो गईं, तो हमारा पालन पोषण और पढ़ाई-लिखाई सब बंद हो जाएगी. इसलिए आज से हम भी विधायक के खिलाफ मोर्चा संभालते हुए धरनास्थल पर बैठ गए हैं. बता दें कि बाघमारा विधायक के अत्याचार से परेशान चीटाही धाम के 8 रैयत मंगलवार 27 फरवरी से रणधीर बर्मा चौक पर अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया है.

---

**जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह में बोले राज्यपाल**

# बेटियां अपनी क्षमता को नजरअंदाज न करें

- विभिन्न विषयों की टॉपर 28 गोल्डमेडलिस्ट छात्राओं को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**संवाददाता। जमशेदपुर**

झारखंड-बिहार के एकमात्र व प्रथम महिला विश्वविद्यालय जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह का शनिवार को आयोजन किया गया. समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल सह राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आपका परिश्रम और समर्पण ही आपको लक्ष्य की प्राप्ति में सहयोगी साबित होगा. उन्होंने कहा कि बेटियां अपनी क्षमता को पहचानें, दूसरे क्या कहते हैं इस पर ध्यान न दें. दीक्षांत के साथ जीवन का एक नया अध्याय शुरू होने वाला है. अतः अब यहां से निकल कर समाज के विकास में योगदान करें.

**कोल्हान में महिला शिक्षा का प्रमुख केंद्र :** राज्यपाल श्री राधाकृष्णन ने कहा कि या विश्वविद्यालय पूरे कोल्हान में महिला शिक्षा का प्रमुख केंद्र है. इसके लिए पूरा विश्वविद्यालय परिवार बधाई का पात्र है. आज इस विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि आज विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह हो रहा है. उन्होंने वीमेंस कॉलेज की संस्थापक स्व. पेरीन सी मेहता केदारी सरस्वती किए प्रयास की सराहना करते हुए इस कॉलेज को विश्वविद्यालय तक का दर्जा दिलाने में भूमिका निभाने वाले सभी सदस्यों को बधाई का पात्र बताया.

## समाज का प्रतिनिधित्व कर रही हैं बेटियां



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आज बेटियां समाज का प्रतिनिधित्व कर रही हैं. शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर कर रही हैं. इसका मतलब यह नहीं है कि लड़कों की क्षमता को नजरअंदाज किया जा रहा है, लेकिन यह कहना आज के दौर में लड़कियां आगे जाकर बेहतर कर रही हैं. अपने संबोधन के क्रम में राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ' बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' नारे की भी चर्चा की. उन्होंने पुनः कहा कि बेटियां अपनी क्षमता को पहचाने और दूसरों से कुछ सीखने की कोशिश करें, अच्छे स्वास्थ्य के साथ आगे बढ़े, यही सफलता की निशानी है.

**एकेडमिक शोभा यात्रा के साथ शुरू हुआ समारोह :** इससे पूर्व एकेडमिक शोभायात्रा के साथ मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को मंच पर लाया गया. शोभा यात्रा में कुलपति अंजिला गुप्ता, कुलसचिव राजेंद्र जायसवाल, सिंडिकेट सदस्य, संख्याओं के प्रमुख शामिल थे. दीप प्रज्ज्वलन एवं कुलाधिपति की अनुमति से समारोह की शुरुआत हुई. टॉपर छात्राओं को राज्यपाल ने गोल्ड मेडल एवं डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया. शामिल 702 छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई.



- समारोह में शामिल 702 छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई

## सूत्रधार को भूल गया विश्वविद्यालय

शनिवार को जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ. विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने से पहले जमशेदपुर महिला कॉलेज को लगातार तीन बार नैक से 'ए' ग्रेड दिलाने, सेंटर फॉर एक्सीलेंस का दर्जा दिलाने और फिर रूसा की मदद से विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने में हम भूमिका निभाने वाली कॉलेज की पूर्व प्राचार्य एवं कोल्हन विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ शुक्ला मोहंती का पूरे समारोह के दौरान एक बार भी नाम तक नहीं लिया गया. जबकि यहां के विद्यार्थी से लेकर शिक्षक व कर्मचारी तक कॉलेज को विश्वविद्यालय बनाने की दिशा में द्वारा का किए गए कार्यों से बखूबी अवगत हैं. डॉक्टर शुक्ला मोहंती वर्तमान में ओड़िशा के राज्यपाल की शिक्षा सलाहकार हैं.

---

# आरआईटी क्षेत्र में सोसाइटी के 5 फ्लैटों में करोड़ों की चोरी

**बड़ी वारदात**

- घटना सीसीटीवी में कैद, जल्द चोरों का पता चलेगा

**संवाददाता। आदित्यपुर**

बीती रात आरआईटी थाना क्षेत्र के वास्तु विहार के समीप अर्थ एनक्लेव सोसाइटी के बंद पड़े पांच फ्लैट में चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है. पड़ोसियों के अनुसार अज्ञात चोरों ने लगभग एक करोड रुपए के नगदी और जेवरात की चोरी की है. फ्लैट के स्वामी शहर से बाहर गए हुए हैं, उनके शहर लौटने के बाद ही चोरी गए नगदी और जेवरात के मूल्यों का पता चल सकेगा. आरआईटी पुलिस की माने तो पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. चोरों ने सोसाईटी के फ्लैट संख्या 304, 104, 406, 404 और 403 का ताला तोड़कर उसमें रखे तिजोरियों और अलमारी से नगदी और जेवरात की चोरी की है. आज सुबह सूचना मिलते ही आदित्यपुर और आरआईटी थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे हैं और पूरे मामले की जांच कर रहे हैं. पड़ोसियों ने बताया कि फ्लैट के कुछ स्वामी अपने किसी रिश्तेदारों के शादी समारोह में गए हैं. जबकि कुछ शहर से बाहर रहते हैं. इतनी बड़ी चोरी घटना के बाद सोसाईटी वासियों में आक्रोश है. सोसाईटी वासियों ने बिल्डर की सिक्योरिटी सिस्टम पर सवाल उठा रहे हैं. बता दें कि अर्थ इन्क्लेव खरकाई नदी के तट पर स्थित है.

# पुराना बाजार की आधा दर्जन दुकानें राख

**50 लाख का नुकसान, प्रशासन व जनप्रतिनिधि के खिलाफ आक्रोश**

**संवाददाता। धनबाद**

पुराना बाजार में शुक्रवार की देर रात 6 दुकानों में आग लगने से लगभग 50 लाख की संपत्ति जल कर खाक हो गई . लोगों के अनुसार लगभग 12 बजे दुकान में आग लगी थी. इसके बाद धीरे धीरे आग इतनी भयावह हो गई और आसपास की 6 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया. आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई. जिसके बाद विभाग की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गई. घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया. लेकिन तब तक सभी दुकानें पूरी तरह जल कर खाक हो गई थी. वारदात के बाद दुकानदारों और स्थानीय लोगो मे जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति



काफी आक्रोश है. लोगों का कहना है कि घटना के बाद ना तो जिला प्रशासन मौके पर पहुंची और न ही जनप्रतिनिधियों ने सुधि लेनी चाही.

घटना के संबंध में पीड़ित दुकानदार विजय साव, आलू प्याज के होलसेलर ने कहा कि अगलगी की घटना में लगभग 15 से 20 लाख की सामग्री जल कर खाक हो गई. लेकिन घटना की सुधि न तो जिला प्रशासन के किसी अधिकारियों ने ली और ना ही किसी जनप्रतिनिधि ने. विजय साव ने कहा कि यह घटना पास के मिक्चर दुकान की भट्टी के कारण लगी .जिला प्रशासन को घटना की जांच कर उचित मुआवजा देनी चाहिए.

दिनेश कुमार जो गॉगल्स बेल्ट हाउस के दुकानदार हैं, ने कहा कि इस घटना में लगभग 8 लाख का नुकसान हुआ है. फिलहाल तक कोई मरहम लगाने भी नहीं पहुंचा. किसी प्रकार का किसी से कोई मदद नही मिली. निगम भी अतिक्रमण के नाम पर सिर्फ वसूली करता है. उन्होंने कहा कि भाड़े के घर में रह कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करता हूं .लॉकडाउन के बाद से किसी तरह परिस्थिति सुधारने में लगा हूं.लेकिन इस घटना ने फिर से कमर तोड़ दी है.

---

**अनदेखी** **हजारीबाग में आदिम जनजाति के बिरहोर परिवारों के मानवाधिकारों का हो रहा हनन**

# सरकार और जिला प्रशासन करे गंभीरता से कठोर कार्रवाई

**संवाददाता। रांची/ हजारीबाग**

केरेडारी क्षेत्र के चट्टी बरियातू पंचायत के पगार गांव के किरण बिरहोर की मौत के मामले में एनटीपीसी ने सीधे तौर पर पल्ला झाड़ लिया. मामले में झारखंड मानवाधिकार आयोग के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एसके सत्पथी ने कहा, आदिम जनजाति की बच्ची की मौत दुखद है. मामला संवेदनशील है. प्रशासन और सरकार को तुरंत एक्शन लेना चाहिए. बिरहोर परिवारों को पहले वहां से दूसरे स्थान पर पुनर्वासित कराया जाए.

**खनन से पूर्व आदिम जनजातियों का पुनर्वास जरूरी : एसके सत्पथी :** सत्पथी ने कहा कि स्थानीय प्रशासन को यह देखना चाहिए कि खनन शुरू होने से पहले लोगों को वहां से हटाया



गया है या नहीं. यदि नहीं हटाया गया, तो उन्हें हटा कर पहले पुनर्वासित करना चाहिए. इसके बाद खनन शुरू करने की इजाजत देनी चाहिए. लेकिन ऐसा नहीं किया जाना मनवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है. राज्य सरकार को इस पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए. खनन परियोजना के 100 से 200 मीटर के दायरे में आदिम जनजाति की बस्ती है और वहां खनन किया जा रहा है, तो यह गलत है. इस पर जिला प्रशासन को तुरंत एक्शन लेना चाहिए और आदिम जनजाति को सुरक्षित स्थान पर पुनर्वासित करना चाहिए.

### प्रदूषण की मार झेल रहे आदिम जनजाति : काजल

बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष काजल यादव ने कहा कि पीड़ित को सरकार पुनर्वासित करे. वहां बच्चों-महिलाओं के अधिकारों हनन हो रहा. सरकार संवेदनशील है, तो कंपनियों पर कार्रवाई करे. अगर इस तरह के मामलों में तुरंत एक्शन नहीं लिया गया, तो राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग को लिखा जाएगा. कंपनी के खिलाफ कार्रवाई के लिए कहा जाएगा.

### बिरहोर बच्ची की मौत के लिए कंपनी जिम्मेवारः मनोज

हजारीबाग के समाजसेवी मनोज गुप्ता कहते है बिरहोर परिवार का दर्द वही जान पाएगा, जो उनके नजदीक रहा हो. बिरहोर बच्ची की मौत के लिए ऋतिक कंपनी जिम्मेवार है. जहां विलुप्त हो रही जनजातीय परिवार के लोग रह रहे हैं, वहां से 50 फीट की दूरी पर माइंस चलाना कहां तक जायज है. वे तो पहले से ही हालात के मारे हुए हैं और फिर उन्हें कंपनी वाले लोग परेशान कर रहे हैं. ऐसे में इसकी उच्चस्तरीय जांच करायी जानी चाहिए. जिम्मेवारों पर कार्रवाई होनी ही चाहिए.

### एनटीपीसी पहले बिरहोर परिवारों को बसायेः अजीत

केरेडारी के अजीत कुमार ने कहा कि कंपनी द्वारा माइंस में ब्लास्ट किये जाने से कई बिरहोर परिवारों के घरों में दरार आ गई है. कंपनी को चाहिए था कि मानवता के आधार पर पहले बिरहोर परिवार को कहीं सुरक्षित स्थान पर बसाया जाना चाहिए, फिर उस स्थान पर ब्लास्टिंग करना चाहिए, लेकिन पैसों के लालच में कंपनी बिरहोर परिवारों की जिंदगी से खेल रही है. बरिहोर परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था हर हाल में एनटीपीसी को करनी चाहिए.

### मामले की जांच कराएगी सरकारः भूषण तिर्की

बिरहोर बच्ची की मौत के मामले पर गुमला विधायक भूषण तिर्की ने कहा, बच्ची एसटी के गरीब परिवार से आती थी. उसने इलाज के अभाव में दम तोड़ दिया. इसकी जिम्मेदारी माइंस प्रबंधन की बनती है. परिवार के साथ इंसाफ होगा. प्रबंधन परिवार को मुआवजा दे. हमारी सरकार इस पर संज्ञान लेगी. हम बिरहोर परिवारों की समस्याओं को जोरदार ढंग से रखेंगे.

### दोषियों पर सरकार करे कारवाईः किशुन दास

भाजपा विधायक किशुन दास ने कहा एनटीपीसी की ओर से बिरहोर परिवारों को जो भी हक -अधिकार दिलाना होगा, हम दिलाएंगे. हम दिलाएंगे. माइंस इलाके में यह घटना घटी है, इसके लिए जिम्मेदार एनटीपीसी है. दो से तीन दिनों के अंदर इसकी जांच कराएंगे. पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाएंगे. जो दोषी होंगे उन पर कारवाई की जाएगी. प्रबंधन हमेशा पल्ला झड़ लेता है. हमारे लोग जाएंगे, मामले की तहकीकात करेंगे.

---

# जयंत सिन्हा ने एक्स पर चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई है

**संवाददाता। रांची/नयी दिल्ली**

पूर्व मंत्री और हजारीबाग से भाजपा के सांसद जयंत सिन्हा ने आगामी लोकसभा चुनाव न लड़ने की इच्छा जताई और कहा कि वह अपना पूरा ध्यान भारत तथा पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर केन्द्रित करना चाहते हैं.



सिन्हा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से उन्हें मुक्त करने का अनुरोध किया है, ताकि वह अपना पूरा ध्यान भारत और पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर केन्द्रित कर सकें. उन्होंने कहा,यकीनन मैं आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखूंगा. भाजपा नेता ने अपने पोस्ट में कहा, मुझे पिछले दस वर्षों में भारत और हजारीबाग के लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिला. इसके अलावा मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा नेतृत्व ने कई अवसर दिए. सभी का हृदय से आभार. जय हिन्द.

**बोले जयंत**

- पूरा ध्यान जलवायु परिवर्तन की समस्या पर केंद्रित करूंगा
- 10 साल हजारीबाग की सेवा का मौका मिला, इसके लिए आभार

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर ने प्राध्यापकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों के साथ की अलग-अलग बैठक

# हर दिन सीखने की चाहत से आती है परिपक्वता : अरविंद चतुर्वेदी

**शैक्षणिक रायशुमारी**

- विश्वविद्यालय की गतिविधियों की बारीकी से जानकारी ली
- विद्यार्थियों के हित में आए कई महत्वपूर्ण सुझावों से अवगत हुए

संवाददाता। हजारीबाग



आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं एवं मटवारी स्थित सिटी ऑफिस सभागार में कार्यरत कर्मियों के साथ विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर अरविंद चतुर्वेदी ने अलग-अलग औपचारिक बैठक की. इस दौरान वर्तमान में विश्वविद्यालय की गतिविधियों की बारीकी से जानकारी ली. वहीं कर्मियों ने विद्यार्थी हित में कई महत्वपूर्ण सुझाव भी लिए.

इससे पूर्व प्रो-चांसलर के आगमन पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद ने बुके देकर उनका स्वागत किया. बैठक में अरविंद चतुर्वेदी ने कहा कि हर काम को करते वक्त सीखने की चाहत जागृत रहनी चाहिए. इससे ना केवल कार्य बेहतर होते हैं, बल्कि हममें परिपक्वता भी आती है. उन्होंने यह भी कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय अपने शुरुआती दिनों से ही विद्यार्थी हित को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहा है, जिसका परिणाम है कि महज 8 वर्षों के दौरान ही नेशनल एजुकेशन अवार्ड, सीएसआर यूनिवर्सिटी ऑफ इंडिया अवार्ड, एसोचैम एजुकेशन एक्सिलेंस सम्मिट कम अवार्ड, झारखंड का गौरव अवार्ड, झारखंड की शान अवार्ड सहित कई नेशनल के साथ साथ इंटरनेशनल अवार्ड अपने नाम किए हैं.

**कुलपति व कुलसचिव के कार्यों की सराहना**

उन्होंने आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिन उद्देश्यों के साथ आईसेक्ट विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी, उन्हें पूरा करने में विश्वविद्यालय निरंतर अग्रसर है. कहा कि न केवल पढ़ाई के क्षेत्र में, बल्कि यूथ फेस्टिवल जैसे बड़े मंच पर भी यहां के विद्यार्थियों ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है और खेलकूद में भी बेहतर कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक भी एकेडमिक क्षेत्रों में बेहतर कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं. बैठक में प्रो-चांसलर ने सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं एवं कर्मियों से एक-दूसरे के साथ मिल कर सहयोग की भावना से काम करने की सलाह दी.

## सफलता का परचम लहराना चुनौती : डॉ. मीरा जायसवाल

- विभावि के मनोविज्ञान विभाग में व्याख्यान का किया गया आयोजन
- उत्तम समय प्रबंधन करने की आवश्यकता पर दिया गया जोर

संवाददाता। हजारीबाग

विनोबा भावे विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में व्याख्यान का आयोजन किया गया. इसमें रांची विश्वविद्यालय, रांची से आईं डॉ. मीरा जायसवाल ने विद्यार्थियों के जीवन में अध्ययन, कार्य और सामान्य जीवन के बीच संतुलन की चुनौतियां विषय पर व्याख्यान दिया. वहीं, समाज विज्ञान संकाय के संकाय अध्यक्ष सह मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सादिक रजक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की.

डॉ. जायसवाल ने कहा कि अध्ययन, कार्य एवं जीवन के बीच संतुलन को बनाए रखना, आज के दौर में एक बहुत बड़ी चुनौती है. मोबाइल से दूर रह कर इस चुनौती का सफलतापूर्वक सामना किया जा सकता है. वर्तमान युग डिजिटल एवं अन्य आधुनिक प्रविधि का है. इसमें मानसिक अवसाद, पारिवारिक परेशानियां तथा आर्थिक संकट से आगे निकल कर सफलता का परचम लहराना बड़ी चुनौती है. जीवन को सफल बनाने के लिए सभी आयामों के बीच संतुलन स्थापित कर उत्तम समय प्रबंधन करने की आवश्यकता है. इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. विनोद रंजन भी अपने विचार रखे. विभागीय प्राध्यापक डॉ अविनाश कुमार कार्यक्रम के आयोजन सचिव थे.

**ब्रीफ खबरें**

### 27 पंचायत सचिवों को डीसी ने किया शो-कॉज

**रामगढ़।** राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास के सफल क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की. इस दौरान प्रखंडवार अबुआ आवास योजना के तहत चयनित लोगों को प्रथम किस्त के राशि के भुगतान के तहत हो रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की. उपायुक्त ने जिन पंचायतों में अब तक 20% से कम लाभुकों को प्रथम किस्त के राशि के भुगतान की स्वीकृति दी गई है, उस पर असंतोष जाहिर किया. उन्होंने संबंधित बीडीओ को 27 पंचायत सचिवों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया है. इसके साथ ही सभी पंचायत सचिवों को उनके क्षेत्र में 50% लाभुकों को अबुआ आवास योजना के तहत प्रथम किस्त की राशि के भुगतान की स्वीकृति का कार्य शनिवार शाम तक पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया है.

### मेधावी विद्यार्थी प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 10 को

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत कपका स्थित पाचु महतो सेवा संघ द्वारा बरकट्ठा प्रखंड के मेधावी विद्यार्थियों के लिए 10 मार्च को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया जा रहा है. परीक्षा चार ग्रुप में होगी. ग्रुप-ए में कक्षा प्रथम से तृतीय, ग्रुप-बी में कक्षा चतुर्थ से छठी, ग्रुप-सी में सातवीं एवं आठवीं तथा ग्रुप-डी में नवमी व दसवीं कक्षा के विद्यार्थी शामिल होंगे. 100 अंकों की परीक्षा में सभी प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे. इसमें गणित से 20, सामाजिक विज्ञान से 20, विज्ञान से 20, सामान्य ज्ञान से 15, हिंदी से 10, अंग्रेजी से 10 और कंप्यूटर से पांच अंक के प्रश्न होंगे. परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 5 मार्च तक है. परीक्षा का केंद्र बरकट्ठा, पचफेड़ी, गयपहाड़ी, कपका एवं बेडोकला में बनाया जाएगा.

### शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा आज

**चौपारण।** प्रखंड को ऐतिहासिक भद्रकाली मंदिर से जोड़ने वाले पथ चतरा रोड में मुख्यालय से महज दो किमी पर बिगहा में भव्य शिव मंदिर का निर्माण पूर्ण हो गया है. यह मंदिर 70 लाख की लागत से बनकर बनकर तैयार हुआ है. मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार से चंद्रवंशी श्री सनातन महासेवा धर्म जागरण सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुरू हो रहा है. कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रातः 8 बजे बाजे गाजे के साथ निकलेगी. सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चंद्रवंशी व शशि शेखर ने बताया कि कलश यात्रा में 10 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल होंगे. वहीं 9 मार्च को हवन-पूजन पूर्णाहुति, महाप्रसाद, भव्य भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा.

### लोकसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों के चयन पर भाजमो की रायशुमारी

# स्वच्छ छवि को ही प्रमुखता

संवाददाता। हजारीबाग

भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारियों ने जिला के पदाधिकारियों एवं प्रबुद्धजनों के साथ शनिवार को हजारीबाग परिसदन में उच्च सतरीय बैठक की. इसमें केंद्रीय समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष पीएन सिंह, केंद्रीय महासचिव आशीष शीतल मुंडा, केंद्रीय कोर कमेटी के वरीय सदस्य राकेश शर्मा ने भाग लिया. वहीं, जिलाध्यक्ष अभिषेक पांडेय के नेतृत्व में जिला के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी भी शामिल रहे.

बैठक में पीएन सिंह ने कहा कि अब कुछ ही दिनों में चुनाव आयोग 18वीं लोकसभा चुनाव की घोषणा कर देगा और देश चुनाव मोड में चला जाएगा. सभी राजनीतिक दल अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में चुनाव की दिशा में आगे बढ़ जाएंगे. इसी मद्देनजर भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने झारखंड के दो केंद्रीय टीम बनाई है, जो विभिन्न जिलों में जाकर वहां के पदाधिकारियों, प्रबुद्धजनों और कार्यकर्ताओं से मिल कर आगामी चुनाव और भाजमो के संगठन विस्तार और सशक्त बनाने पर रायशुमारी करेगी. इसके बाद केंद्रीय कोर कमेटी को रिपोर्ट सौंपी जाएगी, जिसके बाद केंद्रीय कोर कमेटी और मुख्य संरक्षक की अध्यक्षता में 18वीं लोकसभा चुनाव हेतु उम्मीदवारों का चयन कर नामों की घोषणा की जाएगी.

उन्होंने यह भी कहा कि देश में महंगाई ने उच्चतम स्तर को पार कर दिया है. एक तरफ अन्नदाता परेशान हैं, दूसरी ओर मध्यमवर्गीय परिवार महांगाई का दंश झेल रहा है. देश के अंदर ही किसानों के साथ बर्बरतापूर्ण और आतंकवादियों की तरह व्यवहार हो रहा है. सेना में अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के साथ भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है. लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है. संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर उनकी विश्वसनीयता को तार-तार किया जा रहा है. केंद्र सरकार के अधीन पीएसयू की बहुमूल्य परिसंपत्तियों का बंदरबांट चंद औद्योगिक घरानों के हाथों में किया जा रहा है.



बैठक करते जनतंत्र मोर्चा के अधिकारी.

**'अबुआ आवास में सरकारी खजाने का बंदरबांट'**

केंद्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर सुनहरे सपने दिखा कर महिलाओं की भावनाओं से खिलवाड़ किया जाता है. अन्नदाता किसानों को अनाज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है. किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध नहीं करवा पाना, सरकार की विफलता को दर्शाता है. हर क्षेत्र में बिचौलियों का हस्तक्षेप बढ़ गया है. वहीं, झारखंड सरकार की अतिमहत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास में भ्रष्टाचार के कारण गरीब झारखंडी मूलवासियों का शोषण और सरकारी खजाने का बंदरबांट हो रहा है.

**'राज्य के खनन धरोहरों की लूट और दोहन चरम पर'**

पीएन सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में घोटाला चरम पर है. आधारभूत संरचनाओं से लेकर स्वास्थ्य जांच के लिए जरूरी उपकरणों और जीवनदायी दवाईयों की खरीद में भारी अनियमिता पर गंभीर चर्चा किया गया. राज्य की खनिज संपत्ति कोयला, बालू, चिप्स समेत राज्य के राजस्व में वृद्धि करने वाले अन्य बहुमल्य धरोहरों की लूट और दोहन चरम पर है. भ्रष्ट पदाधिकारियों के पदस्थापन में पैसों का खेल कर उन्हें राज्य सरकार प्रोत्साहित करती है और ईमानदार छवि वाले पदाधिकारी को दंडित करती है. राजधानी में सड़कों को खोद कर खुला छोड़ दिया गया है.

**चुनावी रणनीति**

- केंद्रीय कोर कमेटी को रिपोर्ट सौंपेगी केंद्रीय समिति
- मुख्य संरक्षक की अध्यक्षता में होगी नामों की घोषणा

**हमारी पार्टी का चाल व चरित्र दोनों स्वच्छ : मुंडा**

केंद्रीय महासचिव आशीष शीतल मुंडा ने भारतीय जनतंत्र मोर्चा के सशक्तीकरण और विस्तार पर चर्चा की. उन्होंने संपर्क, समस्या और समाधान के गुरु मंत्र पर कार्य करने पर बल दिया गया. मुंडा ने कहा कि झारखंड के लोग भाजमो को तीसरी और सशक्त राजनीतिक दल के रूप में देख रहे हैं, क्योंकि हमारी पार्टी का चाल और चरित्र दोनों स्वच्छ है. संरक्षक सरयू राय के निर्देश पर आम जनता के हित से जुड़े मुद्दों को जोर-शोर से उठाते हैं. वहीं, राकेश शर्मा ने कहा कि उम्मीदवारों का चयन कार्यकर्ताओं से रायशुमारी कर ही किया जाएगा. वहीं, जिलाध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने हर बूथ पर एक प्रभारी की नियुक्ति और कार्यकर्ताओं की कमेटी के गठन पर बल दिया.

### हजारीबाग लोकसभा सीट के उम्मीदवार पर जिला जदयू की बैठक

# एनडीए उम्मीदवार बदलने की मांग

संवाददाता। हजारीबाग

जनता दल यूनाइटेड की बैठक शनिवार को पूर्व जिला अध्यक्ष अर्जुन मेहता की अध्यक्षता में हुई. इस दौरान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान भाजपा सांसद जयंत सिन्हा के कार्यों का मूल्यांकन किया गया. वक्ताओं ने आशा के अनुरूप क्षेत्र में विकास नहीं होने की बात कही. कार्यकर्ताओं ने कहा कि वर्तमान सांसद हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में कम और दिल्ली में ज्यादा रहते हैं.

इससे एनडीए गठबंधन कमजोर हुआ है. इसलिए, एनडीए के नये उम्मीदवार का चयन किया जाए. कई वक्ताओं ने हजारीबाग चेंबर के अध्यक्ष शंभु नाथ अग्रवाल को हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाने की मांग की. इस बाबत जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को अवगत कराया जाएगा. बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रमोहन पटेल, उपाध्यक्ष भीम मेहता, बसंत मेहता, जिला सचिव सह प्रवक्ता राकेश ठाकुर, शंभु नाथ अग्रवाल आदि शामिल रहे.



**चुनावी मंथन**

- वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा के कार्यों का मूल्यांकन किया
- आशा के अनुरूप लोस क्षेत्र में विकास नहीं होने की बात कही

# टांगी से काट कर अधेड़ की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता। चतरा

सदर थाना क्षेत्र के पचमहला गांव में टांगी से काटकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई. साक्ष्य छुपाने की नीयत से हत्यारों ने शव को दूसरे गांव भोज्या में एक गड्ढे में फेंक दिया. मृतक की पहचान सुदेश्वर दांगी के रूप में हुई है. ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. वहीं परिजनों के बयान पर मामले की जांच में जुट गई है.

मृतक सुदेश्वर दांगी के बेटे अरुण कुमार के अनुसार, उसके पिता अहले सुबह घर से पटवन के लिए लेकर पचमहला बांध के समीप खेत गए थे, लेकिन वापस घर नहीं लौटे. काफी खोजबीन की, पर उनका पता नहीं चला. इस बीच एक चरवाहे ने पचमहला-भोज्या सीमा पर गड्ढे में शव देखा और ग्रामीणों को जानकारी दी. सूचना पर ग्रामीण घटनास्थल पहुंचे और शव की शिनाख्त करने के बाद पुलिस को घटना की सूचना दी.

**संगीन वारदात**

- साक्ष्य छुपाने की नीयत से दूसरे गांव में शव फेंका
- अलसुबह खेत में पटवन के लिए निकला था सुदेश्वर

### इंटक के प्रतिनिधियों ने जाना बिरहोरों का हाल

**केरेडारी।** पगार में बिरहोर कॉलोनी में बच्ची की मौत के बाद राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा. इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला ने कहा कि एनटीपीसी की एमडीओ कंपनी रित्विक, बिरहोर के आवास से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित है. उस स्थिति में वहां लगातार धूल उड़ते रहता है और माइनिंग में ब्लास्टिंग के कारण लगभग सभी घरों में दरारें पड़ चुकी हैं. ऋतिक कंपनी जल्द इन बिरहोर परिवारों के पुनर्वास की सुदृढ़ व्यवस्था करे. इंटक प्रतिनिधिमंडल में जिला उपाध्यक्ष रविंद्र पांडेय, बीजीआर यूनिट के अध्यक्ष परमेश्वर कुमार, जैनुल अंसारी, अनिल तिवारी समेत कई लोग मौजूद थे.

### जिला टीकाकरण केंद्र में वर्किंग आवर में जड़ दिया ताला

# महिलाएं व बच्चों को हुई परेशानी

संवाददाता। हजारीबाग

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर स्थित टीकाकरण केंद्र में शनिवार को काम के व्यस्ततम समय में जड़ दिया गया. इस दौरान अपने बच्चों को टीका दिलाने आईं कई महिलाएं टीकाकरण केंद्र के बाहर बच्चों के साथ इंतजार करती रहीं. दूर-दराज इलाके से पहुंची महिलाओं के बार-बार दरवाजा खटखटाने के बाद भी अंदर बैठे कर्मियों ने ताला नहीं खोला.

इस बीच अस्पाल के ट्रामा सेंटर में भर्ती एक मरीज को देखने पहुंचे सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी की नजर इस पर पड़ी. उन्होंने भी देखा कि टीकाकरण केंद्र के दरवाजे पर ताला जड़ा है और अंदर आवाज देने के बाद भी कोई सुन नहीं रहा है. इसके बाद विधायक के मीडिया प्रतिनिधि ने अंदर के एक कर्मी को फोन किया, जिसके बाद ताला खोला गया और फिर सभी बच्चों को टीका लगाया गया. रंजन चौधरी ने जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. कपिल मुनि और सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह को इसकी जानकारी दी है. उन्होंने वर्किंग आवर में टीकाकरण केंद्र में ताला जड़ कर रखने और बच्चों के साथ उनके माता-पिता को घंटों इंतजार कराने की शिकायत करते हुए दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है.



**घोर लापरवाही**

- खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खोल रहे थे कर्मी
- सदर विधायक के मीडिया प्रतिनिधि ने खुलवाया ताला

### सिविल कोर्ट में मेगा लोक अदालत 9 मार्च को

**हजारीबाग।** विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार 9 मार्च को सिविल कोर्ट में एक मेगा लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा. जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने बताया कि मेगा लोक अदालत सुबह 11 बजे से शाम साढ़े चार बजे तक चलेगा. इसके बाबत पक्षकारों को पूर्व में ही नोटिस भेजे जा चुके हैं. इसमें सुलहनीय सभी आपराधिक मामले, सिविल प्रकृति, बिजली, बैंक, माप-तौल, चेक बाउंस, वन विभाग, उत्पाद विभाग, मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिनियम के तहत लंबित मामले और कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामलों का निष्पादन पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया जाएगा. हर एक बेंच में एक न्यायिक पदाधिकारी, एक पैनल अधिवक्ता और संबंधित विभाग के कर्मचारी व पदाधिकारी के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे. वहीं, लोगों की सुविधा के लिए सिविल कोर्ट परिसर में पूछताछ के काउंटर भी बनाए जाएंगे.

### हजारीबाग लोस सीट से भाजपा उम्मीदवार बने मनीष जायसवाल

# खुशी से झूमे समर्थक व कार्यकर्ता

संवाददाता। हजारीबाग

भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार शाम लोकसभा चुनाव को लेकर अपने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी. इसमें हजारीबाग लोकसभा सीट से जयंत सिन्हा का टिकट काटते हुए सदर विधानसभा सीट से लगातार दो बार विधायक रहे मनीष जायसवाल को टिकट दिया गया है. हालांकि, क्षेत्र में मनीष जायसवाल की उम्मीदवारी को लेकर पहले से ही अनुमान लगाया जा रहा था.

सदर विधायक मनीष जायसवाल पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में लगातार सामाजिक सेवा और लोगों के लिए कार्य करने को लेकर पूरे राज्य में चर्चित रहे हैं. इधर, हजारीबाग लोकसभा सीट से सदर विधायक मनीष जायसवाल को भाजपा का प्रत्याशी बनाए जाने की बात क्षेत्र में जैसे ही पहुंची, भाजपा कार्यकर्ता खुशी से उछल पड़े. कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी, तो कई जगह आतिशबाजी की धूम दिखी. इधर जैसे ही टिकट की घोषणा हुई झंडा चौक से लेकर विधायक आवास तक मनीष जायसवाल के समर्थकों का जमावड़ा लग गया. बधाई देने के लिए कार्यकर्ता विधायक के घर पहुंच गए. विधायक के पिता ब्रजकिशोर जायसवाल की आंखें खुशी से छलक उठी वहीं. वहीं, पुत्र करण जायसवाल समर्थकों के साथ खुशी जताने झंडा चौक पहुंच गए और जमकर आतिशबाजी की. विधायक की पत्नी निशा जायसवाल और पुत्रवधू अवंतिका जायसवाल भी खुश दिखीं.

पूरे परिवार ने एक स्वर में कहा कि मनीष जायसवाल के द्वारा शिद्दत से की मेहनत का प्रतिफल है कि उन्हें हजारीबाग लोकसभा सीट से भाजपा का टिकट मिला. परिवार, समर्थक और भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने मनीष जायसवाल को सासंद का टिकट देने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को साधुवाद दिया है.



**जश्न मनाया**

- परिवार ने बताया शिद्दत से की गई मेहनत का प्रतिफल
- सदर विधायक के अवास पर जुटे समर्थक, बांटी मिठाई

**चुनाव तैयारी**

### आई एम वेरिफाइड वोटर अभियान को सफल बनाने और शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील

# समावेशी चुनाव में सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो : नैंसी सहाय

संवाददाता। हजारीबाग

आगामी लोकसभा चुनाव में आमजनों की भागीदारी बढ़ाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है. इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु मीडिया द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार से इसके सकारात्मक परिणाम देखे जा सकते हैं. उक्त बातें उपायुक्त नैंसी सहाय ने शनिवार को अपने कार्यालय सभाकक्ष में प्रेस वार्ता के दौरान कही. बताया कि आगामी 4 मार्च को सुबह 10 बजे से सोशल मीडिया में हैसटैग अभियान का आयोजन होगा.

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा समावेशी चुनाव में सबकी भागीदारी सुनिश्चत हो. कहा, प्रायः यह देखा गया है कि शहरी क्षेत्र के मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध नहीं रहने के कारण वे मतदान करने नहीं जाते हैं, इसके लिए बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को घर-घर भेज कर सभी मतदाताओं के पास पहचान पत्र उपलब्ध है या नहीं, इस संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है. वहीं, जिनके पास वोटर आईडी कार्ड उपलब्ध नहीं है, उनका नया रिप्लेसमेंट कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी है. उपायुक्त ने जागरूकता अभियान के तहत जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वह अपना नाम मतदान केंद्र जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाइन वोटर हेल्प लाइन ऐप या वोटर्स सर्विस पोर्टल के माध्यम से जांच कर संतुष्ट हो जाएं कि उनका नाम संबंधित मतदान केंद्र की मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं.

यदि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, अथवा कोई त्रुटि है, तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि हेतु आवेदन संबंधित बीएलओ अभियान दिवस को अपने मतदान केंद्र पर प्रपत्र 6, 7 व 8 के साथ उपस्थित होंगे. उपायुक्त ने मतदाताओं से अपील की है कि मतदाता सूची की प्रति के साथ सेल्फी/फोटो लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सोशल मीडिया पर हैशटैग आई एम वेरिफाइड वोटर का उपयोग करते हुए पोस्ट करें.



**जागरूकता अभियान**

- डीसी ने मीडिया की भागीदारी को काफी महत्वपूर्ण बताया
- 4 मार्च को सोशल मीडिया पर चलेगा हैशटैग अभियान

**बूथों पर मतदाता सूची में नाम जांच लें मतदाता : डीडीसी**

**रामगढ़।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने एवं मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 4 मार्च को राज्य भर में हैश टैग 'आई एम वेरिफाइड वोटर' अभियान चलेगा. इसे लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने प्रेस वार्ता की. उन्होंने सभी को जानकारी दी कि 4 मार्च को सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर मतदाता सूची के साथ उपस्थित रहेंगे. वहीं सभी मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप अथवा अपने मतदान केंद्र में मतदाता सूची में अपने नाम की जांच कर सेल्फी लेते हुए आई एम वेरिफाइड वोटर के साथ सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया जाना है. अभियान के सफल संचालन में सभी मीडिया प्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी उनके क्षेत्र में आमजनों को अभियान के प्रति जागरूक करने की अपील की गई. डीडीसी ने बताया कि अभियान के तहत जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा.



# 10 एकड़ में की गई अफीम की खेती को किया गया नष्ट

संवाददाता। चौपारण

जिले में अफीम तस्करी पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है. इसी क्रम में शनिवार को 10 एकड़ मे लगी पोस्ता की फसल को नष्ट किया गया. जानकारी देते हुए थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, बरही एसडीपीओ नौशाद आलम और वन विभाग के अयूब अंसारी के नेतृत्व में पोस्ता की अवैध खेती और अफीम की खरीद-बिक्री पर रोकथाम हेतु संयुक्त छापेमारी दल का गठन किया गया.

छापेमारी दल ने चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत अहरी गांव में लगभग 10 एकड़ वन क्षेत्र भूमि पर लगी पोस्ते की फसल को ट्रैक्टर चला कर विनिष्ट किया. इस संदर्भ में चौपारण थाना प्रभारी को दोषियों को चिह्नित कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है. साथ आसपास के ग्रामीणों को नशा मुक्ति उन्मूलन के संबंध में आवश्यक जानकारी देते हुए अफीम का खेती और सेवन नहीं करने हेतु जागरूकता अभियान चलाने कहा गया है. ग्रामीणों से अफीम की खेती करने वाले लोगों की सूचना पुलिस को गुप्त रूप से उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है.

**पुलिसिया कार्रवाई**

- चौपारण थाना पुलिस व वन विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई
- ग्रामीणों को नशा उन्मूलन के प्रति किया गया जागरूक

### ब्रीफ खबरें

### जलापूर्ति योजना को लेकर बैठक की गई

**गाण्डेय (गिरिडीह)** । शनिवार को जिले के गांडेय प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित ग्रामीण जलापूर्ति योजना को सुचारू रूप से संचलन को लेकर गांडेय पंचायत सचिवालय में बैठक का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता मुखिया अमृतलाल पाठक ने किया. बैठक में गर्मी को देखते हुए प्रखंड मुख्यालय में स्थित ग्रामीण जलापूर्ति योजना को सुचारू रूप से चलने के लिए बैठक की गई. आयुक्त ग्रामीण पेयजल योजना विगत 4 माह से बंद पड़ी हुई थी. जिसको फिर से चालू कर गांडेय बाजार के लोगों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी.

### निशिकांत को टिकट मिला, खूब छूटे पटाखे

**गोड्डा।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की केंद्रीय समिति ने देर संध्या प्रत्याशियों के नामो की प्रथम सूची जारी कर दी है. कुल 195 प्रत्याशियों की सूची में झारखंड के गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में निशिकांत दुबे के नाम पर एक बार फिर से पार्टी ने दाव लगाया है. निशिकांत दुबे को दोबारा टिकट मिलने की घोषणा होने पर समर्थकों ने देर संध्या कारगिल चौक पर जमा होकर मिठाई बांटी और पटाखे छोड़ कर अपनी खुशी जाहिर की.

### 7328 लाभुकों को आवास की स्वीकृति : उपायुक्त

**साहिबगंज।** साहिबगंज के डीसी हेमंत सती ने कहा कि जिले में अबुआ आवास योजना के कुल 151384 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से जांच में 57130 आवेदन सही पाए गए हैं. वित्तीय वर्ष 2023-24 में 7328 लाभुकों को आवास की स्वीकृति दी गई है. इनमें से 4241 लाभुकों के खाते में पहली किस्त का की राशि भेज दी गई. बाकी लाभुकों को तीन-चार दिनों के अंदर प्रथम किस्त का भुगतान कर दिया जाएगा. डीसी ने यह जानकारी शनिवार को प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने कहा कि आवास के चयनित लाभुकों की सूची प्रत्येक पंचायत में दीवार पर चिपकाई जाएगी.

### डॉ अरशद ने किया गोड्डा का नाम रोशन

**गोड्डा।** जिला के पथरगामा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बेलसर निवासी डॉ अरशद जमाल ने एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रथम प्रयास में ही फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट परिक्षा में उत्तीर्ण होकर जिला का नाम रोशन किया है. गौरतलब है कि डॉ अरशद जमाल ने एमबीबीएस की पढ़ाई किर्गिस्तान से पूरी की है. डॉ. अरशद इस ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता तुल्य अभिवावक डॉ नुरुद्दीन शेख को दिया है. उन्होंने कहा है कि एक मार्गदर्शक के रूप में पढ़ाई लिखाई में डॉ नुरुद्दीन शेख ने भरपूर सहायता की है.

### टॉक्सिक गैस निगरानी प्रणाली का उद्घाटन

**बोकारो ।** बोकारो स्टील प्लांट में कार्यस्थल पर गैस सुरक्षा की दृष्टिकोण से रियल टाइम टॉक्सिक गैस सिस्टम प्लांट के लिए काफी अहम है. इसे देखते हुए प्लांट में एक अत्याधुनिक लोरावन-आधारित टॉक्सिक गैस निगरानी प्रणाली स्थापित की गई है. जिसका उदघाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी ने शनिवार को किया. उद्घाटन के मौके पर अरविंद कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-II,सीसीएस), मुख्य महाप्रबंधक (एचएसएम) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (क्वालिटी) मनोहर लाल उपस्थित थे.

---

राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ उपायुक्त ने की बैठक, दी गई जानकारी

## कल आई एम वेरिफाइड वोटर सोशल मीडिया अभियान

**संवाददाता। बोकारो**



बोकारो समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे.

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों से निर्वाचन विभाग द्वारा आगामी 4 मार्च को प्रस्तावित सोशल मीडिया अभियान आई एम वेरिफाइड वोटर की जानकारी दी. कहा गया कि अभियान का उद्देश्य आम जन मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम है या नहीं, ऑनलाइन माध्यम वोटर हेल्प लाइन ऐप अथवा संबंधित मतदान केंद्र पर बीएलओ के माध्यम से प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम जांच कर संतुष्ट होने पर मतदाता सूची वोटर इंफारमेशन स्लिप की प्रति के साथ सेल्फी फोटो लेकर अपने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म आदि पर हैशटैग आई एम वेरिफाइड वोटर उपयोग करते हुए पोस्ट करना है.

#### फार्म भरकर जमा करें

अगर किसी का नाम मतदाता सूची में नहीं है अथवा दर्ज नाम में कोई त्रुटि, संशोधन है, तो मौके पर ही बीएलओ को फार्म भरकर जमा करेंगे. ऑन स्पाट मतदाता सूची में नाम दर्ज करने संशोधित करने का कार्य किया जाएगा. उन्होंने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को बताया कि इलेक्ट्रोल फोटो पहचान पत्र के अलावा भारत निर्वाचन आयोग ने 12 अन्य दस्तावेज मान्य किया है. जिसमें पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी किए गए कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, आधार कार्ड,सांसद विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र शामिल हैं. इसकी जानकारी मतदाताओं को दें, ताकि ईपीक नहीं होने के बाद भी वह अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें.

---

## असामाजिक तत्वों ने आम के पौधों को काट कर नष्ट किया



**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**

बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के मधवाडीह पंचायत स्थित मधवाडीह में असामाजिक तत्वों द्वारा आम बागबानी के लिए लगाए गए पौधों को काट कर नष्ट कर दिए जाने की खबर है. घटना शुक्रवार रात की बताई जाती है. असामाजिक तत्वों ने बागान में लगे काफी संख्या में आम के पौधों को आरी से काट कर नष्ट कर दिया है. इस संबंध में पीड़ित गौरी देवी ने बेंगाबाद थाना और बीडीओ को आवेदन दे कर उचित कार्रवाई की मांग की है. बताया गया कि गौरी देवी को वर्ष 2021-22 के तहत बिरसा मुंडा आम बागबानी योजना का लाभ मिला था. उन्होंने इस योजना के तहत एक वर्ष पूर्व आम के पौंधा लगाये थे. शुक्रवार की रात अज्ञात लोगों द्वारा पौधों को काट कर नष्ट कर दिया गया. सूचना पाकर पंचायत के मुखिया मो सदीक अंसारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया.

---

बाइक, पांच हजार नगद, 1200 पीस लाटरी के टिकट बरामद

## अवैध लॉटरी का कारोबार करते तीन युवक गिरफ्तार

**संवाददाता। गिरिडीह**



बगोदर पुलिस ने बगोदर बस स्टेंड से अवैध लॉटरी का कारोबार करते तीन युवकों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से एक बाइक,पांच हजार नगद और 1200 पीस लॉटरी का टिकट बरामद किया गया है. एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ युवक बगोदर में अवैध लॉटरी का कारोबार कर रहे हैं. इसकी गिरफ्तारी के लिए एसडीपीओ धनंजय कुमार राम के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. टीम ने बगोदर बस स्टेंड परिसर से बाइक से तीन युवकों को गिरफ्तार किया है. तीनों युवक ग्रामीणों को लालच देकर लॉटरी का टिकट बेच रहे थे.

पुलिस ने तीनों युवकों के पास से 1200 लॉटरी के टिकट और 5000 रुपया नगद बरामद किया गया है. गिरफ्तार तीनों युवकों में धनबाद जिला के गोबिंदपुर थाना क्षेत्र निवासी शौकत अली का 33 वर्षीय पुत्र मो. गुरफान,इसी गांव के संजय रवानी का 29 वर्षीय पुत्र पंकज रवानी और गोबिंदपुर थाना क्षेत्र के भेलेज रोड निवासी श्याम प्रसाद का 38 वर्षीय पुत्र अप्पू सोनार शामिल हैं. छापामारी टीम में एसडीपीओ धनंजय कुमार राम के अलावा,थाना प्रभारी सुख सागर सिंह चौधरी, एएसआई संजय कुमार शामिल थे.

### बाल विवाह रुकवाया

**साहिबगंज।** तालझारी थाना क्षेत्र में मंथन संस्था के समन्वयक एवं सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता के द्वारा शुक्रवार की देर शाम को तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत मसकालिया के ईट भट्ठ में पुलिस की मदद से एक बाल विवाह रुकवाया गया. गुप्त सूचना के आधार पर टीम गठित कर नाबालिग के ससुराल पहुंचकर बालिका की पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की गई . जांच पड़ताल के दौरान बालक एवं बालिका दोनों नाबालिग पाए गए. इस मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी. तभी मंथन संस्था एवं पुलिस ने ग्रामीणों को बताया गया कि लड़की 18 एवं लड़का 21 वर्ष होने के बाद ही विवाह करवाया जा सकता है.

### लूट मामले में पुलिस गंभीर, छापेमारी जारी

**बेंगाबाद (गिरिडीह) ।** बेंगाबाद थाना अंतर्गत गेनरो पंचायत के रतुआडीह जंगल के समीप सीएसपी संचालक से लूट मामले में बेंगाबाद पुलिस गंभीर है. एसपी के निर्देश पर लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर रही है. लूट कांड मामले में भुक्तभोगी नंदकिशोर साह के आवेदन पर बेंगाबाद थाना में कांड संख्या 39/24 के तहत दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है. केस दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार अलग अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर रही है. इस बाबत थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. कई थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर संदिग्धों की तलाश की जा रही है. मालूम हो कि शुक्रवार 01 मार्च को गेनरो निवासी नंदकिशोर साह चपुआडीह बैंक से पैसे की निकासी कर वापस घर लौट रहे थे. इसी क्रम में कर्मजोरा मोड़ से गेनरो जाने वाले सड़क पर रतुआडीह जंगल के पास बाइक सवार दो अपराधकर्मियों ने ओवरटेक कर सीएसपी संचालक को रोक कर हथियार की नोक पर एक लाख रुपये लूट कर फरार हो गए थे. बताया गया कि लुटेरे पैसे लूटने के बाद बिहार बॉर्डर की तरफ भाग निकले थे.

---

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर मौत

**संवाददात। साहिबगंज**



राधानगर थाना क्षेत्र के उधवा सिरासीन आरईओ सड़क मनिहारीटोला भट्ठा के समीप बीती रात सड़क दुघर्टना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. दोनों की पहचान मनिहारी टोला मनीष मंडल (23) व मुन्ना मंडल (20) के रूप में हुई है. दोनों युवक रात में अपने घर से श्रीधर बाउल गान सुनने के लिए बाइक से जा रहे थे. मनीष मंडल बाइक चला रहा था जबकि मुन्ना मंडल पीछे बैठा था. इसी बीच उधवा सिरासीन आरईओ सड़क भट्ठा गांव के पास चालक बाइक का नियंत्रण खो बैठा और बाइक सड़क किनारे रखी ईंट के ढेर से टकरा गई. दोनों को सिर व शरीर के अन्य जगहों पर गंभीर चोट लगी. जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. इस घटा की सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है. इधर घटना की सूचना जैसे ही राधानगर पुलिस को मिली. राधानगर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी व एएसआई विनय कुमार घटनास्थल पर पहुंच कर दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल भेज दिया. वहीं शनिवार को दोनों शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया. दोनों युवकों का गांव में दाह-संस्कार कर दिया. मनीष मंडल की शादी गांव में ही करीब तीन वर्ष पूर्व हुई थी. उसे तीन वर्ष का पुत्र है. वहीं मुन्ना मंडल पांच भाई-बहनों में सबसे छोटे था.इनका माता पिता की मृत्यु वर्षों पहले हो चुका है.

### मोटरसाइकिल से गिर कर महिला घायल हुई

**साहिबगंज।** बरहेट प्रखंड में शनिवार को बरहेट थाना क्षेत्र के रांगा सिमड़ा पथ पर बाइक से गिरकर एक महिला घायल हो गई. जानकारी के अनुसार बाइक के पीछे बैठी महिला ब्रेकर से पार होने के क्रम में हुई उछाल से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला प्रवाह एनजीओ संस्था में कार्यरत मैत्री राय चौधरी (38) सिमड़ा से जीपीडीपी कार्यक्रम में शामिल होकर वापस बरहेट आ रही थी. वहीं बुरू टोला के समीप ब्रेकर में बाइक उछलने से पीछे गिर गई. जिससे उसके सिर पर गंभीर रूप से चोट लगी है.

## शिक्षक संघ ने समारोह में प्राचार्य को दी विदाई

**संवाददाता। बोकारो**

कसमार प्रखंड शिक्षक संघ की ओर से कसमार प्रखंड के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सह मध्य विद्यालय कसमार के प्राचार्य अनिल कुमार रजवार के सेवानिवृत्त होने पर समारोहपूर्वक विदाई दी. शनिवार को प्रखंड के हरनाद स्थित केएन हाई स्कूल के प्रांगण में प्रखंड के शिक्षकों ने विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने अनिल रजवार के कार्यकाल की सराहना की. बताया गया कि अनिल रजवार ने सितंबर 2013 से मार्च 2024 तक निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवा दी. इस दौरान इन्होंने शिक्षकों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखा व अपेक्षित सहयोग देने का काम किया. कार्यक्रम को सेवानिवृत्त शिक्षक अजय कुमार जायसवाल, क्षेत्रनाथ उच्च विद्यालय हरनाद के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार दत्ता, शिक्षक दीपक कुमार, जय प्रकाश नायक, विमल कुमार नायक, रामविलास महतो ने भी संबोधित किया.

---

## चुनाव पर की गई विस्तार से चर्चा, अन्य जानकारी दी गई

बीडीओ और सीओ ने की बीएलओ के साथ बैठक



**संवाददाता। धनवार (गिरिडीह)**

धनवार प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी ने शनिवार को प्रखंड के सभी बीएलओ व अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ देवेंद्र दास और अंचल अधिकारी गुलजार अंजुम मौजूद थे. बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में शनिवार को लॉन्च हुए वीडियो सीरीज, संस्कारी मास्टरजी के संबंध में जानकारी दी गई. बताया गया कि उक्त सीरीज के माध्यम से वीडियो, पोस्टर, फ्लायर व अन्य सामग्री सोशल मीडिया हैंडल्स पर हैशटैग मध्यान 12 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच पोस्ट करते हुए हैशटैग मास्टर जी अभियान चलाया जाना है. हैशटैग अभियान से संबंधित सामग्री जैसे वीडियो, पोस्टर, फ्लायर व अन्य सामग्री निर्वाचन कार्य से संबंधित कंप्यूटर ऑपरेटर को उपलब्ध करा दिया गया है. जिसका क्रियान्वयन सभी को करना है. मौके पर रामशरण यादव, रविंद्र सिंह, दिनेश दास सरोज कुमार समेत कई आंगनबाड़ी सेविका सह बीएलओ पम्मी सिन्हा मौजूद थी.

### सीएम के आगमन को लेकर डीसी ने की बैठक

**गिरिडीह।** आगामी 04 मार्च को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के गिरिडीह दौरा को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई. बैठक में विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था संधारण, यातायात व्यवस्था पर चर्चा की गई. उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में सारी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ व दुरुस्त करने पर विचार विमर्श किया गया. उपायुक्त ने कहा कि उक्त कार्यक्रम को लेकर सभी विभाग अपनी तैयारी पहले से पूर्ण कर लें. साथ ही सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को गति के साथ करें, ताकि उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित कराया जाय. उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम को लेकर जो भी कार्य अभी तक पूरे नहीं हुआ है, उसे तत्काल रूप से पूर्ण करें. डीसी ने कार्यक्रम को लेकर नगर भवन की पूरी साफ सफ़ाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. उन्होंने लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, झंडा मैदान में पेयजल आपूर्ति, शौचालय, मेडिकल टीम, एंबुलेंस की उपलब्धता की व्यवस्था करने को कहा.

---

व्यवहार न्यायालय में मोटर वाहन दुर्घटना वाद स्टेकहोल्डर्स के साथ एक दिवसीय कार्यशाला

## पीड़ितों को मिल सकता है त्वरित न्याय : सत्र न्यायाधीश

**संवाददाता। गिरिडीह**



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीणा मिश्रा के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित मामलों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीणा मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक कौशर अली. जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार प्रियदर्शी, वरीय अधिवक्ता नरेंद्र शर्मा द्वारा किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि मोटर वाहन दुर्घटना वाद में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश सभी स्टेकहोल्डर के लिए प्रदान किए गए हैं. इन दिशा निर्देशों का अनुपालन किए जाने से मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित पीड़ितों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सकता है.

**खास बातें**

- पुलिस पदाधिकारियों को जागरुक किया गया
- मिलने वाले मुआवजा की प्रक्रियाओं की जानकारी दी
- कार्यशाला में दुर्घटना से जुड़ी अन्य जानकारियां भी दी गईं

#### दिशानिर्देशों का अनुपालन करें

कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम राजेश कुमार बग्गा ने कहा कि वर्कशॉप के सभी स्टेकहोल्डर पुलिस पदाधिकारियों, बीमा कंपनियों, चिकित्सकों, बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं, क्लेमेंट के अधिवक्ताओं के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण है. उन्होंने सभी से अपील की कि आज के इस वर्कशॉप के तकनीकी सत्र में पदाधिकारियों एवं रिसोर्स पर्सन के द्वारा बताए जा रहे दिशानिर्देशों का अनुपालन मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित मामलों में करें, ताकि इन मामलों के पीड़ितों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान किया जा सके. पुलिस उपाधीक्षक अली ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोटर वाहन दुर्घटना वाद में पुलिस पदाधिकारियों की संवेदनशीलता एवं उनके कर्तव्यों के बारे में उन्हें जागरूक किया. जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार प्रियदर्शी ने हिट एंड रन केस में परिवहन विभाग के माध्यम से मिलने वाले मुआवजा की प्रक्रियाओं के संदर्भ में जानकारी दी. कार्यक्रम में अपर कुटुंब न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव ,जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय आनंद प्रकाश, जिला जज पंचम संजीव कुमार वर्मा,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सौरव कुमार गौतम सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी आदि मौजूद थे.

---

**प्राण प्रतिष्ठा** 11 सौ महिलाओं और युवतियों ने कलश उठाया, जयकारे लगाये

## भव्य कलश यात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ

**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**



बेंगाबाद के बड़कीटांड़ में आयोजित 9 दिवसीय राधा कृष्ण हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ. कलश यात्रा में ग्यारह सौ महिला एवं युवतियों ने कलश उठाया. जबकि यात्रा में 2 हजार से अधिक लोग शामिल हुए. कलश यात्रा बड़कीटांड़ शिव मंदिर प्रांगण से शुरू हुआ और घाघरा, करमाटांड़, हाडोडीह, फुरसोडीह के रास्ते बेंगाबाद बाजार पहुंची. बेंगाबाद बाजार का भ्रमण करते हुए यात्रा पेसराटांड़ नदी पहुंची. नदी से जल उठाने के बाद कलश यात्रा वापस बड़कीटांड़ स्थित यज्ञ स्थल पहुंची. कलश यात्रा के दौरान पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा और धार्मिक नारों के साथ जय जयकारा गूंजता रहा. बताया गया कि इस 9 दिवसीय यज्ञ विभिन्न स्थानों से पुरोहित और पंडित भाग लेंगे. महायज्ञ को सम्पन्न कराने के लिए यज्ञाचार्य लाल बाबा जी महाराज पहुंचे हैं. जबकि कथावाचक के रूप में कृष्णनंद शास्त्री, वाराणसी से उमेश पांडेय, पिंटू पांडेय, कांको मठ से सोनू पांडेय अपनी टीम के साथ पहुंचे हैं.

### पूर्व प्रमुख ने की शर्बत और पानी की व्यवस्था

कलश यात्रा में शामिल महिला श्रद्धालुओं समेत अन्य लोगों के लिए पूर्व प्रमुख रामप्रसाद यादव ने शर्बत और पानी की व्यवस्था की. पूर्व प्रमुख द्वारा दिवंगत मुखिया मुंशी महतो के बेंगाबाद स्थित आवास के पास श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया और उन्हें शरबत पानी पिलाया गया. मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, रामप्रसाद यादव, बजरंगी यादव मौजूद थे.

---

## भरत अध्यक्ष,ईश्वर सचिव चुने गए

**संवाददाता। बोकारो**



झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की कसमार पंचायत स्तरीय बैठक शनिवार को सुइयाडीह स्थिर स्थित हरि मंदिर के प्रांगण में आयोजित हुई. बैठक में सांगठनिक विस्तार तथा लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई. इस दौरान समिति की कसमार पंचायत स्तरीय कमेटी का विस्तार किया गया. इसके तहत भरत कुमार महतो पंचायत अध्यक्ष, ईश्वर चंद्र महतो सचिव, मो जमील अख्तर उपाध्यक्ष एवं खिलेश्वरी देवी महिला मोर्चा उपाध्यक्ष चुनी गई.

बैठक को संबोधित करते हुए जेबीकेएसएस के गोमिया विधानसभा प्रभारी व पर्यवेक्षक अमरेश कुमार महतो ने कहा कि गांव-गांव में जेबीकेएसएस के प्रति युवाओं व महिलाओं समेत हर वर्ग के लोगों में रुझान है. लोगों को इस बात का भरोसा है कि झारखंड का विकास जेबीकेएसएस ही कर सकती है. बैठक में जेबीकेएसएस के कसमार प्रखंड प्रभारी बबलू अंसारी, केंद्रीय संगठन मंत्री भुनेश्वर महतो, मुकेश महतो, गयाराम महतो, राजकिशोर महतो, रोहित महतो, सुषमा देवी, अंजना देवी आदि मौजूद थे.

**खास बातें**

- झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक
- सांगठनिक विस्तार और चुनाव पर चर्चा की गई


# जुबां पर राम रटते हो, बगल में जाम रखते हो!



कविता कलम

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**भारतीय** सनातन संस्कृति में मन, वचन और कर्म की एकता पर विशेष बल दिया गया है. मतलब जो आपके मन में है, वही वचन में हो और उसी के अनुरूप आपके कार्यकलाप हों. इसके ठीक विपरीत भारत की आधुनिकतम राजनीति में मन, वचन और कर्म की भिन्नता प्रधान हो गयी है. राजनीति को ही अपना धर्म समझनेवाले सोचते कुछ हैं, बोलते कुछ और हैं और काम जो करते हैं, वह उनके सोचने और बोलने से भी अलग होता है. वे जो कुछ भी करते हैं, उसमें उनका राजनीतिक स्वार्थ सिर चढ़ कर बोलता है. वे अनेकता में एकता की विशेषता वाले देश में रहकर एकता में अनेकता न केवल ढूंढते हैं, बल्कि उसे स्थापित करने में भी सफल हो जाते हैं. भोली भाली जनता को कभी धर्म के नाम पर, कभी जाति के नाम पर, कभी क्षेत्र के नाम पर तो कभी भाषा के नाम पर आपस में लड़ाते हैं, मरने-कटने पर बेबस रखते हैं और अपना उल्लू सीधा करते रहते हैं. नहीं चाहते हुए भी जनता उनके झांसे में आने से खुद को रोक नहीं पाती. कुछ ऐसी ही राजनीतिक विकृति पर धनबाद की कवयित्री **स्नेहप्रभा पाण्डेय** इन शब्दों में कटाक्ष करती है-



जुबां पर राम रटते हो,
बगल में जाम रखते हो,
कहो कैसे कहें तुमको,
कि तुम इंसान दिखते हो.
नहीं हो राम-से नायक,
नहीं उस काम के लायक,
न मानवता रखें अंदर.
नहीं व्यवहार है सुंदर.
चले जब राम के द्वारे ,
तो मन में हैं भरे खारे,
कहो कैसे मिले दर्शन,
जरा तुम देख लो दर्पण,
जो जूठे बेर खाते हैं
उन्हें ही राम कहते हैं,
तुझमें है नहीं हिम्मत,
यही तेरी बड़ी दिक्कत.
गले केवट जो लगते हैं,
वे ही राम हैं अपने,
नफ़रत बीज बोते हो,
तो फिर क्यों राम रटते हो.
नहीं आसान है इतना,
कि रावण राम पा जाए,
उसे तो मौत मिलती है,
तभी वो मुक्त हो जाए.

इस रचना का आशय यही है कि केवल राम का नाम रटने से देश और समाज को कोई लाभ नहीं मिलनेवाला. लाभ तो तब होगा, जब राम का नाम रटने के बजाय राम की तरह बनने का प्रयास किया जाये. स्नेहप्रभा जी देश और समाज में व्याप्त कुरीतियों और विसंगतियों पर अपनी कविताओं, गीतों और गजलों के माध्यम से तीखा कटाक्ष करती रहती हैं. इनकी रचनाओं में सात दशकों के अनुभवों का स्पष्ट प्रभाव दिखता है. घर-परिवार की सारी जिम्मेदारियां संभालती हुई देश और समाज के हित में निरंतर चिंतन करती रहती हैं और फिर अपनी रचनाओं में उसकी अभिव्यक्ति देती रहती हैं. कुछ ऐसी ही बातें जमशेदपुर के बिरसानगर निवासी कवि **शिवनंदन सिंह** की रचनाओं में भी महसूस की जा सकती हैं. उदाहरण के लिए प्रस्तुत है इनकी यह गजल.



तेरे चेहरे पर कोई नजर गड़ाये बैठा है,
पता नहीं है कोई हमदर्द या लुटेरा है.
नजरें तो कली पर वैसे ही उठ जाती है,
सच हुस्न पर तो नजरों का ही बसेरा है.
यहां तो लगता है इल्जाम दूसरे पर ही,
कौन खुद को टटोलता है कि लुटेरा है.
लुट जाने का गम पता नहीं लुटेरों को,
लुटने वालों के दुनियां में भी अंधेरा है.
धन सत्ता की ललक में ही जो भटकते हैं,
'शिव' दुनिया में वो ही सबसे बड़ा लुटेरा है.

गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है-सबहिं नचावत राम गोसाईं. अर्थात संसार के रंगमंच पर जो नाटक चल रहे हैं, उसका सूत्रधार तो ईश्वर ही है. उसने ही तो भांति-भांति के लोग बनाये, नाना प्रकार की प्रवृत्तियां बनायीं, नाना प्रकार के खेल रचे, किंतु वह अपनी बगिया के एक-एक पौधे की देखभाल करता है. दिल्ली की कवयित्री **शालिनी खन्ना** श्रीहरि शरणं के मंत्र में विश्वास करती हैं. उनका विश्वास है कि राम की शरण में जाने से मंझधार में डूब रही नइया को किनारा अवश्य ही मिल जाता है. कुछ ऐसा ही भाव शालिनी जी की इस गजल में है-



जो खेल रचे तूने, प्रभु सबसे निराले हैं
चाहे रख ले जैसे, अब तेरे हवाले हैं.
जब भी दिल से चाहा, आवाज तू सुन लेता
तेरे दम से ही तो, मंदिर व शिवाले हैं.
है देकर खुशियों को, पल में दुख भी देता
जीवन में अंधेरा भी, तुमसे ही उजाले हैं.
है राह भटकते को, रस्ता दिखलाया है
जब-जब हम बिखरे हैं, तूने ही संभाले हैं.
देता पल में जो तू, तो छिन भी लेता है
दानों पर लिख डाला, किस-किसके निवाले हैं.
है पार करे नैया, मंझधार में जो डूबी
मुख से जिसने प्यारे, हरि नाम निकाले हैं.

ईश्वर बहुत ही कृपालु है. वही संसारवासियों को समस्याओं से निपटने के लिए शक्ति क्षमता प्रदान करता है और समस्याओं तथा परेशानियों के बीच भी खुश रहने के बहाने भी देता है. यह मधुमास भी वैसा ही एक बहाना है. मधुमास भक्तिमय शृंगार और शृंगारमय भक्ति का मौसम है, जिसमें प्रीति की रीति बलवान हो जाती है. तभी तो इसे ऋतुराज की संज्ञा दी गयी है. मधुमास के आगमन पर एक प्रेयसी के मन में कैसे उद्‍गार उठते हैं, इसको अभिव्यक्ति दे रही हैं प्रसिद्ध कवयित्री **गीता चौबे गूंज**. इनकी कविता का शीर्षक है- आ गया मधुमास प्रीतम.



आ गया मधुमास प्रीतम, अंक से मुझको लगा ले.
प्रेम के इस देवता से, आज अपना सुर मिला ले..
प्रीत की हर एक रचना, रोज नव प्रतिमान गढ़ती.
हर हृदय होता प्रफुल्लित, जिंदगी जब प्रेम पढ़ती..
प्रेमियों के दिल मिलें तब, सृष्टि भी है मुस्कराती.
हर तरफ रुत ये बसंती, रागिनी-सी छेड़ जाती..
नफरतों का बोझ कम हो, प्रेम का डंका बजा ले,
आ गया मधुमास प्रीतम...
कूक कोयल की फिजा में, प्रेम का संदेश देती.
मास यह ऋतुराज का है, कामिनी भी ताल देती..
बालियां गेहूं की झूमें, फूल सरसों खिलखिलाए.
चांद पढ़ता प्रेम-पाती, संग तारे झिलमिलाए..
ओ सजन परदेशिया आ, इस विरहिणी को बचा ले,
आ गया मधुमास प्रीतम...
कौन ऐसा जीव होगा, जो न इस रुत से प्रभावित.
गंध मादक हो जहां पर, जिंदगी होती सुवासित..
दिल जवां हो झूम उठता, उम्र की बंदिश न माने.
गूंजती जब तान मधुरिम, छेड़ता मौसम तराने.
प्रेम की बहती नदी में, चल सजन मुझको बहा ले,
आ गया मधुमास प्रीतम, अंक से मुझको लगा ले..

मधुमास आता है तो प्रेम की बहती नदी में डूबने-उतराने और बहने की इच्छा सबमें जग ही जाती है. कौन ऐसा जीव होगा, जिस पर मधुमास हावी न हो गया हो. जवान दिल तो झूम ही उठता हैं, मुरझाये मुखमंडल भी खिल जाते हैं. इसमें उम्र की बंदिश भी ढीली हो जाती है. यह मधुमास जब आता है तो यह संदेश भी दे जाता है कि नफरत की आग पर पानी डाल दो और प्रेम के दीप जला लो, तुम्हारा जीवन आलोकित हो जाएगा. अंधकार दुम दबाकर भाग जाएगा. तो आइए, हम मधुमास के इस संदेश को अपने जीवन में अपनाएं. इसी के साथ अब मुझे दे दीजिए जाने की अनुमति. जय हिंद! जय झारखंड!!

### महंगाई

जन-गण मन के देवता, अब तो आंखें खोल
महंगाई से हो गया, जीवन डांवाडोल
जीवन डांवाडोल, ख़बर लो शीघ्र कृपालू
कलाकंद के भाव बिक रहे बैंगन-आलू
कह 'काका' कवि, दूध-दही को तरसे बच्चे
आठ रुपये के किलो टमाटर, वह भी कच्चे।
राशन की दुकान पर, देख भयंकर भीर
'क्यू' में धक्का मारकर, पहुंच गये बलवीर
पहुंच गये बलवीर, ले लिया नंबर पहिला
खड़े रह गये निर्बल, बूढ़े, बच्चे, महिला
कह 'काका' कवि, करके बंद धरम का कांटा
लाला बोले-भागो, ख़त्म हो गया आटा।

- काका हाथरसी



# आक्रोश, प्रतिशोध, अहम और तिरस्कार में उलझी ज़िंदगी





चौराहा

प्रमोद कुमार झा

**उर्ध्वगामी** प्रगति, विकास, उन्नति जैसे शब्द इस सदी के ऐसे शब्द हैं, जो सार्वजनिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन में बार बार दिन भर सामने आते रहते हैं . यह सच है कि रॉकेट की गति से उन्नति तो अकेले जीवन यात्री से ही हो सकती है न! परिवार, घर, समाज, परिवेश को साथ लेकर बहुत तेजी से तो नहीं बढ़ा जा सकता है न ! उर्ध्वगामी प्रगति के साथ ही एक एकाकी जीवन का शाप भी जुड़ा होता है! एवरेस्ट पर कठिनाइयों से चढ़ कर पहुंचने वाला वहां नितांत अकेला ही होता है! शीर्ष तक पहुंचना उसका जुनून है और अकेलापन उसकी नियति! आम जिंदगी में भी यह उतना ही सच है. सफलता की चाहत में मनुष्य का जुनून इतना बढ़ता जाता है कि सफलता में विलंब उसे स्वभाव से आक्रोशित बना देता है. हमारे जीवन में, सामाजिक जीवन में, नाटकों में, सिनेमा में जीवन की गति ही प्रतिशोध से प्रेरित है. धैर्य और क्षमा पुरातन मानवीय गुण माने जाने लगे हैं. अधिकांश फिल्मी कहानियां पुश्त दर पुश्त प्रतिशोध और हिंसा पर ही आधारित हैं और बड़ी जनसंख्या उन कहानियों को परदे पर देख कर आत्मसंतुष्टि पाते हैं, मानो उन्होंने अपना प्रतिशोध ले लिया और उन्हें तत्काल सुकून मिल जाता है -यही है आज का मनोरंजन! आज के युग की एक और भी विशेषता है कि येन केन प्रकारेण कुछ हासिल करना है- योग्यता, शिक्षा, पद, प्रतिष्ठा, नौकरी, सामाजिक सम्मान और फिर आर्थिक लाभ! हम सभी एक हिंसक अहम के आधीन हैं. हमसे बेहतर कौन हो सकता है! एकोहम द्वितीयो नास्ति .......मुझमें कोई कमी है ही नहीं....मुझ से बेहतर कोई हो ही नहीं सकता! अगर कुछ भी मुझे नहीं मिला तो बिना विलंब के हम कह उठते हैं कि 'अरे वह तो बड़ा फ्रॉड है, अयोग्य है, सेटिंग करने वाला है....'फिर वही बात कि जैसे कह रहा हो कि 'अहम ब्रह्मास्मि' ! योग्यता में, रूप में, गुण में, ज्ञान में, वैभव में, प्रतिष्ठा में सभी न्यून हैं! असल में दूसरों के प्रति तिरस्कार का भाव प्रबल है, प्रतिशोध की भावना उग्र है, आक्रोश की भावना तो पाशविक है और व्यक्तिगत अहम इन सबों को उद्वेलित और नियंत्रित करता है. परिणाम सामने है. सामान्य असंतोष, मानसिक अवसाद, घृणा, आत्महत्या की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि! क्या यही है सफलता, विकास, प्रगति? इसमें नैसर्गिक आनंद, पारिवारिक खुशी, प्रगाढ़ संबंधों, सामाजिक समरसता की कोई गुंजाइश नहीं रहती! क्या विकास की नई परिभाषा गढ़ सकते हैं, जिसमें मानसिक विकास हो, आध्यात्मिक विकास हो, ज्ञान का विकास हो, तनावमुक्त जीवन हो, दूसरों की योग्यता के प्रति सम्मान हो, यथार्थ को स्वीकार करने का संबल हो, उदारता हो और प्रसन्न पारिवारिक जीवन हो? असल में प्रगति, आनंद, सफलता और सुख तो यही है न! कभी सोचिएगा!

# अमरकंटक के दर्शनीय स्थल




यायावर

डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

**पूर्व** यात्रा वृत्तांत में मैंने अपने पाठकों को शिव की तपोस्थली अमरकंटक के बारे में बताया था कि यह शिव की पावन तपोभूमि है. लेकिन साथ ही साथ यहां छोटे बड़े 24 दर्शनीय तीर्थ स्थल एवं मंदिर हैं. उन स्थलों और मंदिरों के दर्शन के क्रम में जो जानकारियां प्राप्त हो पायी हैं, वे आज यहां प्रस्तुत हैं.

**माई की बगिया:-** नर्मदा मंदिर से पूरब की ओर लगभग 1 किलो मीटर दूरी पर माई की बगिया नामक मनोरम तीर्थ स्थल है, जिसे चरणोदक कुंड के नाम से भी जाना जाता है. माई की बगिया स्थान के संदर्भ में एक जनश्रुति प्रचलित है कि नर्मदा जी बाल्यकाल में इसी बगिया में अपनी सखी गुलबकावली के साथ क्रीड़ा करती रहती थी. गुलबकावली एक प्रकार का पौधा है जो जनश्रुति के अनुसार पूर्व काल में एक सुंदर कन्या के रूप में थीं तथा नर्मदा जी की सहेली थी. इसी कारण इस स्थान का नाम माई की बगिया पड़ा. माई की बगिया में आम, केला, पपीता, जामुन आदि के हरे भरे वृक्ष हैं. इसी बगीचे में विश्व प्रसिद्ध गुलबकावली के पौधे पाये जाते हैं, जिसके अर्क से नेत्र रोगी के लिए औषधि तैयार की जाती है, जो कि नेत्र रोगी के लिए बहुत लाभकारी होती है. ऐसा कहा जाता है कि गुलबकावली का पौधा केवल माई की बगिया में ही हुआ करता था, किंतु आज वैज्ञानिक पद्धति के उपयोग से गुलबकावली का पौधा कहीं भी लगाया जा सकता है.

**माई का मंडपर:-** नर्मदा मंदिर से पूरब दिशा की ओर माई की बगिया होते हुए कच्चे मार्ग पर लगभग 8 किलोमीटर पैदल चलने पर माई का मण्डप स्थान आता है. जनश्रुति के अनुसार इस स्थान पर नर्मदा जी का विवाह सोन के साथ होने वाला था, किंतु विघ्न पड़ने के कारण विवाह नहीं हो सका. माई का मंडप घने जंगलों के मध्य श्री दुर्गा धारा नदी (आमानाला) के तट पर स्थित है.



**सोनमूड़ा (सोनभद्र का उदगम स्थान):-** माई की बगिया से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर दक्षिण दिशा की ओर सोनमूड़ा स्थान है.यह ब्रह्मा जी के मानस पुत्र सोन का उदगम स्थल है.सोन उदगम कुण्ड के समीप ही भद्र उदगम कुंड है. दोनों का संगम होने के कारण इसका नाम सोनभद्र पड़ा. संगम कुंड से लगभग 150 मीटर की दूरी पर सोनभद्र का जल प्रपात है, जिसकी ऊंचाई लगभग 300 फीट है. जनश्रुति यह है कि सोनभद्र जल प्रपात से गिरने के पश्चात् जल भूगर्भ में समा जाता है और अंदर ही अंदर 60 किलोमीटर की दूरी पर सोनबचरवार स्थान से पुनः प्रकट होता है, आगे चलकर यही विकराल रूप धारण लेता है. सोनभद्र के नाम पर उतर प्रदेश में एक जिला का निर्माण हुआ है. आगे चलकर बिहार में कोइलवर के आगे सोन नदी गंगा में मिल जाती है.ऐसा कहा जाता है कि सोन की जलधारा में स्वर्ण कण मिलते हैं.सोन का वर्णन ब्रह्म पुराण, तुलसी कृत मानस (मिलेउ सुभग नद सोन सुहावन)और श्रीमद्भगवद्गीता में मिलता है.


**श्रीयंत्र महामेरू मंदिर:-** नर्मदा नदी से 1 किलोमीटर की दूरी पर दक्षिण दिशा की ओर घने वनों के मध्य श्रीयंत्र महामेरू मंदिर का निर्माण कार्य स्वामी श्री शुकदेवानंद जी महाराज द्वारा कराया जा रहा है.

**गायत्री मंदिर:-** नर्मदा मंदिर की दक्षिण दिशा ओर लगभग 350 मीटर की दूरी पर गायत्री माता का भव्य मंदिर बना हुआ है.

**मार्कण्डेय आश्रम: -**नर्मदा मंदिर से दक्षिण दिशा की ओर लगभग 350 मीटर की दूरी पर मार्कण्डेय आश्रम बना हुआ है. मार्कण्डेय आश्रम के संदर्भ में यह जनश्रुति है कि किसी समय मार्कण्डेय ऋषि ने धर्म राज युधिष्ठिर सहित अनेक ऋषि-मुनियों को नर्मदा महात्म्य की कथा सुनाई थी. इसके अतिरिक्त शांति मंदिर और जालेश्वर मंदिर भी यहां हैं. जालेश्वर मंदिर में शिव की प्रतिमा स्थापित है. प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के पावन पुनीत अवसर पर श्रद्धालु जन जलाभिषेक कर शिव से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं.

अमरकंटक के ये सारे दर्शनीय स्थल तीर्थ के रूप में समादृत हो चुके हैं. मैंने इन दर्शनीय तीर्थो के दर्शन से अपने को लाभान्वित और कृतार्थ किया और सर्वे भवन्तु की प्रार्थना की.

# फाल्गुन की बयार और चमेली का प्यार



नश्तर

सुधीर राघव



**फाल्गुन** की बयार और चमेली के प्यार का कोई लॉजिक नहीं होता. दोनों कब लहर जाएं और कब झुक जाएं? गारंटी नहीं. मगर दोनों ही... मैं झुकेगा नहीं... का वही पुष्पराज वाला एटीट्यूड रखते हैं. फाल्गुन की बयार शीतल सुगंधित तेज झोंके की तरह आएगी. जब तक आप सोचें कि मैं स्वेटर पहन लूं, वह मंद पड़ जाएगी. फूलों से अठखेलियां करेगी, भंवरों को छेड़ेगी. तितलियों के पंखों में सुरसुरी छोड़ेगी. सरसों के पीले फूले खेतों में लहर बनाएगी. गेहूं की बालियों की मूंछों से लटकी ओस की बूंदों को साफ कर देगी. मगर जब अम्मा धूप की एक गर्म दृष्टि पड़ेगी तो शांत होकर बैठ जाएगी. फिर देर तक चूं नहीं करेगी. प्यार जताके जो एक बार निकली तो लोटकर नहीं आएगी. तब उस अल्हड़ हवा का दिनभर इंतजार करने के बाद निराश हो चले फूल की गर्दन शाम तक एक तरफ लुढ़क जाएगी.

चमेली जब खिलखिलाती है तो हर तरफ खुशबू बिखर जाती है. तितलियां और भंवरें उसकी तरफ खिंचे चले आते हैं. मगर चमेली को तितली और भंवरों से प्यार नहीं हुआ. उसे प्यार हुआ जंगल के राजा गधे से. चमेली दीवानी हो गई. चमेली को लगता जैसा सफेद उसके फूल का रंग, वैसा ही गधे का रंग. बस गधे में भगवान ने ग्रे रंग की अतिरिक्त लाइनिंग वाली शेड डाल दी है. उस पर ज्यादा मेहनत की है. इसलिए चमेली ने मान लिया कि उसका जन्म गधे के लिए ही हुआ है. गधे के प्रति चमेली की दीवानगी देखकर केलोबेलो कंपनी के न्यूज चैनल उसका इंटरव्यू लेने पहुंच गए. चमेली ने गधे के खूब गुण गाये . बेझिझक कहा- गधे का डंका पूरी दुनिया बजा रही है. गधे जैसा दूसरा लीडर इस दुनिया में नहीं है. वह गधे से सच्चा प्यार करती है. उसका प्यार कभी झुकेगा नहीं.

चमेली का इंटरव्यू प्रसारित होते ही पूरे जंगल में गधे और नई नवेली चमेली के एकतरफा प्यार की कहानी हिट हो गई. सभी जानवर चमेली की शादी की अटकलें लगाने लगे. गधा जहां प्रचार सभा करने जाता, वहां चमेली भी पहुंच जाती. गधे की सभाओं में अचानक से भारी भीड़ उमड़ने लगी. सभी जानवर अब चमेली को देखने के लिए गधे की सभा में आ रहे थे. उन्हें उम्मीद थी कि किसी न किसी सभा में गधा घुटनों के बल बैठकर चमेली को प्रपोज कर देगा. उधर, राजा गधा भी चमेली को प्रपोज करना चाहता था, मगर गधे के मालिक सेठ दुलीचंद सुनामी ने खेल कर दिया. उस धनपशु मुनाफाखोर को प्यार नहीं अपना मुनाफा देखना था. इसलिए उसने गधे को आदेश दिया कि वह फूली और फैली गोभी को प्रपोज कर दे. सेठ का आदेश पाकर गधे ने मंच पर घुटनों के बल बैठकर गोभी को प्रपोज किया. गोभी ने बिना कोई शर्म किए वहीं गधे को चूम लिया. गोभी को सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ भजन जंगल पार्टी से चुनाव मैदान में उतारने की घोषणा उसी मंच से कर दी गई. यह सब देखकर सभा में मौजूद नई नवेली चमेली का प्यार सेठ सुनामी की ओर झुक गया. वह समझ गई थी कि क्यों सेठ ने अपनी गोभी गधे को दे दी.

# जेरेड कला को संरक्षित कर रही हैं डॉ. स्टेफी टेरेसा मुर्मू





कला-संवाद

मनोज कुमार कपरदार











**कला** भाषिक हो, वाचिक हो या प्रदर्शन के निमित्त, इसके विस्तार में किसी भूभाग की सम्यक सांस्कृतिक विरासत की पोटली समेटी हुई होती है. रंग-रूप जहां एक-एक भाव बयां करते हैं, वहां कई बार किसी फोटो की तरह कलाकार की कलाकृतियां हजार शब्दों की झड़ी लगा देती हैं और लोग अपने अंतर्मन में कला की समग्रता लिए हुए डूबते-उतराते रह जाते हैं. तभी तो झारखंड के गांवों की दीवारों पर जानवर, पशु-पक्षी और पेड़-पत्तियों की तस्वीरें देखकर राह चलते हर किसी का ध्यान थोड़ी देर के लिए ठिठक जाता है. अगर उस रास्ते से कोई गुजर रहा हो तो उसके लिए ये तस्वीरें काफी आकर्षक व सुकूनदायक होती हैं, लेकिन अब यह कला गांवों की दीवारों से गायब होने लगी है. ये कलाकृतियां मिट्टी, प्राकृतिक रंगों और कल्पनाओं से गांवों की दीवारों पर दिखती थीं, जिसमें एक तरफ बच्चों की सी मासूमियत दिखती थी तो दूसरी ओर बूढ़ों का अनुभव संसार भी किसी रूप में परिलक्षित होता था. इस कला में गांवों की सहजता स्पष्ट रूप से नजर आती थी. इन कलाकृतियों में सांस्कृतिक उपक्रमों, आस्थाओं, मिथकों और अलंकरण में गजब का बोध दिखता था. इसके माध्यम से महिलाएं जीवन की सरसता एवं कलात्मक प्रतिभा का सुगमता से विकास करते हुए परस्पर सहयोग की भावना का विस्तार कर पाने में समर्थ होती थीं. झारखंड के संथाल समाज में कला परंपरा अति प्राचीन है. झारखंड की यह कला अपनी सरलता और सहजता के कारण आसानी से मन को मोह लेती है. यह कला दैनिक जीवन का महत्त्वपूर्ण अंग है, जिसका प्रदर्शन जनजातीय समाज विशेष अवसरों पर, उत्सवों में या पारंपरिक पूजा-अर्चना के समय करता है. यह कला अत्यधिक स्वतंत्र, गहन, अपने दैनिक जीवन के आकलन के साथ स्पष्ट और काल्पनिक सौंदर्य से पूर्ण है. भौगोलिक स्थिति अलग होने के कारण संथाल परगना और छोटानागपुर क्षेत्र के संथाल चित्रों में कुछ भिन्नता भी दिखती है. संथाल परगना के चित्रों में प्राचीनता का भाव है तो छोटानागपुर में आधुनिकता का प्रभाव. संथाल के भित्ति चित्रों में उभार है तो छोटानागपुर के चित्र समतल हैं. उभार लिए यह भित्ति कला जेरेड कला के नाम से जानी जाती है. यह प्राचीन जेरेड कला परंपरा धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है. संथाल भित्ति कला की इस प्राचीन परंपरा को विकसित व राष्ट्रीय पहचान दिलाने के प्रयास में जुटी हुई हैं डॉ. स्टेफी टेरेसा मुर्मू. डॉ. स्टेफी इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट मिनिस्ट्री गवर्नमेंट ऑफ अंडिया की गेस्ट फैकल्टी हैं. मूलतः दुमका की रहने वाली डॉ. स्टेफी अब रांची में रहती हैं और यहां भी इस कला परंपरा को बनाये रखने में तत्पर हैं. संथाल परगना क्षेत्र में दीवारों पर उकेरी जाने वाली इस अद्भुत कला से मूलतः संथाल आदिवासी महिलाएं खास कर मकर संक्रांति और सोहराय पर्व के पूर्व या धान कटनी के समय अपने घरों को सजाती हैं, उस समय ये अपने घर की दीवार या विशेषकर घर के प्रवेश द्वार पर मिट्टी से जीव जन्तु और पेड़-पौधे के चित्र बनाती हैं. इसमें वैसे जीव जन्तु के चित्र उकेरी जाती हैं, जो इनके रोजमर्रा के जीवन में मिल जाते हैं. जैसे मोर, सियार, मुर्गा, बत्तख के साथ-साथ फूल-पत्तियों के चित्र उकेरे जाते हैं, लेकिन इसमें पालतू जानवर गाय, बैल, बकरी के चित्र नहीं बनाये जाते.



# आखर



4 मार्च : फणीश्वर नाथ रेणु जन्मदिवस

# कहानियों का उपन्यास : मैला आंचल



रतन वर्मा

फणीश्वर नाथ रेणु के उपन्यास ' मैला आंचल के संदर्भ में अगर रेणु को उपन्यासकार की ज़गह विचित्र कथा - चितेरा से संबोधित किया जाय, तो शायद यह असंगत नहीं होगा. वैसे भी, रेणु ने कथा रचनाओं के अलावा अन्य विधाओं में जितनी भी रचनाएं, जैसे एक रम्य रचना, रिपोर्ताज़, संस्मरण, यहां तक कि कविता आदि भी लिखी हैं, उन सभी में विद्यमान कथात्मकता से इन्कार नहीं किया जा सकता. ' जहां पमन को गमन नहीं' को रेणु ने कहानी न कहकर उसे एक रम्य रचना का नाम दिया है. परन्तु कथ्य, परिवेश, सम्वाद और सम्प्रेषण के आधार पर उसे एक सशक्त हास्य -कथा की ही संज्ञा दी जा सकती है. फिलहाल उपन्यास 'मैला आंचल' को ही लें.' मैला आंचल' को पढ़ते हुए क्या ऐसा प्रतीत नहीं होता कि रचनाकार के मस्तिष्क में जब एक साथ जीवन और समाज के कई-कई अनुभव कहानियां बनकर कुलबुलाने लगे होंगे, तब ही इस औपन्यासिक कृति का जन्म हुआ होगा? अब देखिये, उपन्यास की शुरुआत ही किस तरह से एक कहानी की तरह होती है - 1942 के स्वराज्य आंदोलन का समय, गांव का परिवेश, गांव के सीधे-सादे लोग, अंग्रेजी हुक़ूमत का खौफ़...! ऐसे वक्त में कुछ सरकारी कर्मचारियों के साथ खाकी वर्दी और हैट में एक सरकारी अफसर का गांव में आगमन होता है. अफसर को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप की स्थिति पैदा हो जाती है.



### उपन्यास का प्रथम प्रसंग

बालदेव एक सुराजी है. गांव के भोले-भाले लोग सोचते हैं कि उसी बालदेव को गिरफ्तार करने के लिये मिलिट्री अफसर का आगमन हुआ है. और अब पता नहीं मिलिट्री वाले गांव भर में कौन सी तबाही मचाने लग जाएं. बेहतर है, ख़ुद से ही वे बालदेव को पकड़कर मिलिट्री के हवाले कर दें, ताकि गांव के अन्य लोगों पर कोई आफत न आ सके. इसी सोच के तहत कुछ लोग बालदेव को रस्सी से बांध-बूंध कर अफसर के सामने प्रस्तुत कर देते हैं. लेकिन जब ग्रामीणों को पता चलता है कि जो अफसर आये हैं, वे मिलिट्री वाले नहीं, बल्कि मलेरिया विभाग के हैं और वे मलेरिया सेंटर के लिये साइट देखने आये हैं, तब एक अजीब हास्य जैसा वातावरण उपस्थित हो जाता है. यानी उपन्यास का प्रथम प्रसंग ही स्वयं में एक मुक़म्मल कहानी का आभास करा जाता है.

### प्रेम के कितने रंग

इस उपन्यास में पांच प्रेम प्रसंगों पर आधारित अलग-अलग प्रभाव छोड़तीं ऐसी भी घटनाएं हैं, जिन्हें अगर रेणु चाहते, तो अलग-अलग मुक़म्मल कहानी का भी रूप दे सकते थे - बालदेव- कोठारिन प्रेम-प्रसंग, कालीचरण-मंगलादेवी प्रेम-प्रसंग, फुलिया -सहदेव मिसिर प्रेम-प्रसंग, रामप्यारी-महन्थ रामदास प्रेम-प्रसंग और डॉ प्रशांत-कमली प्रेम प्रसंग. उक्त पांचों प्रेम-प्रसंगों की पृष्ठभूमि, स्थितियां, परिवेश और इनके यथार्थ अलग-अलग हैं. किसी में सिर्फ वासना निहित है, किसी में विकृति, किसी में आदर्श है, तो किसी में ब्लैकमेलिंग. इन प्रेम -प्रसंगों के माध्यम से रेणु ने समाज में प्रेम के विभिन्न रूपों को टुकड़ों में प्रस्तुत किया है, जिनमें से प्रत्येक टुकड़ा अलग अलग आस्वाद वाली मुक़म्मल प्रेम-कहानी पाठकों को उपलब्ध कराती हैं.

उपन्यास में सिर्फ रामनारायण नाम का उच्चारण जब पात्र के मुंह से 'रामलड़ायन' करवाया जाता है, तब वह प्रसंग भी एक अलग हास्य-कथा का प्रभाव छोड़ता है. इस उपन्यास में पात्रों की भरमार है. परन्तु एक भी ऐसा पात्र नहीं है, जो अपने आप में एक सम्पूर्ण कहानी समेटे हुए न हो.बालदेव गांव का एक ऐसा चरित्र है, जिसके भीतर देशप्रेम, समाजप्रेम, व्यक्तिप्रेम आदि सकारात्मक तत्व तो हैं, लेकिन थोथी भावुकता भी कम नहीं है. यह पात्र उपन्यास में अपनी एक अलग छवि निर्मित करता हुआ ख़ुद में एक लम्बी कहानी का प्लॉट समेटे हुए है. लछमी दासिन के प्रति उसकी आत्मीयता, या यों कहें कि उसका प्रेम उसे एक सतही भावुकता वाले प्रेमी की ही छवि प्रदान करता है. दूसरी ओर, देशप्रेमी और समाजप्रेमी की भूमिका में भी कई स्थानों पर वह कायर जैसा ही दिखाई देता है. चूंकि स्वतंत्रता संग्राम में उसने भी अपनी एक खास भूमिका निभायी होती है और ख़ुद को गांधीवादी होने के ढोंग में लपेटे रहता है, इसलिये सीधे-सादे ग्रामीण उसे सुराजी की संज्ञा से विभूषित करते हैं. यानी बालदेव और उसका अपना परिवेश पूरे उपन्यास में अलग से एक पूर्ण कहानी जैसा दिखता है. उपन्यास का दूसरा चरित्र है-डॉ प्रशांत! यह चरित्र भी देशप्रेम और समाजप्रेम को समर्पित दिखता चरित्र है. प्रशांत एक डॉक्टर है. वह चाहता, तो अपनी योग्यता का लाभ उठाकर शहर में नौकरी या प्रैक्टिश करके प्रसिद्धि और धन कमा सकता था, लेकिन उसने गांव के लोगों की सेवा में ख़ुद को समर्पित करने का लक्ष्य निर्धारित कर रखा है. चूंकि प्रशांत एक शिक्षित चरित्र है, इसलिये देश और समाज के लिये उसका नज़रिया साफ है. बावजूद इसके, बालदेव की तरह ही प्रशांत एक पुरुष भी है, इसलिये सहज भाव से ही वह भी कमली के प्रेम पाश में बंध जाता है. प्रशांत और बालदेव, दोनों ही अपने-अपने तरीके से मैला आंचल उपन्यास की भूमि को संवारने-निखारने में अपनी भूमिका का निर्वाह तो करते हैं, पर दोनों ही अलग-अलग कथानायक जैसे बनकर अलग-अलग कहानियों का भी निर्माण करते हैं. प्रशांत का प्रेम, नारी-पुरुष प्रेम के यथार्थ का एक सशक्त बंधन है. हालांकि यह अलग बात है कि प्रेम के अतिरेक प्रवाह में उसका कमली के साथ दैहिक सम्बन्ध भी स्थापित हो जाता है और कमली गर्भवती हो जाती है. वहीं, बालदेव के प्रेम में एक स्वार्थी प्रेमी की झलक मिलती है. कमली और लछमी दासिन के प्रेम को भी क्रमशः प्रशांत और बालदेव के चरित्र के तरह ही लिया जा सकता है. इस प्रकार इन दो प्रेम-कथाओं को रेणु ने कुछ इस बारीकी से सिल कर उपन्यास में पिरोया है कि दोनों कहानियां अपना स्वतंत्र कथात्मक प्रभाव छोड़ते हुए भी उपन्यास का अभिन्न हिस्सा नज़र आते हैं.

इस उपन्यास में एक तीसरा चरित्र है - सुमिरन दास, उर्फ बेतार. यह भी एक अलग से ही कथानायक की भूमिका में नज़र आता है. इस से जुड़े कथानक को अगर स्वतंत्र कथा रूप में रखा जाय तो यह हास्य व्यंग्य समेटे हुए एक गम्भीर कहानी के तौर पर सम्प्रेषित होता है. उपन्यास में कालीचरण और मंगला देवी का किस्सा भी उक्त दोनों प्रेम कहानियों से ख़ुद को भिन्न रखता, एक नयी प्रेम-कथा की ज़मीन रचता प्रतीत होता है. कालीचरण सीधा-सादा अपढ़-ग्रामीण होते हुए भी बालदेव की तरह कायर नहीं है. और न ही चरखा सेंटर की मास्टरनी मंगला देवी के साथ का उसका प्रेम-सम्बन्ध डॉ प्रशांत की तरह एक सामान्य प्रेम है या बालदेव की तरह वासनायुक्त सतही प्रेम. कालीचरण मंगला देवी से किसी भी तरह के समर्पण की आकांक्षा नहीं पालता है, बल्कि स्वयं उसके प्रति आत्मिक समर्पण का भाव रखता है. समाज में व्याप्त शोषण, अनाचार और असंगतियों के विरुद्ध वह निरन्तर संघर्ष करता है-प्रारम्भ में वह गांव के कुछ नवयुवकों को संगठित करके और बाद में बन्धु पार्टी का सदस्य बनकर. लेकिन जब वह पार्टीगत राजनीति में गिरावट को देखता है, तब पार्टी से उसका मोहभंग हो जाता है. और अंत में पुलिस की गोली खाकर उसकी मौत हो जाती है. उसका दोष मात्र इतना होता है कि वह पार्टी का साथ छोड़ देता है और पार्टी उसके साथ असहयोग करके उसे उसके हाल पर छोड़ देती है. जिसके अंजाम स्वरूप उसे पुलिस की गोली मिलती है.

### हर प्रसंग एक मुक्कमल कहानी

कालीचरण और मंगलादेवी का प्रसंग एक सशक्त कथानक पर आधारित है, जिसे रेणु एक अविस्मरणीय कहानी का रूप दे सकते थे. रेणु की यही विशेषता रही है कि वे कई मुक़म्मल कहानियों को अपनी खास कलात्मक क्षमता से इस बारीकी से जोड़ने में माहिर हैं कि वह कथा-संग्रह भी उपन्यास का रूप धारण कर औपन्यासिक आस्वाद परोस पाने में सफल सिद्ध हो जाय.

मैला आंचल में, चाहे संथाल-राजपूत संघर्ष का प्रसंग हो, बिरंची या चरित्तर मालाकार प्रसंग, खलासी-फुलिया प्रसंग हो, महन्थ जी के मृत्योपरांत भोज प्रसंग हो, महन्थ रामदास-लछमी दासिन प्रसंग या रामदास-रामप्यारी प्रसंग हो, या फिर बावन दास का प्रसंग, सारे के सारे प्रसंग एक-एक कहानी स्वयं में भी समेटे हुए हैं. अगर रेणु चाहते, तो उक्त सारे प्रसंगों को अलग-अलग स्वतंत्र कहानी के तौर पर सामने ला सकते थे. लेकिन शायद ऐसा वे इसलिये नहीं कर पाए होंगे, क्योंकि ये सारे कथानक एक साथ उनके मस्तिष्क पर सवार होकर मूर्त रूप लेने को अकुलाने लगे होंगे और तभी रेणु ने उन्हें एक ही धागे में पिरो कर मैला आंचल उपन्यास का रूप दिया होगा.



पंकज मित्र

संपूर्ण क्रांति के संबंध में धर्मवीर भारती की कविता "मुनादी" से सभी वाकिफ हैं पर हिन्दी जगत के कम लोग जानते हैं कि रेणु ने उस आंदोलन पर बांग्ला में एक कवितानुमा पत्र अपने मित्र समीर रायचौधरी जो भूखी पीढ़ी के महत्वपूर्ण कवि थे, उन्हें लिखा था. प्रस्तुत है उसी बांग्ला कविता का हिन्दी अनुवाद... अहिंसक आंदोलनों के संदर्भ में यह कविता इसलिए भी पढ़ी जानी चाहिए कि आंदोलनों के साथ लेखकों का रिश्ता बनता है, बनना चाहिए...

### शब्द कहेंगे

भाई समीर (रायचौधरी) !
उसके बाद-यानि तुम्हारे साथ बात-मुलाकात के बाद
तुम्हारे चले जाने के बाद
सारा पटना शहर घेर दिया गया बाँसों से
जैसे बाँस का एक विशाल पिंजरा या किला
नहीं, इंद्रजालर बनाया गया
बाँध दिया आकाश-पाताल, नदी - झरना - पहाड़
खेत - मैदान
फिर भी आए वे, कामयाब हुए थे आने में
आकाश - पाताल गुँजाते हुए -
तुम प्रतिनिधि नहीं रहे हमारे
विधायकों इस्तीफा दो! मंत्रियों गद्दी छोड़ दो !
टिटहरी देखी है तुमने कभी?
आकाश टूट पड़ेगा इस डर से
दोनों टाँगे आकाश की तरफ उठाकर सोती है
टिटहरी देखी थी एकबार मैंने
टिटहरी, स्त्रीलिंग होती है हिन्दी में, जानते हो?
उसके बाद
मेरे रोजनामचे में बहुत कुछ घट गया
जम गए हों जैसे अजस्र रक्त थक्कों की मानिंद
अनेक शब्द
बेली रोड या किंग जॉर्ज एवेन्यू या
गाँधी मैदान को घेरे पक्की सड़क पर
कालवैशाखी की आँधी के बाद
झरे पड़े गुलमोहर की तरह
तुम कहोगे - यह सब हमलोग बहुत देख चुके हैं
हमारे कोलकाता में, हमें सब है मालूम
किंतु पाँच नवंबर को तुम्हारे कोलकाता के ही एक लड़के ने
मेरे बेड के पास आकर कहा था -
किंतु दादा ! हमारे कोलकाता में कभी ऐसे
विशुद्ध आँसू गैस के गोले नहीं दगे
आपके बिहार में या कम से कम पटना में
वह चीज थी एकदम खाँटी! सचमुच
ऐसी झाँस साली की! अभी भी कश नहीं ले पा रहा सिगरेट के
दोनों फेफड़े जहरीले धुएँ से जैसे बन गए हों कजरौटे
मुझे नहीं मालूम, मेरा तो अनुभव था पहला ही
मैंने कहा
लाठियाँ तो बहुत खायी उन्नीस सौ बयालीस में भी
गोरे टॉमियों और सीपीआई वालों की गंदी गालियाँ भी
लेकिन अपने सीआरपी वालों का- भैनचो ! मादर..!
इतनी ज्यादा मन पर क्यों करती है चोट? कहो तो!
इन्हीं लोगों की कलाइयों पर सुनहरी राखियाँ बाँध कर
प्यार जताया - हमारी माँओं, बहनों, दीदियों ने-
कोलकाता के उस छोटे भाई जैसे लड़के ने
एक बड़ी बात कही थी उस दिन -
पर आपलोगों की यह लड़ाई? सचमुच एक अद्भुत लड़ाई!
मार खायेंगे पर मारेंगे नहीं
हमला चाहे जैसा होगा
हाथ हमारा नहीं उठेगा
इन नारों की ऐसी झाँस! हमें नहीं पता था बिल्कुल
इतनी टीयर गैस, इतना भयंकर लाठीचार्ज!
फिर भी किसी ने एक भी ईंट या पत्थर नहीं मारा!
और जब जेपी (जयप्रकाश) जीप से कूदकर उतरे
मारो! मारो मुझे! - सर आगे कर दिया बिल्कुल
यहाँ मारो!
उसके बाद जो हुआ न! जो हुआ सब
देखा मैंने सब, अद्भुत कांड!
मैं देख रहा हूँ सबकुछ, मैं
इसके बाद वाली चिट्ठी में लिखूंगा सब विस्तार से
उसके बाद...!

- फणीश्वरनाथ रेणु

## विशेष प्रिय है रेणु की यह रचना

*झारखंड के साहित्यकार साझा कर रहे हैं फणीश्वर नाथ रेणु की कृतियों से जुड़े अपने अनुभव और चर्चा कर रहे हैं कि इनमें कौन हैं उनकी विशेष प्रिय कृति.*

### उत्तर भारत का हर गांव लगता मेरीगंज



निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव

नयी कविता के दौर में कथा-साहित्य में भी कई प्रकार के प्रयोग हुए, पर उल्लेखनीय सफलता फणीश्वरनाथ "रेणु" को मिली. उनका उपन्यास "मैला आंचल" जो उनकी कृतियों में मुझे अत्यंत प्रिय है, प्रकाशित होते ही हिंदी जगत् में छा गया. "गोदान", "त्यागपत्र" और "शेखर : एक जीवनी" के क्रम में यह एक समकालीन क्लैसिक बन गया. "गोदान" के बाद भारतीय गांव की कथा काल-क्रम और रचना-विधान दोनों दृष्टियों से 'मैला आंचल' ठीक एक पीढ़ी बाद का है. यह अपने कथा-स्तर पर समूचे जातीय जीवन को एकबारगी चित्रित करता है. सुंदर और भदेस, जो हमारे ग्रामीण जीवन के एक-दूसरे से जुड़े अनिवार्य पक्ष हैं. "मैला आंचल" शीर्षक यह व्यंजित करता है कि मैला अंचल धरती मां का है.

"मैला अंचल" आंचलिक उपन्यास के ठप्पे के बावजूद ग्रामीण जातीय जीवन का अंकन करता है. उत्तर भारत का हर गांव मेरीगंज लगने लगता है और उन सब में बामनदास या डॉ० प्रशांत जैसे चरित्र मिल जाते हैं. रेणु ने गांव का जो चित्र खींचा है, उसमें शिल्प-विधान भी एक संश्लिष्ट रूप में दिखाई देता है. स्वयं रेणु के शब्दों में इस कथा में फूल भी है शूल भी, धूल भी है गुलाल भी, कीचड़ भी है चन्दन भी, सुंदरता भी है कुरूपता भी. इसमें लोकतत्व बड़े ही रागात्मक रूप में व्यक्त हुआ है. इस उपन्यास की भाषा इतिवृत्तात्मक नहीं, सर्जनात्मक है.

### हर मोड़ पर दिखती है यह पात्र



डॉ कल्याणी कबीर

कलंक मुक्ति फणीश्वर नाथ रेणु की एक ऐसी कहानी है जिसमें महिला जीवन के संघर्ष समर्पण और साहस इन तीनों ही पक्षों को चित्रित किया गया है. स्वतंत्रता की लड़ाई में स्वयं की आहूति देने वाली बेला गुप्त स्वयं की लड़ाई में बार बार हारती है पर खत्म नहीं होती. अपने पुरुष मित्र से धोखा मिलने के बाद उसके जीवन में कई उतार-चढ़ाव आते हैं. उसके बावजूद वह अपनी ईमानदारी के पद से हटती नहीं है, गलत समझौते के आगे वह झुकती नहीं है. हालांकि उसे बहुत अपमानित होना पड़ता है और उसके भविष्य के बारे भी एक अनिश्चितता सी दिखाई देती है. कहानी कलंक मुक्ति बेला गुप्त के लिए जीवन भर का युद्ध बन जाता है.



आज भी हर मोड़ पर फणीश्वरनाथ रेणु जी की यह पात्र अलग-अलग चेहरे लिये दिखाई देती है. स्त्री को अपने आत्म-सम्मान और स्वाभिमान के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ता है. घिसते-घिसते एक जगह जाकर जहां वह पूरी तरह टूट सकती है वहां भी वह टूटती नहीं है बल्कि फिर से समाज के लिए, अपने लिए खड़ी होती है. यह एक अनुकरणीय संदेश है बात है, हम सभी महिलाओं के लिए.

### पाठकों से संवाद करते हैं इनके पात्र



डॉ संगीता नाथ

फणीश्वर नाथ रेणु एक ऐसे कालजयी रचनाकार हैं जिनकी कहानियों, उपन्यासों में आंचलिकता की गहन छाप दिखती है. उनके पात्र चाहे महिला हो अथवा पुरुष, सभी के इर्द-गिर्द घटनाक्रम बड़ी ही सहजता से घटित होते हैं. रेणु जमीन से जुड़े कथाकार हैं, जो उनकी कहानियों के पात्र पाठक के साथ संवाद करते दिखाई पड़ते हैं.

उन्हें ख्याति तो उनके आंचलिक उपन्यास मैला आंचल से मिली, जिसकी कथा पूर्णिया जिले के छोटे से गांव मेरीगंज से संबधित है. उनके उपन्यासों में मैला आंचल, परती परिकथा, दीर्घतपा, जुलूस आदि हैं. इन उपन्यासों में रेणु का अपने जमीन से जुड़ाव स्पष्ट परिलक्षित होता है. परती परिकथा में एक छोटे से गांव पारणपुर की कहानी है. यदि कहानियों की बात करें तो संवदिया, लाल पान की बेगम, ठेस, पंचलाइट आदि कई कहानियां है जो अंचल विशेष को प्रस्तुत करती हैं. आंचलिक कथा साहित्य में रेणु वह ध्रुवतारा है सदियों तक अपनी चमक बिखेरते रहेंगे. मुझे सभी बेहद पसंद हैं.



## ग्रामीण जीवन के चित्रकार : फणीश्वर नाथ रेणु



डॉ. कमल कुमार बोस

फणीश्वर नाथ रेणु ने गांव को अपने उपन्यासों में जैसा देखा, वैसा उतार दिया. भाषा और कथानक दोनों दोनों स्तरों पर उन्होंने वास्तविकता में ग्रामीण उपन्यास लिखा. उनके लेखन में यथार्थ का बोध बहुत स्पष्ट है- सत्य भी खुला-खुला है, जीवन के उतार-चढ़ाव और परिवर्तन दिल को छूने वाले दृश्य जादूई भाषा में लिखे गए हैं. उनकी अंश्चेतना ग्रामीण जीवन से जुड़ी है और वे लंबे समय तक पटना में रहते हुए भी शहरी जीवन से बहुत कम प्रभावित हुए. उनकी आत्मा में उनका गांव बसता था. उनकी भाषा की एक बानगी देखें-

"गांव के लोगों के सिरहाने सपने मंडराते हैं, चांदी के रुपयों जैसी पोठी मछलियां, प्रति झिरझिर पानी में छटपटा रही हैं- चित्-पट्ट, चित्-पट्ट, छट-पट !...धान के खेतों में दौड़ने से धान के फूल झरते हैं, दूधिया गंध फ़ैल रही है." (परती : परिकथा)

फणीश्वरनाथ रेणु की भाषा में शब्द-चित्र नहीं, शब्द-प्रतिमा बनती है जो आंखों में जीवंत दिखने लगती है. उपमा-अलंकार से वे दृश्य में रंग भरते हैं. किसी दृश्य में ध्वनि भी भरते हैं- रागात्मक, कवितामय और संवादों में जीवंत नाटकीयता भी दिखती है. जल बिन मछली का इस उद्धृत अंश में जो चित्रण है वह यथार्थ है- जब खेतों में पहली वर्षा का पानी छिछला होता है तो पोठी मछलियां सचमुच चांदी जैसी चमकती हैं और गहरे पानी की तलाश में चित्-पट्ट, चित्-पट्ट, छट-पट होती हैं. धान के खेतों में दौड़ने से धान के फूल झरते हैं और सचमुच वातावरण में दूधिया गंध फ़ैल जाती है- और जिन्होंने धान की खेती की है और उसे करीब से देखा है तो वे परती परिकथा पढ़ते हुए धान के फूलों के दूधिया गंध को अपने नथुनों में अनुभव करने लगते हैं. इस उपन्यास में परती जमीन जो बलुआही है उस पर फूल की खेती का प्रयास है- गांव में नूतन चेतना के विकास और उसके विरोध की कथा- और विरोध इसलिए है ताकि गरीब-गरीब ही रहे और परती जमीन की तरह ही बने रहें. इस विरोध और प्रतिरोध की कथा में गांव का वह दृश्य भी दिखता है जिसमें बेहतर बदलाव का प्रयास दो पात्र कर रहा है और गांव के अमीरों का विरोध भी झेल रहा है.

जब दुनिया के पूंजीपति देश ग्लोबल गांव की बात कर रहे थे, और उनका वास्तविक लक्ष्य था आर्थिक साम्राज्य की स्थापना, तब फणीश्वरनाथ रेणु ने 'मैला आंचल' उपन्यास की रचना की- यह एक ललकार थी ग्लोबल गांव के प्रस्तावकों के लिए- बताओ तुम क्यों बना रहे हो ग्लोबल गांव, जिसकी संस्कृति धन है, जिसका प्रेम धन है, जिसकी मान-प्रतिष्ठा की कसौटी धन है, जिसका ईश्वर धन है?



भले 'मैला आंचल' में वर्णित गांव मेरीगंज पिछड़ा कहा जाए, उसकी संस्कृति ग्लोबल गांव से बेहतर है, धन की जरूरत मैला आंचल के गांवों के लोगों को है, लेकिन उनकी जरूरतें बहुत कम है. वे प्रेम का अर्थ धन नहीं लगाते हैं. ग्लोबल गांव संवेदनाहीन, संस्कृतिविहीन, और प्राणहीन समाज वाला है गांव है- उसे गांव कहने की जगह धन-प्रदेश कहना उचित होगा. ग्लोबल गांव में लोग उन देशों के वैश्विक विज्ञापन ढूंढते हैं, जिसमें सेक्स टूरिजम के लिए सरकारी आमंत्रण होता है- सेक्स वर्कर वैसे देशों के जीडीपी के लिए प्रभावी कमाई करती हैं. दूसरी ओर, गांव मेरीगंज में जो वासना की पूर्ति के लिए धन का दुरुपयोग करते हैं, उनको यहां के लोग अपसंस्कृति का कहने में देर नहीं करते. मधुरेश में 'मैला आंचल' की महत्त्वपूर्ण विशेषताओं को रखांकित किया है-

"मैला आंचल की विशेषताएं हैं जिन पर अब तक विचार नहीं हुआ है. उसकी ठेठ देशीयता (आंचलिकता) विश्वनागरिकवादी विचारधारा के सामने चुनौती की तरह खड़ी है. वह चाहे जितनी पिछड़ी हुई हो, उसकी जड़ें हैं, परम्पराएं हैं, सांस्कृतिक समृद्धि है और इन्हीं कारणों से वह सजीव तथा भिन्न है. यह भिन्नता ठोस मानवीय वास्तविकता है. 'मैला आंचल' की आंचलिकता, स्वाधीनता आंदोलन की संतान है." (सं. मधुरेश, मैला आंचल का महत्त्व)

स्वाधीनता आंदोलन के समय महात्मा गांधी ने जो नेतृत्व पैदा किया उसमें सांस्कृतिक, सामाजिक, साहित्यिक, आर्थिक, धार्मिक आदि स्तरों पर एक साथ बौद्धिक और साधारण जन जुड़ गए. यह आंदोलन शहरों से लेकर गांवों तक पसरा था, लेकिन आजादी के बाद राजनीति शहरों और अमीरों के बीच झूला झूलने लगी- यह प्रक्रिया भूमण्डलीकरण के प्रारंभिक प्रभाव के साथ प्रारंभ हुई और देश की सुगन्धित फुलवाड़ी में गंधहीन पश्चिमी फूल खिलने लगे, कैक्टस खिलने लगे. ऐसे समय में फणीश्वरनाथ रेणु ने मैला आंचल के माध्यम से वह ग्रामीण चित्र दिखलाया जिसमें गरीबी और शोषण के बीच संस्कृति के फूल खिलते हैं, बुराई के विरुद्ध प्रतिरोध की भावना जगती है, स्त्री चैतन्या के साथ सामने आने का प्रयास करती है, लेकिन ग्लोबल गांव की वस्तु बनने की कल्पना भी नहीं कर सकती है. वे भूमंडलीकरण के श्याम तत्त्वों का विरोध करते हैं.

मैला आंचल में जब मेरीगंज में परम्परागत ग्रामीण सामासिक संस्कृति विनाश की ओर बढ़ने लगी तो नई सामासिक संस्कृति के निर्माण का यथार्थ आंदोलन खड़ा होता हुआ रेणु दिखलाते हैं, जब ग्लोबल गांव इस मुद्दे पर मूक है और संस्कृति की विकृति को ही संस्कृति स्वीकार करने लगा है. इस उपन्यास के दो पात्र कालीचरन और डॉ. प्रशांत सामासिक संस्कृति के निर्माण के लिए खड़े होते हैं. वे सामूहिकता के लिए आंदोलनात्मक काम करते हैं.

फणीश्वरनाथ रेणु ने अपने साहित्य के माध्यम से आम ग्रामीण जीवन को मात्र देखा ही नहीं है, बल्कि उसे प्रतिष्ठित करने का भी प्रयास किया है. उनके उपन्यास में ग्रामीणों के नूतन चेतना का विस्फोट है. उनके पहले कहानी संग्रह 'ठुमरी' की कहानियां रसप्रिया, तीर्थोदक, ठेस, नित्यलीला, पंचलाइट, सिरपंचमी का सगुन, तीसरी कसम (मारे गए गुलफाम), लाल पान की बेगम और तीन बिंदियां में आम आदमी की प्रतिष्ठा कैसे बढ़े, आम आदमी कैसे इस युग एक अच्छा जीवन जी सके, उसकी समस्याएं क्या हैं और कौन समस्याएं पैदा करता है- यानी सारा जीवन अपने हर आयाम के साथ उपस्थित है. फणीश्वरनाथ रेणु कल भी प्रासंगिक थे और आज भी हैं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

**टेनिस : गत चैंपियन ने अपने खिताब के बचाव की ओर मजबूत कदम बढ़ाया**

# मिनौर व कैस्पर रूड के बीच होगा खिताबी मुकाबला

भाषा । अकापुल्को (मैक्सिको)

गत चैंपियन एलेक्स डी मिनौर ने अपने खिताब के बचाव की तरफ मजबूत कदम बढ़ाते हुए मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कैस्पर रूड से होगा. ऑस्ट्रेलिया के तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर ने इंग्लैंड के जैक ड्रैपर के खिलाफ पहला सेट 6-3 से जीता लेकिन दूसरे सेट में वह 2-6 से हार गए. डी मिनौर तीसरे सेट में जब 4-0 से आगे चल रहे थे तब ड्रैपर ने अस्वस्थ होने के कारण मुकाबला बीच में ही छोड़ने का फैसला किया. दिन के दूसरे सेमीफाइनल में रूड ने दूसरी वरीयता प्राप्त होल्गर रून को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर उलटफेर किया.



**मैक्सिको ओपन**
- एलेक्स डी मिनौर ने जैक ड्रैपर को हराया
- रूड ने किया उलटफेर, दूसरी वरीयता प्राप्त होल्गर को हराया

**सैन डिएगो ओपन**

## जेसिका पेगुला सेमीफाइनल में

**सैन डिएगो ।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में अन्ना ब्लिंकोवा को 6-1, 2-6, 6-2 से हराकर सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया. विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी पेगुला का सामना अब मार्ता कोस्त्युक से होगा, जिन्होंने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को पहला सेट गंवाने के बाद 3-6, 6-4, 6-3 से पराजित किया. तीसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने डारिया सैविले को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष सेमीफाइनल में प्रवेश किया. उनका मुकाबला केटी बोल्टर से होगा, जिन्होंने 2022 की उपविजेता डोना वेकिच को 6-4, 6-3 से हराया. यह एक साल से भी कम समय में नवारो का टूर स्तर पर पांचवां सेमीफाइनल होगा. उन्होंने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीता.

- जेसिका ने अन्ना को 6-1,2-6,6-2 से हराया
- सेमीफाइनल में मार्ता कोस्त्युक से भिड़ेंगी जेसिका



**रणजी ट्रॉफी : मुंबई के तुषार देशपांडे व शार्दुल ठाकुर ने की शानदार गेंदबाजी**

# तमिलनाडु 146 रन पर सिमटा

**सेमीफाइनल - 1**

भाषा । मुंबई

- मुंबई ने दो विकेट पर 45 रन बनाए
- 17 रन पर तमिलनाडु ने गवां दिए थे 4 विकेट



तुषार देशपांडे (24 रन पर तीन विकेट) और शारदुल ठाकुर (48 रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने तमिलनाडु की टीम रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल के पहले दिन मुंबई के खिलाफ अपनी पहली पारी में महज 146 रन पर आउट हो गयी. दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने दो विकेट पर 45 रन बना लिये. मुंबई की टीम पहली पारी में अभी तमिलनाडु से 101 रन पीछे है और उसके आठ विकेट बचे हुए है. स्टंप्स के समय मुशीर खान 24 और रात्रि प्रहरी मोहित अवस्थी एक रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे. कुलदीन सेन ने सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव (पांच) को जबकि किशोर ने भूपेन लालवानी (15) को आउट किया. तमिलनाडु के कप्तान बी साई किशोर का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला उलटा पड़ गया क्योंकि यहां के बीकेसी मैदान में तेज गेंदबाजों को स्विंग जबकि स्पिनरों को टर्न मिल रहा था. तमिलनाडु ने 17 रन तक चार और 42 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे. अनुभवी विजय शंकर (44) और वाशिंगटन सुंदर (43) ने छठे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी कर टीम कुछ हद तक राहत दिलायी. शारदुल ठाकुर ने पारी की चौथी गेंद पर बी साई सुदर्शन को पगबाधा किया. इसके बाद अवस्थी ने तमिलनाडु के लिए इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एन जगदीशन (चार) को शॉट लेग पर मुशीर के हाथों कैच कराया. पहले बदलाव के बाद गेंदबाजी के लिए आये देशपांडे ने प्रदोष रंजन पॉल, आर साई किशोर को आउट कर तमिलनाडु को बैकफुट पर धकेल दिया. टीम का स्कोर अभी 42 रन तक ही पहुंचा था कि बाबा इंद्रजीत ने देशपांडे की गेंद को तनुष कोटियान के हाथों में खेल दिया. लंच के सत्र से पहले और बाद में शंकर और वाशिंगटन ने डट कर मुंबई के गेंदबाजों का सामना किया.

**सेमीफाइनल - 2**

## मध्यप्रदेश ने विदर्भ को 170 रन पर समेटा

**नागपुर ।** आवेश खान की अगुआई वाली गेंदबाजी इकाई के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मध्य प्रदेश ने शनिवार को यहां रणजी ट्राफी सेमीफाइनल मैच के पहले दिन विदर्भ को पहली पारी में महज 170 रन पर समेट दिया. मध्य प्रदेश (मप्र) के लिए आवेश ने 49 रन देकर चार विकेट झटके जबकि कुलवंत खेजरोलिया ने 38 रन देकर और वेंकटेश अय्यर ने 28 रन देकर दो-दो विकेट चटकाकर उनका बखूबी साथ निभाया. मध्य प्रदेश ने स्टंप तक पहली पारी में एक विकेट गंवाकर 47 रन बना लिये थे जिससे वह अभी 123 रन से पीछे है. वीसीए स्टेडियम की पिच इतनी हरियाली लिये हुए थी कि मध्य प्रदेश ने दिन में कुल 56.4 ओवर में से स्पिनरों से केवल 2.4 ओवर ही डलवाये. बायें हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने विदर्भ के अंतिम बल्लेबाज उमेश यादव का विकेट झटका. वहीं अन्य स्पिनर जैसे सारांश जैन दर्शक बने रहे. विदर्भ के लिए बल्लेबाजी में सिर्फ करूण नायर ही क्रीज पर टिककर खेल सके जिन्होंने 105 गेंद में नौ चौके से 63 रन की अर्धशतकीय पारी खेली. भारतीय तेज गेंदबाज आवेश ने सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरे (13 रन) के स्टंप उखाड़कर मध्य प्रदेश को अच्छी शुरूआत करायी. फिर विदर्भ ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवा दिये और टीम के लिए सबसे बड़ी भागीदारी अर्थव तायडे (39 रन, आठ चौके) और अमन मोखाडे (13 रन, 75 गेंद) के बीच 36 रन की रही.

**04** विकेट चटकाए आवेश खान ने

स्टंप तक एक विकेट के नुकसान पर मप्र ने 47 रन बनाए



## संतोष ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में मिजोरम

**ईटानगर ।** मिजोरम ने रेलवे के खिलाफ 4-0 की बड़ी जीत के साथ ही शनिवार को यहां संतोष ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया. ग्रुप ए से नॉकआउट चरण में जगह बनाने वाली चार टीमों की पुष्टि शुक्रवार को ही हो चुकी थी. शनिवार को ग्रुप बी के आखिरी दौर के मैचों से पहले ही मणिपुर, दिल्ली और रेलवे की टीमें अंतिम आठ में जगह बना चुकी थी. ग्रुप बी से मिजोरम, महाराष्ट्र और कर्नाटक के पास क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का मौका था. मिजोरम बड़ी जीत के साथ इस मौके को भुनाने में सफल रहा. मिजोरम से शिकस्त झेलने वाली रेलवे की टीम चार मार्च को पहले क्वार्टरफाइनल में सेना का सामना करेगी. इसी दिन गोवा और दिल्ली के बीच दूसरा क्वार्टर फाइनल होगा.

## प्राग मास्टर्स: भारत के सभी खिलाड़ियों ने बाजी ड्रॉ खेली

भाषा । प्राग



भारत के तीनों खिलाड़ियों आर प्रज्ञाननंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अपनी बाजियां ड्रॉ खेली. लगातार दो मैच में हार के बाद प्रज्ञाननंदा के लिए इसे अच्छी वापसी कहा जा सकता है. इस भारतीय खिलाड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी नगुयेन थाई दाई वान के साथ अंक बांटे. गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को कोई मौका नहीं दिया और अंक बांटे जबकि गुजराती पोलैंड के माट्यूस बार्टेल को खास चुनौती पेश नहीं कर पाए. चौथे दौर में किसी भी बाजी का परिणाम नहीं निकला और इस तरह से खिलाड़ियों की स्थिति में भी कोई परिवर्तन नहीं हुआ. ईरान के परहम माघसूदलू ने चेक गणराज्य के डेविड नवारा जबकि रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट ने जर्मनी के विंसेंट कीमर के साथ बाजी ड्रॉ खेली.

चौथे दौर के बाद अब्दुसत्तारोव और माघसूदलू अब संभावित चार में से तीन अंक लेकर संयुक्त बढ़त पर हैं जबकि गुकेश और रापोर्ट ढाई-ढाई अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं. गुजराती दो अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं.

## अनुभव के साथ नकारात्मकता से दूर रहना सीखा : श्रीजेश

भाषा । नयी दिल्ली



भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश शनिवार को कहा कि उन्होंने अनुभव के साथ नकारात्मक विचारों से दूर रहना सीख लिया है, जिससे उन्हें बड़े मैचों में गोल पोस्ट पर मुस्तैद रहने में मदद मिलती है. पेरिस ओलंपिक की तैयारी कर रहे श्रीजेश का इशारा गोलकीपर के मुश्किल काम के लिए कम सराहना मिलने की ओर था. प्राइम वॉलीबॉल लीग फ्रेंचाइजी 'बेंगलुरु टॉरपीडोज' के मुख्य कोच डेविड ली के साथ बातचीत के दौरान श्रीजेश ने कहा कि कभी-कभी यह ऐसी जिम्मेदारी होती है जिसकी सराहना नहीं की जाती है. मैंने अगर 10 गोल बचाए और एक गोल खाया, तो हर किसी को वह एक गलती याद रहेगी. मैंने हालांकि इन चीजों को स्वीकार कर लिया है और मैं इसके साथ आगे बढ़ गया हूं. उन्होंने कहा कि इस पेशे ने मुझे निजी जीवन में दबाव और आलोचना से निपटने में भी मदद की है. ली अपने खेल के दिनों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ वॉलीबॉल खिलाड़ियों में रहे है.

## यूएस ओपन कप में नहीं खेलेंगे मेसी

**शिकागो ।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अमेरिका के महत्वपूर्ण फुटबॉल टूर्नामेंट यूएस ओपन में भाग नहीं लेंगे. मेसी की अमेरिकी टीम इंटर मियामी ने इस बार यूएस ओपन कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है. मेजर लीग सॉकर की 26 टीमों में से केवल आठ टीम ही इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी. मेजर लीग सॉकर की जिन 8 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने का फैसला किया है उनमें अटलांटा, डलास, ह्यूस्टन, कैनसस सिटी, लॉस एंजिल्स एफसी, साल्ट लेक, सैन जोस और सिएटल शामिल हैं. इस प्रतियोगिता में कुल 96 टीम अपना भाग्य आजमाएंगी. ह्यूस्टन इस टूर्नामेंट का मौजूदा चैंपियन है। उसने पिछले साल फाइनल में इंटर मियामी को 2-1 से हराया था.

## मोनाको ने पीएसजी को बराबरी पर रोका

- एमबापे की जगह फिर उतरा स्थानापन्न खिलाड़ी
- 19 मैच तक पीएसजी ने पहुंचा दिया है अपना अजेय अभियान

भाषा । पेरिस



स्टार फुटबॉलर किलियन एमबापे को लगातार दूसरे मैच में आधे खेल से बाहर बुला दिया गया, लेकिन इसके बावजूद मोनाको ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में गोलरहित बराबरी पर रोक दिया.

पीएसजी ने मध्यांतर के बाद एमबापे को बाहर बुलाकर उनकी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी उतारा. यह लगातार दूसरा मैच है जबकि इस स्टार स्ट्राइकर की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को स्थानापन्न के रूप में मैदान पर उतारा गया. पिछले साल सितंबर के बाद यह दूसरा अवसर है जबकि पीएसजी की टीम गोल करने में नाकाम रही.

## ओडिशा ने सेतु एफसी को 4-0 से हराया

**वास्को (गोवा) ।** ओडिशा एफसी ने शनिवार को यहां आईडब्ल्यूएल (इंडियन महिला लीग) में सेतु एफसी को 4-0 से हराकर तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की. म्यांमार की स्ट्राइकर विन थेंगी तुन (चौथे मिनट) और भारतीय खिलाड़ी इंदुमथी कथिरेसन (23वां मिनट) ने गोल कर टीम को पहले हाफ में 2-0 की बढ़त दिला दी. अनुभवी भारतीय खिलाड़ी प्यारी खाखा ने दूसरे हाफ में दो गोल (60वें और 78वें मिनट) कर टीम की एकतरफा जीत सुनिश्चित की. ओडिशा एफसी की नौ मैचों में यह सातवीं जीत है. टीम 22 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है. गोकुलम केरल 20 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है.

**ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट आज से**

# भारतीय मुक्केबाज रिंग में दिखाएंगे दम

भाषा । नयी दिल्ली

अनुभवी मुक्केबाज शिव थापा, दीपक भोरिया और निशांत देव सहित नौ भारतीय मुक्केबाज रविवार से इटली के बस्टो अर्सिजियो में शुरू होने वाले पहले विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए रिंग में उतरेंगे. भारत के सात पुरुष और दो महिला मुक्केबाज अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड द्वारा बनाई गई एक तदर्थ संस्था पेरिस 2024 मुक्केबाजी इकाई (पीबीयू) द्वारा आयोजित किए जा रहे क्वालीफायर में ओलंपिक स्थान हासिल करने का लक्ष्य बनाये होंगे. टूर्नामेंट में 49 कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे और एक मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर लेगा. लेकिन महिलाओं के 60 किग्रा वर्ग में ओलंपिक स्थान तय करने के लिए सेमीफाइनल हारने वाली मुक्केबाजों के बीच 'बॉक्स ऑफ' होगा क्योंकि केवल तीन स्थान दांव पर लगे हैं. कई मुक्केबाजों ने अपने संबंधित महाद्वीपीय टूर्नामेंट से कोटा स्थान हासिल कर लिये हैं लेकिन कुछ विश्व स्तरीय मुक्केबाज इटली में ऐसा करना चाहेंगे. भारतीय उम्मीदों की अगुआई भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और देव (71 किग्रा) की तिकड़ी करेगी.

**भारतीय दल**

**महिला :** जैस्मीन लम्बोरिया (60 किग्रा), अंकुशिता बोरो (66 किग्रा).
**पुरुष :** दीपक भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), शिव थापा (63.5 किग्रा), निशांत (71 किग्रा), लक्ष्य (80 किग्रा), संजीत (92 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा)



**खास बातें**
- टूर्नामेंट में 49 कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे
- सेमीफाइनल में पहुंचते ही पक्का होगा ओलंपिक कोटा

**क्रिकेट आईपीएल की तैयारियों के लिए दीपक चाहर की मौजूदगी में चेन्नई पहुंचे खिलाड़ी**

# छठें खिताब के लिए चेन्नई का अभ्यास शिविर शुरू

भाषा । चेन्नई

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र की तैयारियों के लिए चेन्नई सुपर किंग्स का शनिवार को यहां तेज गेंदबाज दीपक चाहर की मौजूदगी में शिविर शुरू हुआ. चाहर 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगे. तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) के एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय (भारतीय) खिलाड़ियों का पहला जत्था शुक्रवार को यहां पहुंच गया है. अगले कुछ दिनों में और खिलाड़ियों के आने की उम्मीद है. चेन्नई सुपर किंग्स ने इससे पहले शुक्रवार को शहर में खिलाड़ियों के पहले बैच के आगमन की पुष्टि की थी. चाहर ने पिछले साल दिसंबर के बाद से किसी भी प्रारूप में क्रिकेट नहीं खेला है. वह अपने पिता की बीमारी के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी-20 श्रृंखला के बीच से हट गये थे और फिर दक्षिण अफ्रीका के दौरे से भी उन्होंने नाम वापस ले लिया था. उन्होंने पिछले महीने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अभ्यास के दौरान खुद को पूरी तरह से फिट घोषित किया था. बार बार चोटिल होने वाला यह तेज गेंदबाज जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी पर नजर गड़ाए हुए हैं. प्रशंसकों के पसंदीदा और टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के आगमन की अभी पुष्टि नहीं हुई है.

**आईपीएल 2024**
- 22 मार्च को बेंगलोर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी चेन्नई सुपर किंग्स की टीम
- अगले कुछ दिनों में चेन्नई के कुछ और खिलाड़ियों के अभ्यास शिविर जुड़ने की उम्मीद

**इन खिलाड़ियों ने लिया अभ्यास शिविर में हिस्सा**
- सिमरजीत सिंह (तेज गेंदबाज)
- राजवर्धन हंगरगेकर (ऑलराउंडर)
- मुकेश चौधरी (तेज गेंदबाज)
- प्रशांत सोलंकी (स्पिनर)
- अजय मंडल (ऑल-राउंडर)
- दीपक चाहर (तेज गेंदबाज)




# मैच में न्यूजीलैंड की उम्मीद जगी

**टेस्ट मैच : दूसरी पारी में 164 रन पर सिमटी ऑस्ट्रेलियाई टीम**

भाषा । वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)

पार्ट टाइम ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स ने 45 रन देकर 5 विकेट लिए जिससे न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट करके पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी उम्मीद जगा दी. पहली पारी में 204 रन की बढ़त हासिल करने वाले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में लचर प्रदर्शन के बावजूद न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य रखा. न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 111 रन बनाए हैं और इस तरह से वह लक्ष्य से 258 रन पीछे है. ऑस्ट्रेलिया ने सुबह अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 13 रन से आगे बढ़ाई लेकिन चार घंटे से भी कम समय में उसने अपने बाकी बचे विकेट गंवा दिए. फिलिप्स ने अपने करियर में पहली बार पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा किया. उन्होंने उस्मान ख्वाजा (28), पहली पारी में शतक बनाने वाले कैमरून ग्रीन (34), ट्रैविस हेड (29), मिच मार्श (00) और एलेक्स कैरी (03) के विकेट हासिल किये. मैट हेनरी ने 36 रन देकर 3 विकेट लिए.

फिलिप्स के इस प्रदर्शन से न्यूजीलैंड मैच में वापसी करने में सफल रहा. उसका दारोमदार अब रचिन रविंद्र (नाबाद 56) और डेरिल मिशेल (नाबाद 12) पर टिका है. रविंद्र ने दिन का खेल समाप्त होने से कुछ देर पहले 77 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया. ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि अंतिम सत्र में केन विलियमसन (09) का महत्वपूर्ण विकेट लेकर न्यूजीलैंड को करारा झटका दिया.




**05** विकेट चटकाए ग्लेन फिलिप्स ने

**369** रन का लक्ष्य मिला न्यूजीलैंड को

**111** रन पर तीन विकेट गंवाए न्यूजीलैंड ने

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** चंद्रमा नीच का है. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं. दुष्टजनों से बचकर रहें. दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. लाल फूल माता दुर्गा को अर्पण करें. मंदिर में मिठाई का दान करें.

**वृषभ** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. भाग्य का साथ रहेगा. प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे. भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है. प्रसन्नता रहेगी. इतर का दान करें.

**मिथुन** आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें. वाणी पर नियंत्रण रखें. चिंता तथा तनाव बने रहेंगे. नौकरी में कार्यभार रहेगा. आपके कार्य के प्रभाव से व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा.

**कर्क** शिक्षा में लापरवाही नुकसान देगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. नया कार्य करने का मन बनेगा. निवेश शुभ रहेगा. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी. अच्छे सच्चे मित्र मिलेंगे.

**सिंह** किसी महिला से विवाद हो सकता है. व्यापार-व्यवसाय की कार्यप्रणाली में सुधार होगा. सामाजिक सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी. मान-सम्मान मिलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. चोट व रोग से बाधा की आशंका है.

**कन्या** कारोबार से लाभ में वृद्धि के योग हैं. कोर्ट व कचहरी इत्यादि में स्थिति अनुकूल रहेगी. किसी विवाद में विजय प्राप्त हो सकती है. व्यापार में नए काम मिल सकते हैं. किसी नए कार्य की चिंता रहेगी. दुष्टजनों से बचकर रहें.

**तुला** मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी रखें. शारीरिक कष्ट से बनते कामों में विघ्न हो सकता है. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. चिंता रहेगी.

**वृश्चिक** कोर्ट व कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में रुके कामों में गति आएगी. विवाद का हल हो सकता है. जीवनसाथी को भेंट व उपहार देने का अवसर प्राप्त होगा. प्रसन्नता रहेगी. पारिवारिक सहयोग मिलता रहेगा. आय में वृद्धि होगी.

**धनु** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. आय में वृद्धि होगी. पार्टनरों से मतभेद दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी. किसी से विवाद की आशंका है. मानहानि हो सकती है, सावधान रहें.

**मकर** दिन खुशनुमा होगा. किसी मनोरंजक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है. विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य सफलतापूर्वक कर पाएंगे. परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी. मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा.

**कुंभ** किसी व्यक्ति से अकारण विवाद हो सकता है. भागदौड़ के चलते स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है. लापरवाही न करें. किसी दुःखद समाचार मिलने की आशंका है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा.

**मीन** कोई यात्रा का योग है. धर्म में मन लगेगा. शारीरिक कष्ट की आशंका है. प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी. किसी बड़े कार्य को करने की इच्छा प्रबल होगी. कारोबार अच्छा चलेगा. अपने इष्ट देवता का पूजन करें.

## सड़क हादसे में हुई दो की मौत

**मेदिनीनगर।** पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर रन्नेभरी छलका पुल के पास नीचे तेज रफ्तार बाइक सवार जख्मी हो गए. गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि सभी चार छात्र पेड़ से टकराते हुए नीचे गिर गए. इस घटना में दो छात्रों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए है. मृतक की पहचान पांकी थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासी लाल सूरज कुमार पिता सुधीर पासवान एवं छोटू कुमार पिता रामलाल भुइंया के रूप में हुई. लाल सूरज की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि छोटू की मौत पांकी सामुदायिक केंद्र में हुई. घायल छात्र परसिया निवासी दीपक कुमार पिता अरविंद कुमार प्रजापति और हिमांशु कुमार पासवान पिता विरेंद्र पासवान का इलाज अस्पताल में चल रहा है.

पेज 1 का शेष...

## परिवारवादी हताश हैं...

अभी कुछ दिन पहले ही बिहार के गौरव कर्पूरी ठाकुर को देश ने भारत रत्न दिया है. यह सम्मान पूरे बिहार का सम्मान है.

**बिहार को लूटने का सपना देखने वालों की हवाइयां उड़ रहीं :** राजद पर तंज करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब बिहार डबल इंजन की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है और बिहार को लूटने वालों की हवाइयां उड़ी हैं. जब से बिहार में एनडीए की सरकार बनी है, परिवारवादी पार्टी के लोग भी घबरा रहे हैं. पहले बिहार में लोग घर से बाहर निकलने से डरते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है. पहले के समय पर बिहारवासी पलायन करते थे लेकिन अब हम उनके लिए कई काम कर रहे हैं. अब हम बिहार को उस पुराने दौर में नहीं जाने देंगे अब बिहार आगे बढ़ेगा.

**21.5 हजार करोड़ की परियोजनाएं देश को समर्पित :** बिहार में पीएम नरेंद्र मोदी ने करीब 21.5 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है. इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कई परियोजनाएं हैं, जिनमें रेल इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े काम भी हैं और इनमें आधुनिक बिहार की मजबूत झलक भी है. यही एनडीए की पहचान है. हम काम की शुरुआत भी करते हैं, काम पूरा भी करते हैं और हम ही उसे जनता-जनार्दन को समर्पित भी करते हैं. ये मोदी की गारंटी है.''

### झारखंड में रांची से संजय सेठ और खूंटी से अर्जुन मुंडा को मिला टिकट

# भारतीय जनता पार्टी ने लोस उम्मीदवारों की सूची जारी की



### असम
- लोकसभा का नाम - उम्मीदवार का नाम
- करीमगंज (अजा) - कृपानाथ मल्लाह
- सिलचर - परिमल शुक्ला बैद्य
- ऑटोनोमस जिला (अजजा) - अमर सिंह तिस्सो
- गुवाहाटी - बिजुली कलिता मेधि
- मंगलदोई - दिलीप सैकिया
- तेजपुर - रंजीत दत्ता
- नौगांव - सुरेश बोरा
- कलियाबोर - कामख्या प्रसाद तासा
- जोरहाट - तोपोन कुमार गोगोई
- डिब्रूगढ़ - सर्वानंद सोनोवाल
- लखीमपुर - प्रधान बरुआ

### दिल्ली
- लोकसभा का नाम - उम्मीदवार का नाम
- चांदनी चौक - प्रवीण खंडेलवाल
- उत्तर पूर्वी दिल्ली - मनोज तिवारी
- नई दिल्ली - बांसुरी स्वराज
- पश्चिमी दिल्ली - कमलजीत सहरावत
- दक्षिणी दिल्ली - रामवीर सिंह बिधूड़ी

### उत्तराखंड
- टेहरी गढ़वाल - माला राज्य लक्ष्मी शाह
- अल्मोड़ा - अजय टम्टा
- नैनीताल-उधमसिंह नगर - अजय भट्ट

### गोवा
लोकसभा का नाम - उम्मीदवार का नाम
उत्तर गोवा - श्रीपद येस्को नाईक

### गुजरात
- लोकसभा का नाम - उम्मीदवार का नाम
- कच्छ (अजा) - विनोद भाई लखमाशी चावड़ा
- बनासकांठा - (डॉ.) रेखा बेन हितेश भाई
- पाटण - भरत सिंहजी दाभी
- गांधीनगर - अमित शाह
- अहमदाबाद पश्चिम (अजा) - दिनेश भाई कोडर भाई मकवाना
- राजकोट - पुरुषोत्तम रूपाला
- पोरबंदर - मनसुखभाई मंडाविया
- जामनगर - पूनमबेन माडम
- आणंद - मितेश भाई रमेश भाई पटेल
- खेड़ा - देवु सिंह चौहान
- पंचमहल - राजपाल सिंह महेंद्र सिंह जाधव
- दाहोद (अजजा) - जसवंत सिंह भाभोर
- भरूच - मनसुखभाई वसावा
- बारडोली (अजजा) - प्रभु भाई नागर भाई वसावा
- नवसारी - सीआर पाटिल

### छत्तीसगढ़
- लोकसभा का नाम - उम्मीदवार का नाम
- सरगुजा (अजजा) - चिंतामणि महाराज
- रायगढ़ (अजजा) - राधेश्याम राठिया
- जांजगीर-चंपा (अजा) - कमलेश जांगड़े
- कोरबा - सरोज पांडे
- बिलासपुर - तोखन साहू
- राजनंदगांव - संतोष पांडे
- दुर्ग - विजय बघेल
- रायपुर - बृजमोहन अग्रवाल
- महासमुंद - रूप कुमारी चौधरी
- बस्तर (अजजा) - महेश कश्यप
- कांकेर (अजजा) - भोजराज नाग

### दादर एवं नगर हवेली व दमन एवं दीव
- लोकसभा का नाम - उम्मीदवार का नाम
- दमन एवं दीव - लालूभाई पटेल

### जम्मू और कश्मीर
- लोकसभा का नाम - उम्मीदवार का नाम
- उधमपुर - डॉ. जितेंद्र सिंह
- जम्मू - जुगल किशोर शर्मा

### पश्चिम बंगाल
- कूच बिहार - निशिथ प्रमाणिक
- अलीपुरद्वार - मनोज तिग्गा
- बेलूरघाट - सुकांता मजूमदार
- मालदाहा उत्तर - खगेन मुर्मू
- मालदा दक्षिण - श्रीरूपा मित्रा चौधरी
- बहरामपुर - निर्मल कुमार साहा
- मुर्शिदाबाद - गौरी शंकर घोष
- राणाघाट - जगन्नाथ सरकार
- बनगांव - शांतनु ठाकुर
- जॉयनगर - अशोक कंडारी
- जादवपुर - अनिर्बान गांगुली
- हावड़ा - रथिन चक्रवर्ती
- हुगली - लॉकेट चटर्जी
- कांथी - सौमेन्दु अधिकारी
- घाटल - हिरण्मय चट्टोपाध्याय
- पुरुलिया - ज्योतिर्मय सिंह महतो
- बांकुड़ा - सुभाष सरकार
- बिष्णुपुर - सौमित्र खान
- आसनसोल - पवन सिंह
- बोलपुर - प्रिया साहा

———————

———————

### मध्य प्रदेश
- मुरैना - शिवमंगल सिंह तोमर
- भिंड - संध्या राय
- ग्वालियर - भारत सिंह कुशवाह
- गुना - ज्योदिरादित्य सिंधिया
- सागर - लता वानखेड़े
- टीकमगढ़ - वीरेन्द्र खटीक
- दमोह - राहुल लोधी
- खजुराहो - वीडी शर्मा
- सतना - गणेश सिंह
- रीवा - जनार्दन मिश्र
- सीधी - राजेश मिश्रा
- शहडोल - हिमाद्री सिंह
- जबलपुर - आशीष दुबे
- मंडला - फग्गन सिंह कुलस्ते
- होशंगाबाद - दर्शन सिंह चौधरी
- विदिशा - शिवराज सिंह चौहान
- भोपाल - आलोक शर्मा
- राजगढ़ - रोडमल नागर
- देवास - महेंद्र सिंह सोलंकी
- मंदसौर - सुधीर गुप्ता
- रतलाम - अनिता नागर सिंह चौहान
- खरगोन - गजेन्द्र पटेल
- खंडवा - ज्ञानेश्वर पाटिल
- बैतूल - दुर्गा दास उइके

### तेलंगाना
- करीमनगर - बंढी संजय कुमार
- निजामाबाद - अरविंद धर्मपुरी
- जहीराबाद - बीबी पाटिल
- मल्काजगिररि - ईटेला राजेंदर
- सिकंदराबाद - जी. किशन रेड्डी
- हैदराबाद - माधवी लता
- चेलवेल्ला - कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी
- नगरकुर्नूल - पी. भरत
- भोंगीर - बोरा नरसैयाह गौड़

### राजस्थान
- बीकानेर - अर्जुन राम मेघवाल
- चुरू - देवेंद्र झाझरिया
- सीकर - स्वामी सुमेधानंद सरस्वती
- अलवर - भूपेंद्र यादव
- भरतपुर - रामस्वरूप कोली
- नागौर - ज्याति मिर्धा
- पाली - पीपी चौधरी
- जोधपुर - गजेंद्र सिंह शेखावत
- बाड़मेर - कैलाश चौधरी
- जालैर - लुम्बाराम चौधरी
- उदयपुर - मन्नालाल रावत
- बांसवाड़ा - महेंद्र मालवीय
- चित्तौड़गढ़ - सीपी जोशी
- कोटा - ओम बिड़ला
- झालावाड़-बारां - दुष्यंत सिंह

——————

### झारखंड
- राजमहल- ताला मरांडी
- दुमका - नील सोरेन
- गोड्डा - निशिकांत दुबे
- कोडरमा - अन्नपूर्णा देवी
- रांची - संजय सेठ
- जमशेदपुर - विद्युत बरण महतो
- सिंहभूम - गीता कोड़ा
- खूंटी - अर्जुन मुंडा
- लोहारदगा - समीर उरांव
- पलामू - विष्णु दयाल राम
- हजारीबाग - मनीष जायसवाल

### उत्तर प्रदेश
- कैराना - प्रदीप कुमार
- मुजफ्फरनगर - संजीव कुमार बालियान
- नगीना - ओम कुमार
- रामपुर - घनश्याम लोधी
- संभल - परमेश्वर लाल सैनी
- अमरोहा - कंवर सिंह तंवर
- गौतम बुद्धनगर - महेश शर्मा
- बुलंदशहर - भोला सिंह
- मथुरा - हेमा मालिनी
- आगरा - सत्यपाल सिंह बघेल
- फतेहपुर सीकरी - राजकुमार चाहर
- एटा - राजवीर सिंह (राजू भैया)
- आंवला - धर्मेन्द्र कश्यप
- शाहजहांपुर - अरुण कुमार सागर
- खीरी - अजय मिश्रा टेनी
- धौरहरा - रेखा वर्मा
- सीतापुर - राजेश वर्मा
- हरदोई - जय प्रकाश रावत
- मिश्रिख - अशोक कुमार रावत
- उन्नाव - साक्षी महाराज
- मोहनलालगंज - कौशल किशोर
- लखनऊ - राजनाथ सिंह
- अमेठी - स्मृति ईरानी
- प्रतापगढ़ - संगम लाल गुप्ता
- फर्रुखाबाद - मुकेश राजपूत
- इटावा - राम शंकर कठेरिया
- कन्नौज - सुब्रत पाठक
- अकबरपुर - देवेन्द्र सिंह "भोले"
- जालौन - भानु प्रताप सिंह वर्मा
- झांसी - अनुराग शर्मा
- हमीरपुर - कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल
- बांदा - आरके सिंह पटेल
- फतेहपुर - निरंजन ज्योति
- बाराबंकी - उपेंद्र रावत
- फैजाबाद - लल्लू सिंह
- अम्बेडकरनगर - रितेश पांडेय
- श्रावस्ती - साकेत मिश्रा
- गोंडा - कीर्तिवर्धन सिंह
- डुमरियागंज - जगदम्बिका पाल
- बस्ती - हरीश द्विवेदी
- संतकबीरनगर - प्रवीण कुमार निषाद
- महराजगंज - पंकज चौधरी
- गोरखपुर - रवि किशन
- कुशीनगर - विजय कुमार दुबे
- बांसगांव - कमलेश पासवान
- लालगंज - नीलम सोनकर
- आजमगढ़ - दिनेश लाल यादव निरहुआ
- सलेमपुर - रविन्द्र कुशवाहा
- जौनपुर - कृपा शंकर सिंह
- चंदौली - महेंद्र पांडेय

——————

### केरल
- कासरगोड - एम.एल. अश्विनी
- कण्णूर - सी.रघुनाथ
- वडकरा - प्रफुल्ल कृष्ण
- कोजिक्कोड - एम.टी. रमेश
- मलप्पुरम - अब्दुल सलाम
- पोन्नानी - निवेदिता सुब्रमण्यन
- पालक्कड - सी. कृष्णकुमार
- त्रिशूर - सुरेश गोपी
- अलपुझा - शोभा सुरेंद्रन
- पत्तनमतिट्टा - अनिल के. एंटनी
- अट्टिंगल - वी. मुरलीधरन
- तिरुवनंतपुरम - राजीव चन्द्रशेखर

### त्रिपुरा
- त्रिपुरा पश्चिम - बिप्लब कुमार देब

## सेवानिवृत्त हुए कमिश्नर दशरथ चंद्र दास को दी गयी विदाई



**संवाददाता। पलामू**

### किया सम्मानित
- सर्किट हाउस सभागार में विदाई समारोह का आयोजन
- ट्रांसफर होने पर आईजी राजकुमार को भी विदाई दी

सेवानिवृत्ति पर निवर्तमान आयुक्त दशरथ चंद्र दास को जबकि स्थानांतरण पर पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा को विदाई दी गई. जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार देर शाम स्थानीय सर्किट हाउस सभागार में आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह में पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि निवर्तमान आयुक्त अपनी सेवा काल में लंबी यात्रा तय किया है. उनके कार्यकाल के अनुभव से सीखने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि इनकी बातों से हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन मिलता है. उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं. शशि रंजन ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद नया जीवन खुशहाल होगा. आयुक्त का सेवाकल स्वर्णिम रहा है. उन्होंने पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा के स्थानांतरण पर उन्हें शुभकामनाएं दी. गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने आयुक्त एवं निवर्तमान आईजी के कार्यों से प्रेरणा लेने की सलाह युवा पदाधिकारियों को दी. उन्होंने कहा कि काम के बदौलत पदाधिकारी ने अपनी पहचान बनायी और अमिट छाप छोड़ी है. आयुक्त के पद को सुशोभित करते हुए सेवानिवृत्ति होना गर्व का विषय है.

### राजकुमार की पहचान ड्रीम आईजी के रूप में होती है
पलामू की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने कहा कि पलामू प्रक्षेत्र के आईजी की पहचान ड्रीम आईजी के रूप में होती है. यह इनके सकारात्मक सोच, सरल व्यवहार, इमानदारी पूर्वक काम करने की चाहत और पदाधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए काम लेने की बात काफी प्रेरित करता है. आईजी सर से पुलिस प्रशासन को बहुत कुछ सीखने को मिला और उम्मीद है कि आगे भी मार्गदर्शन मिलता रहेगा. पलामू में लंबे समय तक रहने के उपरांत स्थानांतरण हुआ है.

### झामुमो का उपवास कार्यक्रम 16वें दिन जारी
## न झारखंडी झुका है और न ही झारखंड झुकेगा : बीरेंद्र



**संवाददाता। रांची**

### सभी एकजुट
- केंद्र की भाजपा सरकार प्रताड़ित कर रही है
- केंद्र को आनेवाले चुनावों में परिणाम भुगतना पड़ेगा

मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं का चरणबद्ध उपवास कार्यक्रम शनिवार को 16वें दिन भी जारी रही. अध्यक्षता झामुमो के कोडरमा जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पांडेय ने की. उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र स्तर पर भी न्याय यात्रा के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जा रही है कि कैसे केंद्र की भाजपा सरकार हेमंत सोरेन को जानबूझ कर परेशान कर रही है. उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा राजनीतिक लाभ के लिए हेमंत को प्रताड़ित किया जा रहा है. रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि उपवास कार्यक्रम में लोगों के यहां डटे हुए 16 दिन पूरे हो गए. जब तक हमारे नेता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को न्याय नहीं मिलता, हमारा आंदोलन इसी तरह जारी रहेगा. उन्होंने कहा कि न झारखंडी झुका है, न झारखंड झुकेगा. आलम ने कहा कि झारखंड के लोगों में हेमंत को प्रताड़ित किए जाने को लेकर काफी आक्रोश है, जिसका खामियाजा केंद्र की तानाशाह सरकार को आने वाले चुनावों में भुगतना पड़ेगा. मौके पर कोडरमा जिला से केंद्रीय समिति के सदस्य बैजनाथ मेहता, गोपाल यादव, जिला सचिव श्यामदेव यादव, जिला प्रवक्ता संजय साजन, शशिकांत पांडेय मौजूद थे.

## स्वास्थ्यकर्मी की सेवानिवृति पर विदाई सह सम्मान समारोह

**संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बालूमाथ में कार्यरत एएनएम मालती कुमारी की सेवानिवृति के बाद होटल कजरिया में एक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी प्रकाश बड़ाइक, चिकित्सक अमरनाथ प्रसाद व सुरेन्द्र कुमार सहित कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरुआत सेवानिवृत्त एएनएम मालती कुमारी एवं चिकित्सकों द्वारा संयुक्त रूप से केक काट कर की गई. उपस्थित लोगों ने उनके सम्मान में कहा कि उनकी सेवा को बुलाया नहीं जा सकता.



इन्होंने अपने काम को बखूबी ईमानदारी पूर्वक निभाया. अतिथियों द्वारा एएनएम को शॉल, डायरी, कलम सहित कई उपहार भेंट किया गया.बताते चलें कि एएनएम मालती कुमारी बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बतौर एएनएम के तौर पर 28 अक्टूबर 1988 को अपना योगदान दिया.

## विधायक ने की पांकी को अनुमंडल बनाने की मांग

**मेदिनीनग।** पांकी विधायक डॉ॰ कुशवाहा शशिभूषण ने शनिवार को सदन में गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से राज्य सरकार से पांकी को अनुमंडल बनाने की मांग की. उन्होंने कहा कि पलामू जिला के मनातू, तरहसी व पांकी प्रखंड को मिलाकर पांकी को अनुमण्डल का दर्जा देने के संबंध में पलामू के प्रमण्डलीय आयुक्त के माध्यम से पलागू उपायुक्त की अनुशंसा जनवरी, 2019 में ही सरकार को प्राप्त है. मैंने भी उपर्युक्त संदर्भ में कई बार विभिन्न माध्यमों से सरकार के समक्ष मांग रखी.

## चतरा से नहीं बन सका कोई स्थानीय सांसद

**संवाददाता। पांकी**

भारत का एकलौता लोकसभा सीट चतरा है, जहां आजादी के बाद से अभी तक कोई भी स्थानीय सांसद नहीं बना. वह लोकसभा सीट किसी और राज्य में नहीं, बल्कि हमारे अपने राज्य झारखंड में ही है और उस लोकसभा सीट का नाम चतरा है. चतरा लोकसभा सीट 1957 में अस्तित्व में आया.

इस सीट के अस्तित्व में आने के बाद साल 2019 तक कुल 16 बार लोकसभा के चुनाव हुए और इन 16 बार जिस भी पार्टी के सांसद निर्वाचित हुए वे सब के सब बाहरी ही थे. यह क्षेत्र के लिए दुर्भाग्य पूर्ण विषय है. यह



कहना है पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सह पांकी अनुमंडल संघर्ष समिति के संयोजक लाल सूरज का. बता दें कि इस सवाल को सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने कौन बनेगा करोड़पति शो में प्रश्न के रूप में पूछा भी था. उन्होंने कहा कि अगामी तीन मार्च को पांकी सिचाई विभाग के मैदान में चतरा लोकसभा स्तरीय स्थानीय उम्मीदवार रायशुमारी महासम्मेलन जुटान कार्यक्रम आयोजित की गई है. इस महासम्मेलन में चतरा लोक सभा के विभिन्न जगहों से लोग शामिल होंगे.

**कार्रवाई**

### विक्रेताओं के द्वारा अपने कार्यों में अभिरुचि नहीं लेने का लगाया है आरोप

# पलामू के 68 राशन डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू जिले के 68 राशन डीलरों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं तथा इन्हें शोकॉज किया गया है. खाद्य आपूर्ति विभाग निदेशालय ने पलामू जिले के इन 68 डीलरों को कार्डधारियों को खाद्यान्न से वंचित रखने, माह नवंबर 2022 से मार्च 2023 के बीच खाद्यान्न वितरण करने के बाद अवशेष खाद्यान्न की मात्रा से मई 2023 में ससमय खाद्यान्न वितरण का कार्य पूर्ण नहीं किये जाने के कारण विक्रेताओं की अनुज्ञप्ति को निलंबित करने का आदेश पलामू डीएसओ को दिया है. मालूम हो कि 27 फरवरी को



निदेशक खाद्य एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय रांची की अध्यक्षता में आपूर्ति से संबंधित संचालित योजनाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की गई थी. समीक्षा में पाया गया था कि मई 2023 का ग्रीन राशन कार्ड धारी को खाद्यान्न वितरण का प्रतिशत काफी कम है. इस पर विभाग द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए विक्रेताओं के द्वारा अपने कार्यों में अभिरुचि नहीं लेने का आरोप लगाया है, जिस कारण निदेशालय स्तर से आदेश देने के बाद जिले में 68 डीलरों को निलंबित कर दिया है. जिन डीलरों का लाइसेंस निलंबित हुए हैं, उनमें विश्रामपुर के गंगाधर विश्वकर्मा, महिला जागरण एसएचजी, प्रेमचंद राम चैनपुर प्रखंड के आदर्श एसएचजी, आजाद अंसारी, अल्पसंख्यक एमएसएचजी, छतरपुर प्रखंड के पुष्पा कुंवर, अजय कुमार सिंन्हा, बजरंग महिला एसएचजी, हैदरनगर के आदर्श महिला एसएचजी, अखिलेश कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, हरिहरगंज प्रखंड के अजय कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, हुसैनाबाद के संजय कुमार कोसी, अरविंद विश्वकर्मा, विपिन कुमार सिंह, लेस्लीगंज के अर्जुन राम, गरीब नवाज एसएचजी, जय मां काली एसएचजी, पाटन के रजनी विकास केंद्र, ललन प्रसाद यादव, मनोरमा कुंवर, मनातू के नागेंद्र प्रसाद, सूर्यमुखी महिला एसएचजी, प्रभात महिला एसएचजी, सदर मेदनीनगर के नारायण राम, धर्मेंद्र कुमार, लव तिवारी, मोहम्मदगंज के जावेद खान, नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, सत्येंद्र नारायण सिंह, नावाबाजार के लक्ष्मी महिला एसएचजी, मदन कुमार रवि, मनोज कुमार राम, नौडीहा बाजार के कुंज बिहारी सिंह, संजीत कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, पड़वा के वीर अभिमन्यु सिंह, दिलीप कुमार महतो, गणेश सिंह का नाम शामिल है.


## पुलिस ने रिवाल्वर साथ दो को किया गिरफ्तार

**बालूमाथ।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में शनिवार को पुलिस गश्ती टीम ने दो युवकों को रिवॉल्वर के साथ गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के पास से अवैध देसी रिवॉल्वर बरामद किया गया है. थाना प्रभारी ने बताया कि वरीय पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के ओकिया गांव के समीप दो युवक रिवाल्वर के साथ घूम रहे हैं और किसी अप्रिय घटना का अंजाम देने की फिराक में हैं. सूचना मिलते ही एक टीम गठित कर मौके पर गश्ती दल को भेजा गया. बालूमाथ के ओकिया गांव निवासी सुनील कुमार (24) एवं अमन कुमार उम्र (23) वर्ष को कब्जे में लेकर तलाशी ली गई,

## सकारात्मक पहल से समाज बनता है जीवंत : आर. कुजूर

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

ठीक ही कहा गया है कि कई नकारात्मक चीजों पर एक सकारात्मक चीज भारी पड़ जाती है. एक किरण अंधेरे को चीरकर रख देती है. दरअसल मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू के ट्यूटर डॉ तुषार आर्या बतौर मुख्य अतिथि रजवाडीह मध्य विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे. वह उक्त विद्यालय की शिक्षिका निशा के रिश्तेदार हैं. फिर यह खबर अमेरिका के ओहियो में कार्यरत डॉ आर्या के रिश्तेदार दम्पत्ति डॉ राजीव गुप्ता व रूचि गुप्ता तक पहुंचती है. इस पर उनकी अद्भुत प्रतिक्रिया सामने आती है. उनके मन में संवेदना व सद्भावना का ज्वार उठता है और वे अपने माता-पिता आशा गुप्ता व मधुसूदन गुप्ता के सम्मान में रजवाडीह मध्य विद्यालय के सभी 120 विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कम्पनी के जूते भेंट करने का संदेश भेज देते हैं. लिहाजा इस घटनाक्रम के सूत्रधार डॉ तुषार आर्या जूते लेकर विद्यालय पहुंच जाते हैं. इस विशेष मौके पर पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक रणधीर कुजूर, सदर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह व एसएमसी अध्यक्ष कुंती देवी समेत विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, शिक्षिका निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर ने इस कार्यक्रम को उत्सव का स्वरूप प्रदान किया.


मुकेश अंबानी व नीता अंबानी अपने बेटे अनंत अंबानी के साथ


अनंत अंबानी और राधिका


पॉप आइकन गायिका रिहाना


अभिनेता अजय देवगन व अक्षय कुमार


अभिनेता सैफ अली खान और करीना कपूर

## अनंत-राधिका के 'प्री वेडिंग' में रिहाना ने मचाई धूम

**जामनगर।** मशहूर पॉप स्टार रिहाना ने अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के विवाह से पहले आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति से धूम मचा दी. रिहाना ने 'डायमंड्स', 'व्हेयर हैव यू बीन', 'रूड बॉय' और 'पोर इट अप' जैसे हिट गाने गाए. इस समारोह में शाहरुख खान-गौरी खान, रणवीर सिंह-दीपिका पदुकोण जैसी भारतीय फिल्म हस्तियां शामिल थीं. मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और श्यामक डावर संगीत की धुन पर थिरकते नजर आए. चमकीले हरे और गुलाबी रंग की शानदार पोशाक में रिहाना ने इस भव्य कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया और साथ ही वहां मौजूद लोगों से बातचीत भी की. अनंत अंबानी और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के विवाह से पूर्व तीन दिन का जश्न जामनगर शहर के पास रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के पास स्थित एक आवासीय टाउनशिप में किया जा रहा है. रिहाना ने समारोह में आमंत्रित करने के लिए अंबानी परिवार का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि अंबानी परिवार का आभार.

## ब्रीफ खबरें

### सड़क हादसे में चार की मौत, एक घायल

**जशपुर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में दो मोटरसाइकिल में टक्कर होने से उनमें सवार चार लोगों की मौत हो गई है तथा एक अन्य घायल हो गया है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के तुमला थाना क्षेत्र के अंतर्गत गंझियाडीह गांव के समीप शुक्रवार शाम को यह हादसा हुआ. जानकारी के मुताबिक पांच युवक दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर पास ही के गांव जा रहे थे. इस बीच मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर हो गई. इस घटना में एक मोटरसाइकिल में आग लग गई.

### अब शाम छह बजे तक खुला रहेगा अमृत उद्यान

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में अमृत उद्यान अब सोमवार को छोड़कर सभी दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक लोगों के लिए खुला रहेगा. एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई. यह उद्यान 31 मार्च तक जनता के लिए खुला है. यह रखरखाव के लिए सोमवार को बंद रहता है. राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि लोग सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे (अंतिम प्रवेश - शाम पांच बजे) के बीच उद्यान में जा सकते हैं. पहले, यह सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहता था.

### सेंट पीटर्सबर्ग में ड्रोन हमला एक इमारत क्षतिग्रस्त

**मॉस्को।** रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'आरआईए नोवोस्ती' के अनुसार सेंट पीटर्सबर्ग में हुए एक ड्रोन हमले में इमारत क्षतिग्रस्त हो गई. एजेंसी ने शहर की स्वास्थ्य देखभाल कमेटी की प्रेस सेवा का हवाला देते हुए कहा कि विस्फोट से इमारत के क्षतिग्रस्त होने के बाद छह लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई. 'द मैश' समाचार वेबसाइट ने कहा कि यूक्रेनी ड्रोन ने इमारत पर हमला किया. एसोसिएटेड प्रेस' इस दावे की पुष्टि नहीं कर सका है. वेबसाइट ने वीडियो प्रसारित की हैं, जो इमारत पर हमले के समय की लग रही हैं.

### बंगाल के नादिया में आयोजित सार्वजनिक रैली में दीदी पर गरजे पीएम मोदी, कहा-

# टीएमसी का अर्थ 'तू, मैं और करप्शन'

**भाषा। कृष्णानगर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि टीएमसी का अर्थ है 'तू, मैं और करप्शन (भ्रष्टाचार).' नादिया जिले के कृष्णानगर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते मोदी ने भाजपा की राज्य इकाई के लिए पश्चिम बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया.

उन्होंने यहां 'विजय संकल्प सभा' में उनके समर्थकों की भीड़ से कहा कि आप सब को इतनी बड़ी संख्या में यहां एकत्र देखकर मुझे यह कहने का आत्मविश्वास मिल रहा है कि 'राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार, 400 पार'. मोदी ने कहा कि टीएमसी अत्याचार, वंशवाद की राजनीति और विश्वासघात का पर्याय है. पश्चिम बंगाल के लोग राज्य सरकार के कामकाज के तरीके से निराश हैं.

**टीएमसी ने प. बंगाल की छवि खराब कर दी है :** पीएम ने कहा कि केंद्रीय योजनाओं को अपना बताने और भ्रष्टाचार एवं पक्षपात की संस्कृति को बढ़ावा देने को लेकर तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की.



मोदी ने कहा कि टीएमसी ने पश्चिम बंगाल की छवि खराब कर दी है. उसने हर योजना को घोटाले में बदलने में महारत हासिल कर ली है. वे केंद्रीय योजनाओं पर मुहर लगाते हैं और इसे अपना बता देते हैं. वे गरीबों से छीनने और उन्हें वंचित करने में संकोच नहीं करते.

### पीएम ने राज्य सरकार की उदासीनता पर जताया अफसोस

पीएम मोदी ने संदेशखाली में हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए पीड़ित महिलाओं की न्याय की गुहार के प्रति राज्य सरकार की उदासीनता पर अफसोस जताया. उन्होंने कहा कि चुनावी लाभ के लिए 'मां माटी मानुष' का नारा देने के बावजूद, टीएमसी प्रशासन पश्चिम बंगाल में माताओं और बहनों का कल्याण सुनिश्चित करने में विफल रहा है. प्रधानमंत्री ने कहा राज्य में अपराधी प्रशासन के निर्णयों पर अनुचित प्रभाव डालते हैं. उन्होंने संदेशखाली मामले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की गिरफ्तारी का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार नहीं चाहती थी कि संदेशखाली के अपराधी को गिरफ्तार किया जाए, लेकिन जब पश्चिम बंगाल की महिला शक्ति दुर्गा बनकर खड़ी हो गई और भाजपा कार्यकर्ता उनके साथ खड़े हुए तो राज्य सरकार को झुकने पर मजबूर होना पड़ा.

### पीएम बोले

- राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार, इस बार 400 पार
- टीएमसी वंशवाद की राजनीति का पर्याय है

### अपराधी तय करते हैं कि कब गिरफ्तार होना है

पीएम मोदी ने संदेशखाली की घटनाओं का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र की 'परेशान माताओं और बहनों' का समर्थन करने के बजाय राज्य सरकार ने आरोपियों का पक्ष लिया. संदेशखाली में महिलाओं ने कुछ तृणमूल नेताओं पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं. मोदी ने कहा कि माताएं-बहनें न्याय की गुहार लगाती रहीं, लेकिन टीएमसी सरकार ने उनकी एक नहीं सुनी. राज्य में हालात ऐसे हैं कि यहां अपराधी तय करते हैं कि उन्हें कब गिरफ्तार होना है.

### प. बंगाल में टीएमसी के 'तोलाबाजों' का नियंत्रण

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी के 'तोलाबाजों' (वसूली करने वालों) का नियंत्रण है और वे राज्य को अनुचित रूप से प्रभावित करते हैं तथा केंद्रीय योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधा डालते हैं. उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में भाजपा देश और प्रदेश में निवेश एवं रोजगार के असंख्य अवसर पैदा करेगी. इसे सुनिश्चित करने के लिए आपको लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित कर अपना योगदान देना होगा. पश्चिम बंगाल की सभी 42 सीट पर कमल खिलना चाहिए.

# पीपीपी के सरफराज बुगती बने बलूचिस्तान के नए सीएम

**भाषा। कराची**



पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सरफराज बुगती को शनिवार को अशांत बलूचिस्तान प्रांत का नया मुख्यमंत्री निर्विरोध चुन लिया गया. बुगती ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में पीपीपी के टिकट पर प्रांतीय विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए अंतरिम सरकार में कार्यवाहक गृह मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था. बुगती ने शुक्रवार को असेंबली के सचिव ताहिर शाह को अपना नामांकन पत्र सौंपा था. उन्हें पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का भी समर्थन प्राप्त है. शुक्रवार शाम पांच बजे तक किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया जिसके बाद बुगती को निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया गया. बुगती को नए मुख्यमंत्री के रूप में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा क्योंकि यह प्रांत अक्सर आतंकवाद और अलगाववादी हिंसा की चपेट में रहता है. आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के बाद पीपीपी बलूचिस्तान में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और प्रांत में पीएमएल-एन तथा बलूच आवामी पार्टी के साथ गठबंधन सरकार बनायी. बलूचिस्तान जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की अगुवाई वाली सरकार में 2018 से 2022 तक बलूचिस्तान में सूचना मंत्री भी रहे.

# गुजरात के सीएम अपने मंत्रिमंडल संग रामलला के दर्शन किए

**भाषा। अयोध्या**

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने अपने मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों के साथ शनिवार को अयोध्या स्थित नवनिर्मित मंदिर में श्री रामलला के दर्शन किए. मुख्यमंत्री पटेल ने कहा कि गुजरात के श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या में यात्री निवास बनेगा और इसके लिए राज्य के बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. श्री रामलला के दर्शन के लिए 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शनिवार सुबह महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विशेष विमान से पहुंचा. उप्र सरकार में कृषि मंत्री और अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही व भाजपा संगठन की तरफ से शैलेंद्र कोरी ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और अन्य मंत्रियों का स्वागत किया और उन्हें अंगवस्त्र भेंट किए.

### रामेश्वरम कैफे और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है पुलिस

# बेंगलुरु विस्फोट मामले में जांच तेज

**भाषा। बेंगलुरु**

कर्नाटक पुलिस ने यहां एक लोकप्रिय रेस्तरां में शुक्रवार को हुए कम तीव्रता के बम विस्फोट के मामले में जांच तेज कर दी है. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. इस विस्फोट में 10 लोग घायल हुए थे. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ब्रुकफील्ड क्षेत्र के रामेश्वरम कैफे और आसपास के सीसीटीवी कैमरों से संदिग्ध आरोपी की गतिविधियों की तस्वीरें मिली हैं. एक अधिकारी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि जो सुराग मिले हैं, उनकी मदद से हम अपराधी को पकड़ लेंगे.

### विस्फोट मामले में 4 लोग हिरासत में, पूछताछ जारी

बम विस्फोट के सिलसिले में पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है. पुलिस सूत्रों ने बताया कि मामले की जांच कर रही केंद्रीय अपराध शाखा के अधिकारी धारवाड़, हुब्बल्लि और बेंगलुरु से हिरासत में लिए गए चारों लोगों से विस्तार से पूछताछ कर रहे हैं.

### बेंगलुरु में विस्फोट के बाद दिल्ली सतर्क

**नयी दिल्ली।** बेंगलुरु के एक लोकप्रिय रेस्तरां में शुक्रवार को हुए विस्फोट के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है. अधिकारी ने बताया कि जिला पुलिस प्रमुखों को भीड़-भाड़ वाले इलाकों, खासकर दिल्ली के बाजारों में निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया गया है. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बाजार संघों को सतर्क रहने और कोई भी संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर स्थानीय पुलिस से संपर्क करने के लिए कहा गया है.

### सीएम ने बुलाई आपात बैठक

इस बीच, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने विस्फोट के मद्देनजर शनिवार को गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई है. सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने जांच शुरू कर दी है और इसके लिए सात से आठ दलों का गठन किया गया है. पुलिस के अनुसार, रेस्तरां में एक ग्राहक ने हाथ धोने की जगह के पास एक बैग छोड़ा, जिसमें टाइमर लगे आईईडी में विस्फोट हुआ. सूत्रों ने बताया कि बैग पकड़े संदिग्ध ने अपनी पहचान छिपाने के लिए टोपी और मास्क पहन रखा था.

### ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने की भावुक अपील, कहा-

# देश को तोड़ने में लगी हैं चरमपंथी ताकतें

**भाषा। लंदन**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक भावुक अपील करते हुए आगाह किया कि चरमपंथी ताकतें देश को तोड़ने और उसकी बहु-धार्मिक पहचान को कमजोर करने पर तुली हैं.

अपनी हिंदू मान्यताओं का हवाला देते हुए ब्रिटिश भारतीय नेता ने कहा कि ब्रिटेन के स्थायी मूल्य सभी धर्मों और जातियों के प्रवासियों को स्वीकार करने के हैं और उन्होंने प्रदर्शनकारियों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि चरमपंथी ताकतें शांतिपूर्ण प्रदर्शनों पर काबिज न हो जायें. सुनक



ने प्रधानमंत्री कार्यालय सह आधिकारिक निवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर एक भाषण में कहा कि जो प्रवासी यहां आये हैं, उन्होंने एकजुट होकर योगदान दिया है. उन्होंने हमारे देश की कहानी में एक नया अध्याय लिखने में मदद की है. उन्होंने अपनी पहचान छोड़े बिना ऐसा किया है. उन्होंने कहा कि आप हिंदू और गौरवान्वित ब्रितानी नागरिक हो सकते हैं जैसे कि मैं हूं या आप धर्मनिष्ठ मुस्लिम और एक देशभक्त नागरिक हो सकते हैं जैसे कि कई लोग हैं या एक समर्पित यहूदी और अपने स्थानीय समुदाय की जान हो सकते हैं तथा ये सभी हमारे स्थापित ईसाई गिरजाघर की सहिष्णुता पर आधारित है. लेकिन मुझे डर है कि दुनिया के सबसे सफल बहु-जातीय, बहु-धार्मिक वाले लोकतंत्र के निर्माण में हमारी महान उपलब्धि को जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है. देश में कुछ ऐसी ताकतें हैं जो हमें तोड़ने का प्रयास कर रही हैं.

### कॅरियर-काउंसिलिंग

# फोटोग्राफी का है शौक, तो ऐसे बना सकते अपना कॅरियर

**रजनीश प्रसाद। रांची**

फोटोग्राफर एक ऐसा प्रोफेशनल एक्स्पर्ट होता है, जिसका काम विशेष अवसरों पर तस्वीर खीचना है. हालांकि, कुछ लोगों को फोटो खींचने का शौक बचपन से ही होता है, लेकिन अगर कोई इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाने को इच्छुक हो तो उसे इससे संबंधित कोई कोर्स करना जरूरी है, जिससे कि वह अपना काम अच्छे तरीके से कर सके. जानकारी के लिए बता दें कि फोटोग्राफर फोटो खींचने के लिए विभिन्न तरह के कैमरा एवं उपकरणों का प्रयोग करते हैं, ताकि किसी भी ऑब्जेक्ट या व्यक्ति की तस्वीर बेहतरीन तरीके से ली जा सके.



### फोटोग्राफी में स्पेशलाइजेशन

- ट्रेवल फोटोग्राफी
- फैशन फोटोग्राफी
- वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी
- वेडिंग/इवेंट फोटोग्राफ
- प्रोडक्ट फोटोग्राफी
- फोटो जर्नलिज्म
- साइंटिफिक फोटोग्राफी
- स्पोर्ट फोटोग्राफी
- आर्किटेक्चरल फोटोग्राफी
- एरियल फोटोग्राफी

### फोटोग्राफी के प्रकार

- डस्केप फोटोग्राफी
- वन्यजीव फोटोग्राफी
- पोर्ट्रेट फोटोग्राफी
- फूड फोटोग्राफी
- शादी की फोटोग्राफी
- फैशन फोटोग्राफी
- साइंटिफिक/इंडस्ट्रियल फोटोग्राफी
- इवेंट फोटोग्राफी
- मेक्रो फोटोग्राफी
- अंडरवाटर फोटोग्राफी
- एस्ट्रो फोटोग्राफी
- एरियल फोटोग्राफी
- स्पोर्ट्स/एक्शन फोटोग्राफी
- स्ट्रीट फोटोग्राफी
- आर्किटेक्चरल फोटोग्राफी
- एब्स्ट्रैक्ट फोटोग्राफी
- कैंडिड फोटोग्राफी
- फोर्स्ड पर्सपेक्टिव फोटोग्राफी
- एचडीआर फोटोग्राफी
- लॉन्ग एक्सपोजर फोटोग्राफी
- मोबाइल फोटोग्राफी
- टिल्ट शिफ्ट फोटोग्राफी
- ट्रेवल फोटोग्राफी
- फोटो जर्नलिज्म
- स्टॉक फोटोग्राफी
- वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी

### लोकप्रिय फोटोग्राफी कोर्सेज

- डिप्लोमा इन फोटोग्राफी
- एसोसिएट डिग्री इन फोटोग्राफी
- डिप्लोमा इन प्रोफेशनल फोटोग्राफी
- बैचलर इन फोटोग्राफी
- बीए ऑनर्स इन फैशन फोटोग्राफी
- बीए ऑनर्स इन फोटो जर्नलिज्म
- डिप्लोमा इन कैमरा एंड लाइटिंग टेक्नीशियन
- बीए विजुअल आर्ट एंड फोटोग्राफी
- एमएफए इन फोटोग्राफी
- फाउंडेशन कोर्स इन वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी
- इंट्रोडक्टरी कोर्स इन वेडिंग फोटोग्राफी
- डिप्लोमा इन आर्ट फोटोग्राफी

### फोटोग्राफी के लिए भारतीय कॉलेज

- दिल्ली कॉलेज ऑफ फोटोग्राफी, नई दिल्ली
- द लाइट एंड लाइफ एकेडमी, ऊंटी
- कॉलेज ऑफ़ आर्ट यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली,नई दिल्ली
- मास कम्युनिकेशन रिसर्च सेंटर, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
- एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन, नोएडा
- आईआईपी अकादमी, दिल्ली
- – के अकादमी ऑफ फोटोग्राफिक आर्ट्स, तमिलनाडु
- विजुअल आर्ट्स फैकल्टी, बीएचयू




मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - दीपक कुमार अम्बष्ठ*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)